राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 262
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
सोमवार 04 अप्रैल 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334



मुख्य अपडेट

पेज 3 केजरीवाल के घर उपद्रव : दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में छापेमारी; सभी आरोपी फोन बंद करके फरार

पेज 5 शामली में कुट्टू का आटा खाने से महिला और बच्चों सहित 10 लोग बीमार हुए

पेज 7 अनुराग ठाकुर ने डोपिंग निरोधक परीक्षण को सशक्त करने के लिए नई दुर्लभ रासायनिक संदर्भ सामग्रियों को लॉन्च किया

## चंडीगढ़ पर 2 राज्यों में टकराव

### सीएम मनोहर ने 5 अप्रैल को हरियाणा विधानसभा का स्पेशल सत्र बुलाया

चंडीगढ़। चंडीगढ़ पर अधिकार को लेकर पंजाब और हरियाणा सरकार में टकराव बढ़ गया है। सीएम मनोहर लाल खट्टर ने 5 अप्रैल को हरियाणा विधानसभा का स्पेशल सत्र बुला लिया है। जिसमें चंडीगढ़ को लेकर प्रस्ताव पास किया जा सकता है। इस टकराव की शुरूआत पंजाब की सीएम भगवंत मान की अगुवाई वाली आप सरकार के विधानसभा में प्रस्ताव पास करने से हुई। जिसमें मान सरकार ने केंद्र से चंडीगढ़ पूर्ण तौर पर पंजाब को देने के लिए कहा है।



#### कैबिनेट मीटिंग के बाद फैसला

पंजाब विधानसभा में चंडीगढ़ पर अधिकार का प्रस्ताव पास होने के बाद मनोहर सरकार पर दबाव बढ़ गया था। इस प्रस्ताव के विरोध में सभी पार्टियां विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रही थी। जिसके बाद सीएम निवास पर कैबिनेट मीटिंग हुई। जिसमें स्पेशल सेशन बुलाने का फैसला हो गया।

#### सीएम मान के फैसले को एकतरफा करार दे चुके

हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर पंजाब के सीएम भगवंत मान के फैसले को एकतरफा करार दे चुके हैं। उनका कहना है कि हर मुद्दे का हल बातचीत से निकाला जा सकता है। इस तरह एकतरफा फैसला लेना निंदनीय है। अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान को हरियाणा से माफी मांगनी चाहिए। ऐसे फैसलों की लोकतंत्र में कोई जगह नहीं है। उनका कहना है कि चंडीगढ़ पंजाब और हरियाणा की संयुक्त राजधानी है और बनी रहेगी। इसके अलावा भी कई मुद्दे हैं, जिन पर बातचीत होनी चाहिए।

**चंडीगढ़ में केंद्रीय नियम के बाद बढ़ा बवाल**

**चंडीगढ़ पर अधिकार को लेकर पंजाब और हरियाणा में अक्सर तकरार रही है। इस वक्त यह बवाल चंडीगढ़ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे के बाद हुआ। शाह ने चंडीगढ़ के कर्मचारियों पर केंद्रीय सर्विस नियम लागू करने की घोषणा कर दी। अगले दिन इसका नोटिफिकेशन भी हो गया। जिसके बाद पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने स्पेशल सेशन बुलाकर विधानसभा में प्रस्ताव पास कर दिया।**

#### मान सरकार की बढ़ेगी मुश्किल

हरियाणा विधानसभा में सिर्फ चंडीगढ़ नहीं बल्कि हिंदी भाषी एरिया देने और सतलुज-यमुना लिंक नहर को लेकर भी मुद्दा उठ सकता है। अगर ऐसा हुआ तो फिर पंजाब सरकार की मुश्किल बढ़ सकती है। सतलुज-यमुना लिंक मुद्दा पंजाब में काफी संवेदनशील है। खट्टर भी कह चुके हैं अरविंद केजरीवाल पंजाब में पानी रोक रहे हैं और दिल्ली में मांग रहे हैं। इस पर उन्हें स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

## ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए इसे ईंधन लूट करार दिया। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने एक ट्वीट में कहा, मोदी जी का एक और गुड मॉर्निंग गिफ्ट। ईंधन लूट की ग्यारहवीं किस्त! पेट्रोल, डीजल की कीमत में 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई। पिछले 13 दिनों में 8 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई। लूट का लाइसेंस जारी है। सुरजेवाला की प्रतिक्रिया आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद आई है। दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 103.41 रूपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 94.67 रूपये है। पिछले महीने, कांग्रेस ने केंद्र से ईंधन और गैस सिलेंडर की कीमतों को उसी स्तर पर बहाल करने की मांग की।

**सीजेआइ ने सीबीआई पर उठाए थे सवाल**

## अब पिंजरे का तोता नहीं रह गई जांच एजेंसी : किरण रिजिजू

नई दिल्ली। केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सीबीआई अब पिंजरे का तोता नहीं है जो किसी के इशारे पर काम करती हो। उन्होंने कहा कि अब सबसे बड़ी आपराधिक जांच एजेंसी अपनी ड्यूटी पूरी करती है। उन्होंने कहा, एक समय था जब लोग कहते थे कि सत्ताधारी पार्टी सीबीआई का इस्तेमाल करती है। उन्होंने कहा, कुछ अधिकारियों की वजह से दिक्कत हुई थी लेकिन अब वे अधिकारी नहीं हैं।

रविवार को ट्वीट करके किरण रिजिजू ने कहा, सीबीआई अब पिंजरे का तोता नहीं है।

यह भारत की सबसे बड़ी जांच एजेंसी के रूप में अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करती है। उन्होंने सीबीआई के अधिकारियों के पहले कॉन्फ्रेंस का वीडियो भी शेयर किया। उन्होंने कहा, आज जो प्रधानमंत्री हैं, वह खुद ही



भ्रष्टाचार को खत्म करने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। बता दें कि 1 अप्रै को डीपी कोहली मेमोरियल लेक्चर में चीफ जस्टिस एवी रमना ने कहा था कि सीबीआई की विश्वसनीयता पर कुछ सवाल खड़े हुए हैं। कुछ मामलों में वक्त गुजरने के साथ सीबीआई की कार्रवाई या फिर निष्क्रियता सवालों के घेरे में आ गई।

उन्होंने यह भी कहा था कि सभी जांच एजेंसियों को एक छत के नीचे लाने के लिए स्वतंत्र संस्था बनाई जानी चाहिए।

**प्रयागराज में पूर्व विधायक के प्लाट पर चला बुलडोजर**

## माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ की 150 बीघा अवैध संपत्ति पर हुई कार्रवाई

प्रयागराज। प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने भू- माफिया के खिलाफ एक बार फिर से कार्रवाई तेज कर दी है। इसी के तहत आज माफिया अतीक अहमद के भाई पूर्व विधायक अशरफ की लगभग 150 बीघे से ज्यादा की अवैध प्लाटिंग पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने कारवाई करते हुए जमींदोज कर दिया।

दरअसल, प्रयागराज कौशाम्बी बॉर्डर पर रावतपुर गांव में बिना पीडीए के लेआउट पास कराए अवैध तौर पर प्लाटिंग की गई थी। अशरफ की इस जमीन पर अतुल दुवेद नाम का व्यक्ति प्लाटिंग का काम करता था। पीडीए सचिव अजीत कुमार सिंह का कहना है कि तीन दिन से लगातार कार्रवाई की जा रही है। आज पूर्व विधायक अशरफ की ओर से की गई अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया है।

शहर के बड़े भू-भाग पर बिना नक्शा के प्लाटिंग कर दी गई है। पीडीए ने ऐसे अवैध प्लाटिंग करने वाले क्षेत्रों की सूची तैयार की है। राजस्व विभाग से उन लोगों का नाम भी लिया जा रहा है, जिन्होंने बिना नक्शा पास कराए ही प्लाटिंग कर लिया है। या फिर प्लाटिंग करने का प्रयास कर रहे हैं।

**अब दर्ज होगा एफआईआर**

पिछले 3 दिनों से झलवा क्षेत्र में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। दो दिनों में माफिया अतीक अहमद के करीबियों सहित करीब दर्जन भर लोगों से 250 बीघा से अधिक जमीन में हुई प्लाटिंग की दीवार को तोड़ा जा चुका है। अब प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से इन सभी के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई जाएगी।

## 13 दिन में 8 रुपए महंगे हुए पेट्रोल-डीजल

**राजस्थान के गंगानगर में 120 रुपए लीटर के पार निकला पेट्रोल, आने वाले दिनों में 12 रुपए तक और बढ़ सकते हैं दाम**

एजेंसी

नई दिल्ली। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फिर एक बार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राजधानी दिल्ली में आज यानी रविवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 80-80 पैसे की बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही यहां 1 लीटर पेट्रोल 103.41 रुपए और डीजल 94.67 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है।



#### 13 दिन में 8 रुपए महंगे हुआ पेट्रोल-डीजल

22 मार्च से अब तक यानी 13 दिन में ही दिल्ली में पेट्रोल-डीजल 7 रुपए 96 पैसे लीटर तक महंगा हो चुका है। 21 मार्च को पेट्रोल 95.45 रुपए प्रति लीटर पर था। लेकिन इसके बाद से अब तक यानी सिर्फ 13 दिनों में ही पेट्रोल 7 रुपए 96 पैसे महंगा होकर 103.41 रुपए पर आ गया है। वहीं डीजल भी 7 रुपए 96 पैसे महंगा होकर 94.67 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है।

#### अभी और बढ़ सकते हैं दाम

क्रिसिल रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के नुकसान की भरपाई के लिए पेट्रोल-डीजल की कीमत में 15 से 20 रुपए का इजाफा करने की जरूरत थी। इस लिहाज से देखें तो पेट्रोल-डीजल की कीमत में अभी और 12 रुपए की बढ़ोतरी हो सकती है।

#### आप 100 रुपए कीमत चुकाते हैं, इसमें 52 रुपए सरकार की जेब में

आज जब आप 100 रुपए का पेट्रोल डलवाते हैं तो इसमें से 52 रुपए टैक्स के रूप में सरकार की जेब में जाता है। इससे आम लोगों की जेब खाली हुई, वहीं, सरकार का खजाना तेजी से भरता गया।

#### टैक्स के बाद दोगुने महंगा हो जाता है पेट्रोल

पेट्रोल के बेस प्राइस पर जो अभी 53 रुपए के करीब है, इस पर केंद्र सरकार 27.90 रुपए एक्साइज ड्यूटी वसूल रही है।

इसके बाद राज्य सरकारें इस पर अपने हिसाब से वैट और सेस वसूलती हैं, जिसके बाद इनका दाम बेस प्राइस से 2 गुना तक बढ़ गया है। ऐसे में बिना टैक्स में राहत दिए पेट्रोल के दाम कम कर पाना मुमकिन नहीं है।

## देश में 4.25 करोड़ हुई कोरोना को मात देने वालों को संख्या

**देश में इस अवधि के दौरान इस संक्रमण के कारण 81 लोगों ने जान गंवाई**

नयी दिल्ली। देश में कोरोना वायरस को मात देने वालों की संख्या करीब 4.25 करोड़ हो गयी है। वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 के 1,096 नए मामले सामने आए हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक देश में 184 करोड़ 66 लाख 86 हजार 260 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के एक हजार 096 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश के विभिन्न अस्पतालों में उचार करवा रहे कोरोना रोगियों की संख्या 13 हजार 013 रह गयी है ।यह संक्रमित मामलों का 0.03 प्रतिशत है।

मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में एक हजार 447 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 24 लाख 93 हजार 773 लोग कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने वालों की दर 98.76 प्रतिशत है। वहीं, देश में इस अवधि के दौरान इस संक्रमण के कारण 81 लोगों ने जान गंवाई है, जिसके बाद मृतकों की संख्या 5,21,345 है। इस समय देश में कोरोना से होने वाली मौतों की मृत्यु दर 1.21 फीसदी है।



केरल में पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामलों में 215 की कमी आने के बाद इनकी संख्या घटकर 3673 रह गई। वहीं, 472 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 6461693 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 68066 हो गया है।

कर्नाटक में सक्रिय मामले 45 घटकर 1558 हो गए हैं। इस दौरान 79 मरीजों के ठीक होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 3903998 हो गई है। वहीं राज्य में मृतकों का आंकड़ा 40054 है।

असम में इस दौरान सक्रिय मामलों की संख्या एक घटकर 1349 हो गई है तथा इस महामारी से मुक्त होने वालों की कुल संख्या 716208 तक पहुंच गई है, वहीं मृतकों का आंकड़ा 6639 पर स्थिर रहा।

पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में 59 सक्रिय मामले घटने से इनकी संख्या 998 हो गयी है। इस दौरान राज्य में 178 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 223070 हो गई है। वहीं, राज्य में मृतकों का आंकड़ा 686 पर पहुंच गया है।

महाराष्ट्र में इस दौरान 26 सक्रिय मामले बढ़ने के साथ इनकी संख्या 937 हो गई है। इस दौरान राज्य में 102 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 7725553 हो गई है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 147787 हो गया है। पश्चिम बंगाल में इस दौरान सक्रिय मामले एक बढ़कर 601 रह गए हैं तथा मृतकों का आंकड़ा 21197 पर स्थिर है। राज्य में 1995661 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। पर्वतीय राज्य उत्तराखंड में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या तीन घटकर 493 हो गई है और राज्य में अभी तक 429073 लोग इस जानलेवा वायरस से निजात पा चुके हैं। मृतकों का आंकड़ा 7692 पर स्थिर है ।राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस दौरान कोरोना के सक्रिय मामले 26 बढ़कर 509 हो गए हैं।

## योगी के गढ़ में 1 महीने तक चलेगा बुलडोजर, अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर शुरू हुआ एक्शन

**गोरखपुर।** यूपी में योगी-2 शासन शुरू होते ही गोरखपुर में जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। सीएम सिटी को जाम से मुक्ति दिलाने से लेकर विभागों ने अवैध निर्माण पर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। जीडीए और नगर निगम के बाद अब गीडा व आवास विकास परिषद ने भी अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाना शुरू कर दी है। गीडा व परिषद ने अवैध निर्माण की सूची तैयार करनी शुरू कर दी है।

#### 16 रूटों पर चलेगा बुलडोजर

वहीं, जाम से निपटने के लिए शहर के 16 रूटों को चिन्हित किया गया है। इन रूट्स पर अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस सहित मजिस्ट्रेट की संयुक्त टीम भी बनाई गई है।

जो रोजाना अलग- अलग इलाकों में अतिक्रमण हटाने का काम कर रही है। इसके लिए डीएम विजय किरन आनंद की अध्यक्षता में डेवलपमेंट प्लान, मोबिलिटी प्लान रोड, पार्किंग स्थल, पब्लिक ट्रांसपोर्टेशन प्लान सहित ट्रैफिक के लिए प्लान तैयार किया गया है।



#### अवैध निर्माणों पर कल से चलेगा बुलडोजर

जबकि आवास विकास परिषद ने अपनी योजनाओं में अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण को चिह्नित करना शुरू कर दिया है। परिषद द्वारा सूरजकुंड योजना के अंतर्गत भूखंड संख्या 15/1 पर किए गए निर्माण को अवैध बताया गया है। 4 अप्रैल सोमवार को इस निर्माण पर आवास विकास परिषद का बुलडोजर चलेगा।

अधिशासी अभियंता अभिषेक वर्मा की अपील पर डीएम ने अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम को मजिस्ट्रेट नामित किया है।

#### अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण हो रहे चिन्हित

आवास विकास परिषद की कई योजनाओं में कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा करने की शिकायत मिल रही है। इसी तरह की शिकायत की जांच के दौरान सूरजकुंड में अवैध निर्माण मिला है।

महानगर के शाहपुर, सूरजकुंड, महादेव झारखंडी, विकास नगर, बेतियाहाता पूर्वी, बेतियाहाता दक्षिणी, कोर्ट्स आफ याई्स आदि आवासीय योजनाओं में अवैध निर्माण व अवैध कब्जा को चिह्नित करने के लिए जांच की जा रही है।

बिना मानचित्र स्वीकृत कराए ही निर्माण कराने के मामलों की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

यह मामले जिला प्रशासन के संज्ञान में लाए जाएंगे। अधिशासी अभियंता अभिषेक वर्मा ने बताया कि अवैध निर्माण एवं अवैध कब्जों को प्रशासन के सहयोग से ध्वस्त किया जाएगा।

#### खाली हुई संपत्तियों की होगी नीलामी

अधिशासी अभियंता ने बताया कि ध्वस्तीकरण के बाद रिक्त हुई संपत्तियों की ई नीलामी होगी। ई नीलामी की प्रक्रिया संपत्ति प्रबंधक सूरजकुंड स्थित कार्यालय में होगी। जरूरतमंद लोग यहां आवेदन कर ई नीलामी की प्रक्रिया में शामिल होकर बोली लगा सकते हैं।

**जम्मू में बोले आरएसएस चीफ मोहन भागवत**

## वह दिन बहुत करीब जब कश्मीरी पंडित अपने घरों में वापस लौटेंगे

श्रीनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कश्मीरी पंडितों के जल्द घाटी में लौटने की बात कही है। भागवत ने उम्मीद जताई कि आतंकवाद की शुरुआत के बाद 1990 के दशक में अपने घरों से विस्थापित हुए कश्मीरी पंडित जल्द ही घाटी में वापस लौट आएंगे। भागवत ने जम्मू में नवरेह समारोह के आखिरी दिन वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कश्मीरी हिंदू समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह दिन बहुत करीब है जब कश्मीरी पंडित अपने घरों में वापस आएंगे और मैं चाहता हूं कि वह दिन जल्द आए।

भागवत ने कहा कि विवेक अग्निहोत्री निर्देशित द कश्मीर फाइल्स ने कश्मीरी पंडितों की सच्ची तस्वीर और 1990 के दशक में कश्मीर घाटी से उनके पलायन का खुलासा किया है। विवेक अग्निहोत्री निर्देशित द कश्मीर फाइल्स 11 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, इसमें अनुपम खेर, मिथुन चक्रवर्ती, पल्लवी जोशी, दर्शन कुमार और अन्य एक्टर्स शामिल हैं। फिल्म ने देश में पॉलिटिकल स्पेक्ट्रम का तेजी से ध्रुवीकरण किया है।

#### कश्मीरी पंडितों को अपने वतन लौटने का लेना चाहिए संकल्प

आरएसएस प्रमुख ने कहा, आज हर भारतीय कश्मीरी पंडितों के पलायन की सच्चाई के बारे में जानता है।

यही वह समय है जब कश्मीरी पंडितों को अपने घरों में इस तरह वापस जाना है कि वे भविष्य में फिर कभी नहीं उखड़ें। उन्होंने यह भी कहा कि कश्मीरी पंडितों को अपने वतन लौटने का संकल्प लेना चाहिए, ताकि जल्द ही हालात बदल सकें।

**रेव पार्टी** — **मेगास्टार चिरंजीवी की भतीजी और ऐक्टर नागा बाबू की बेटी निहारिका भी हिरासत में**

## हैदराबाद : रेव पार्टी का भंडाफोड़, हिरासत में लिए गए 142 लोग

एजेंसी

**हैदराबाद।** हैदराबाद में एक रेव पार्टी का भंडाफोड़ हुआ और लगभग 142 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसमें कई वीआईपी और ऐक्टर, राजनेताओं के बच्चे भी शामिल हैं। बंजारा हिल्स इलाके के एक फाइव स्टार होटल में हैदराबाद पुलिस की टास्क फोर्स टीम ने एक पब में नशे की पार्टी का भंडाफोड़ किया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां से पुलिस ने कोकीन और वीड जैसी प्रतिबंधित नशे की सामग्री बरामद की है। मेगास्टार चिरंजीवी की भतीजी और ऐक्टर नागा बाबू की बेटी निहारिका कोनिडेला को भी यहां से हिरासत में लिया गया है।



हालांकि नागाबाबू ने एक वीडियो जारी करके कहा है कि उनकी बेटा का नशे से कोई लेना देना नहीं है। पहले पुलिस इस बारे में जानकारी नहीं दे रही थी लेकिन एक वीडियो वायरल होने के बाद निहारिका के भी हिरासत में लिए जाने की बात बतानी पड़ी।

बिग बॉस तेलुगु रियलिटी शो के तीसरे सीजन के विनर सिंगर राहुल सिपलिगुंज भी हिरासत में लिए जाने वाले लोगों में शामिल हैं।

खास बात यहा है कि हैदराबाद पुलिस ने जो 12 फरवरी को नशे के खिलाफ गाना लॉन्च किया था उसे राहुल सिपलिगुंज ने ही गाया था।

इन लोगों में आंध्र प्रदेश के बड़े पुलिस अधिकारी की बेटी भी शामिल थी। इसके अलावा तेलुगुदेसम पार्टी के सांसद का बेटा भी रेव पार्टी में पहुंचा था।

तेलंगाना के कांग्रेस नेता अंजन कुमार यादव ने कहा कि कि उनका बेटा पब में एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने गया था। उन्होंने कहा कि उनके बेटे को गलत तरीके से फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर में सारे पब ही बंद करवा देना चाहिए।

बंजारा हिल्स के एसएचओ शिवा चंद्र को इस लापरवाही के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। उनकी जगह टास्क फोर्स से के नागेश्वर राव को तैनात किया गया है।

बता दें कि कुछ दिनों से पुलिस ने नशे के खिलाफ अपना अभियान तेज किया है। हाल ही में ड्रग ओवरडोज की वजह से इंजिनियरिंग के एक स्टूडेंट की मौत हो गई थी।

नई दिल्ली
सोमवार 04 अप्रैल 2022
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### नासिक के पास बड़ा रेल हादसा, जयनगर एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरे

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के नासिक के पास रविवार को ट्रेन हादसा हो गया। लाहवित और देवलाली के बीच 11061 एलटीटी-जयनगर एक्सप्रेस के करीब 10 डिब्बे पटरी से उतर गए। मध्य रेलवे के सीपीआरओ के मुताबिक यह हादसा करीब 3.10 बजे डाउन लाइन पर लाहवित और देवलाली (नासिक के पास) के बीच हुआ। जिसमें ट्रेन के कुछ डिब्बे पटरी से उतर गए। घटना के बाद दुर्घटना राहत ट्रेन और मेडिकल वैन मौके पुहंच चुकी है। हालांकि, हादसे में अभी तक किसी भी यात्री की जान जाने की खबर नहीं है। बताया जा रहा है कि हादसे में कुछ यात्रियों को चोटें आ सकती हैं। फिलहाल मौके पर मेडिकल ट्रेन को रवाना कर दिया गया है। यह हादसा कैसे हुआ इसका पता नहीं चल पाया है।

### टीआरएस सरकार ड्रग तस्करी को रोकने में विफल

हैदराबाद। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) राष्ट्रीय युवा मोर्चा के कार्यकारी सदस्य सोलंकी श्रीनिवास ने रविवार को आरोप लगाया कि तेलंगाना राष्ट्र समिति(टीआरएस )की सरकार मादक पदार्थों की तस्करी और खपत को रोकने में पूरी तरह से विफल रही है। श्रीनिवास ने यहां भाजपा के राज्य मुख्यालय में आज तड़के हैदराबाद में एक रेव पार्टी का भंडाफोड़ करने के लिए टास्क फोर्स को बधाई देते हुए कहा कि इस घटना ने भाजपा के इस आरोप को साबित कर दिया है कि टीआरएस के शासन में हैदराबाद नशीले पदार्थों और अवैध दवाओं का केंद्र बनता जा रहा है। यह कहते हुए कि राज्य सरकार पिछले अनुभवों से सबक सीखने और नशीले पदार्थों की आपूर्ति पर रोक लगाने में पूरी तरह से विफल रही है, श्रीनिवास ने सवाल किया कि क्या यही सोने की तेलंगाना है जैसा कि मुख्यमंत्री ने दावा किया है। यह कहते हुए कि राज्य सरकार ड्रग तस्करी और नशीले पदार्थों के सेवन को रोकने में पूरी तरह से विफल रही है श्रीनिवास ने कहा कि राज्य सरकार ने उस ड्रग केस का निपटारा नहीं किया है, जो पहले सनसनी पैदा कर चुका है। उन्होंने सरकार से ड्रग तस्करों और इसके खरीददारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

### सरयू में नहाते वक्त मासूम के डूबने से मौत

नैनीताल/ बागेश्वर। उत्तराखंड के बागेश्वर में रविवार को सरयू नदी में नहाते समय छह साल की एक मासूम की डूबने से मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के बरेली बहेड़ी निवासी व हाल निवासी कत्यूर बाजार, बागेश्वर चंद्रपाल शर्मा की छह साल की मासूम बेटी कल्पी अपने परिजनों के साथ सरयू नदी में नहाते वक्त ब्रह्मकपाली पत्थर के समीप नहाते वक्त यकायक लापता हो गई। इससे परिजनों में हड़कंप मच गया। उसकी तलाश की गयी। कुछ देर बाद उसका पता चला और उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। यहाँ बताया जा रहा है कि शनिवार को भी सरयू नदी में हादसा होने से बच गया जब नहाते वक्त बमुश्किल एक युवक की जान बच पायी। लोगों ने डूब रहे युवक को किसी तरह बचा लिया।

### संपत्ति कर बढ़ाये जाने के विरोध में अन्नाद्रमुक करेगी राज्यव्यापी प्रदर्शन

चेन्नई। तमिलनाडु में द्रमुक सरकार के संपत्ति कर बढ़ाने के फैसले के विरोध में अन्नाद्रमुक पांच अप्रैल को राज्यव्यापी प्रदर्शन करेगी। अन्नाद्रमुक द्वारा यहां रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अन्नाद्रमुक के शीर्ष नेताओं ओ पनीरसेल्वम और के पलानीस्वामी के नेतृत्व में चेन्नई और तिरुचि में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व मंत्रियों और सांसदों द्वारा अपने-अपने जिलों में विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। गौरतलब है कि15वें केंद्रीय वित्त आयोग द्वारा विभिन्न योजनाओं से केंद्रीय फंड में राज्यों को उनका हिस्सा दिये जाने के संबंध में जारी दिशानिर्देशों के तहत राज्य की द्रमुक सरकार ने सम्पत्ति कर में इजाफे की घोषणा शनिवार को की थी।

### पूर्व आईपीएस अधिकारी राव आप में होंगे शामिल

**बेंगलुरु।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी भास्कर राव, जो शहर के पुलिस आयुक्त के रूप में सेवानिवृत्त हुए, राजनीति में शामिल होने के लिए तैयार हैं। राव के सोमवार को आम आदमी पार्टी पार्टी में आधिकारिक रूप से शामिल होने की उम्मीद है। बेंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त से स्थानांतरित होने के बाद, उन्होंने सरकार को स्व-सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन किया। राज्य सरकार ने कल आवेदन को मंजूरी दे दी थी। राव कल शाम तक दिल्ली में उप मुख्यमंत्री एवं आप के नेता मनीष सिसोदिया से मुलाकात करेंगे। वह बाद में मुख्यमंत्री अरविंद केंजरीवाल से भी मुलाकात करेंगे। कहा जा रहा है कि उसके बाद भास्कर राव आधिकारिक तौर पर आप में शामिल हो जायेंगे। इसके बाद श्री राव के आप में शामिल होने की औपचारिक घोषणा की जाएगी।

### केन्द्र सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से किसानों की आमदनी बढ़ाने का कर रही है काम : तोमर



**बाड़मेर।** केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने केंद्र सरकार को किसानों एवं पशुपालकों के कल्याण को लेकर प्रतिबद्ध बताते हुए कहा है कि वह विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उनकी आमदनी बढ़ाने को लेकर काम कर रही है। तोमर बाड़मेर जिले के तिलवाड़ा में चल रहे श्री मल्लीनाथ पशु मेले में मुख्य समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि तिलवाड़ा मेला आमजन की श्रद्धा के साथ किसानों एवं पशुपालकों की समृद्धि का भी बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि वीरों की धरती बाड़मेर पहुंच कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और मालानी के जन-जन में वीर मल्लीनाथ जी की वीरता और शौर्य परिलक्षित हो रहा है। उन्होंने कहा कि यहां के किसानों में पशु पालकों ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपनी मेहनत एवं नवाचारों के साथ देश के सामने हमेशा मिसाल पेश की है। इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को बीमा पॉलिसी मिलना उनके लिए लाभप्रद होने के साथ क्षतिपूर्ति प्राप्त करने व शिकायत करने की प्रक्रिया में भी सुविधा मिलेगी। किसानों को अप्रत्याशित मौसम और प्राकृतिक आपदा से उत्पन्न होने वाली हानि को कम करने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बीमा फसल योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करके उनकी आय को सुनिश्चित करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इसी तरह केंद्रीय पशुपालन राज्यमंत्री डॉ संजीव बालियान ने कहा कि कृषि विभाग के साथ पशु पालन और दुग्ध उत्पादन को भी मज़बूत करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों एवं पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। साथ ही देश में पशुधन का प्रबंधन करने वाले किसानों के लिए नवाचारों को बढ़ावा दिया जा रहा है। केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि वरिष्ठ मंत्रियों के आगमन से निश्चित रूप से मेले की सकारात्मक छवि पूरे देश भर में फैलेगी और पशुपालकों का उत्साहवर्धन होगा। उन्होंने कहा कि जन-जन की आस्था का प्रतीक श्री मल्लीनाथ पशु मेला केवल श्रद्धा ही नहीं समृद्धि का भी बड़ा माध्यम है। इस मौके श्री चौधरी ने श्री तोमर को रेगिस्तान के जहाज के रूप में प्रसिद्ध एवं राजस्थान के राज्य पशु ऊंट की सवारी कराकर देश भर में प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक श्री मल्लीनाथ जी पशु मेला की भव्यता का दर्शन कराया। मंत्रियों ने मेले में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से लगाई गई देश की सबसे विशाल कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कार्यक्रम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कार्यक्रम में लाभार्थी किसानों को मेरी पॉलिसी मेरे हाथ वितरित की गई तथा पशुपालकों को उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कार वितरित किए गए।

# बीरभूम हिंसा : टीएमसी नेता के हत्यारोपी के घर सीबीआई की छापेमारी, मिट्टी में दबे मिले बम



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के बीरभूम में हिंसा को लेकर सीबीआई की टीम के हाथ बड़ी सफलता मिली है। जानकारी मिली है कि टीएमसी नेता भादू शेख की हत्या के आरोपी के घर के पास बम बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि ये बम मिट्टी के अंदर दबाए गए थे। सीबीआई की टीम ने सूचना पर बगतुई गांव में रेड मारी थी।

पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर सीबीआई और बम निरोधक दस्ते की एक टीम ने घटनास्थल पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान स्थानीय बोरोशल ग्राम पंचायत के उपप्रमुख भादू शेख की हत्या के आरोपी पलाश शेख के घर के पास मिट्टी में दबे बम बरामद हुए। पलाश का घर गांव के प्रवेश द्वार पर है और हाल ही में बीरभूम की घटना के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत कई शीर्ष अधिकारी गांव का दौरा कर चुके हैं।

गौरतलब है कि बंगाल के बीरभूम जिले के रामपुरहाट गांव में हाल ही में करीब एक दर्जन घरों में आग लगा दी गई थी, जिसमें दो बच्चों सहित कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई थी। यह घटना टीएमसी पंचायत नेता भादू प्रधान की कथित हत्या के तुरंत बाद हुई, जिस पर एक दिन पहले अज्ञात हमलावरों ने देसी बम से हमला किया था।

इस बीच, मामले की जांच कर रही सीबीआई टीम अब नौ आरोपियों का फोरेंसिक मनोवैज्ञानिक परीक्षण करेगी क्योंकि उनके बयान मेल नहीं खा रहे हैं। इसके लिए सीबीआई ने रविवार को कोर्ट में अर्जी दी है।

# शुक्रवार से लापता केबल ऑपरेटर का गोलियों से छलनी शव मिला

कलायत। हरियाणा में शुक्रवार से लापता एक केबल नेटवर्किंग का काम करने वाले मिस्त्री का शव नरवाना सिरसा ब्रांच नहर के किनारे रविवार को मिला।

पुलिस के अनुसार मनोज शर्मा की छाती व कमर पर गोलियां लगी हैं। रविवार सुबह सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए कैथल के नागरिक अस्पताल में भेजा गया।

थाना प्रभारी बलदेव सिंह ने बताया कि कस्बा सीवन के रहने वाले मनोज शर्मा लंबे समय से कलायत में रहकर केबल नेटवर्क का कार्य कर रहे थे। कल मोनिका शर्मा ने अपने पति के लापता होने की शिकायत कलायत थाने में दर्ज करवाई गई थी। पुलिस इस बीच लगातार फोन लोकेशन ट्रेस कर मनोज की खोजबीन में लगी थी।

आज सुबह उन्हें सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव नरवाना सिरसा ब्रांच नहर में मिला है। जांच में पुष्टि हुई कि यह मनोज शर्मा का शव है।

श्रीमती शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को उनके पति उगाही करने के लिए घर से गए थे और रात नौ बजे उनकी फोन पर बात हुई थी। उनके पति ने बताया था कि वह थोड़ी देर में घर आ रहे हैं। रात ग्यारह बजे के करीब मनोज के एक दोस्त ने श्रीमती शर्मा से फोन कर पूछा कि मनोज घर लौटा या नहीं। इस पर दोस्त ने बताया कि मनोज की तीन चार लोगों से बहस हो गई थी।

# पंजाब में सड़क हादसा, पुलिसकर्मी समेत दो की मौत

एजेंसी

होशियारपुर। पंजाब के होशियारपुर में रविवार को दोपहर एक कार के एक मोटर साइकल को ठोकर मारने के बाद एक ट्रक से टकरा जाने के कारण हुई दुर्घटना में एक पुलिसकर्मी समेत दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।

पुलिस ने बताया कि सहायक उप पुलिस निरीक्षक (एएसआई) गुरदियाल सिंह हर्षित केहरा के साथ जहां खेलां स्थित पुलिस रिक्रुट्स ट्रेनिंग सेंटर पर ड्यूटी समाप्त करने के बाद बाईक पर लौट रहे थे जब बजवारा में ऊना रोड के निकट एक सामने की दिशा से आ रही एक कार ने पहले उनकी बाईक को टक्कर मार दी और फिर बजवारा की दिशा से आ रहे ट्रक से टकराई। दुर्घटना में घायल एएसआई, केहरा, अर्जुन एरी, राकेश कुमार रितेश और रविंदर सिंह को स्थानीय सरकारी अस्पताल में ले जाया गया लेकिन गंभीर अवस्था को देखते हुए उन्हें बड़े स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर किया गया।

# कश्मीर में लश्कर आतंकवादियों के पांच सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू -कश्मीर पुलिस ने केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में दो अलग-अलग स्थानों पर लश्कर-ए-तैयबा (लश्कर ) के आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करके पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया।

पुलिस ने एक बयान जारी करके कहा कि एक खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम ने जम्मू -कश्मीर के बांदीपोरा जिले में आतंकवादी संगठन लश्कर के चार सहयोगियों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान अस्झटंगू निवासी इरफान अहमद भट, काजीपोरा के इरफान अहमद जान, बांदीपोरा के अरिन इलाके के रहने वाले सजाद अहमद मीर और शरीक अहमद मीर के रूप में हुई है।

पुलिस ने कहा कि इनके पास से चीन निर्मित तीन ग्रेनेड और अन्य आपत्तिजनक सामग्रियां बरामद की गई हैं। पुलिस ने कहा, शुरुआती जांच से पता चला है कि चारों आतंकवादी बांदीपोरा इलाके में सक्रिय आतंकवादियों को सिम कार्ड और साजो-सामान मुहैया कराने के काम में शामिल थे।

इस संबंध में बांदीपोरा पुलिस स्टेशन में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ रख हाजिन की एक चौकी पर आतंकवादियों के एक और सहयोगी को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान हाजिन निवासी इरफान अजीज भट के रूप में हुई है और उसके पास से भी चीन निर्मित एक ग्रेनेड बरामद किया गया है। पुलिस ने कहा, शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार आतंकवादी एक पाकिस्तानी आतंकवादी उमर लाला का करीबी है। उसे हाजिन में आतंकवादी गतिविधियां चलाने का निर्देश दिया जाता था। इसके साथ ही वह हाजिन से ताल्लुक रखने वाले आतंकवादी सलीम पारे के संपर्क में भी था। हाजिन के पुलिस स्टेशन में कानून की संबंधित धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

# विषैले कुट्टू आटे खाने से 72 लोग बीमार, जांच के आदेश



देहरादून। उत्तराखंड के हरिद्वार जिले में विषैले कुट्टू के आटा से बने पकवान खाने वाले 72 लोगों को बीमार होने के कारण अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ा है। जिला प्रशासन ने सम्बंधित अधिकारियों को मामले की जांच के दिये हैं।

जिला अधिकारी विनय शंकर पांडेय ने रविवार को बताया कि शनिवार शाम कांगड़ी क्षेत्र के कई घरों में उपवास के कारण कुट्टू के आटे से पकवान बनाये गये। यह आटा विषैला हो जाने के कारण लोगो को फूड प्वाइजनिंग की शिकायत हो गई। इस पर उन्हें स्थानीय अस्पतालों में परिजनों द्वारा भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि आज इसकी जानकारी मिलने पर वह खुद अस्पतालों में गये और पीड़ितों को देखा।

उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं कि वह विषैले कुट्टू आटे को बेचने वालों की पड़ताल करने के साथ, जहां से यह आटा आया है, उसकी जांच के साथ कठोर कार्यवाही करें।

उधर सूचना मिलने के बाद, हरिद्वार ग्रामीण के पूर्व विधायक स्वामी यतीश्वरानंद कांगड़ी के एक निजी अस्पताल में पहुंचे।

उन्होंने लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी, सीएमओ के साथ जिला खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को मामले में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खराब गुणवत्ता का आटा सप्लाई करने वालों पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिये। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में भर्ती लोगों के स्वास्थ्य में सुधार है।

उन्होंने जिला प्रशासन से कहा कि गांवों में जाकर मेडिकल टीम लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी लें, ताकि खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता की जांच करने के उपरांत ही आटा सप्लाई हो सके।

प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि अभी तक कुल 72 पीड़ितों की जानकारी मिली है। सभी की स्थिति खतरे से बाहर है।

# गुजरात में प्रचार से पहले मान पंजाब में किये चुनावी वादे पूरे करें : चुघ

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने रविवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को सलाह दी कि गुजरात जाकर प्रचार करने से पहले यहां विधानसभा चुनाव से पहले लोगों से किये वादे पूरे करें।

चुघ ने यहां जारी बयान में आरोप लगाया कि चुनाव प्रचार में पंजाबवासियों को बड़ी-बड़ी लोक लुभावन घोषणाओं से 'गुमराह करने वाले' श्री मान प्रदेश में 'विफल' साबित हो रहे हैं और अपने राजनीतिक आका (आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल) को संतुष्ट करने के लिए गुजरात में चुनाव प्रचार के लिए पहुंच गए।

चुघ ने आरोप लगाया कि आप ने सरकार बनते ही हर घर में मुफ्त 300 यूनिट बिजली, हर महिला को एक हजार रुपये आदि जैसे वादे किये थे और सरकार बनने के बाद चंडीगढ़ जैसे मुद्दे बनाकर केवल अपने राजनीतिक'दिवालियेपन'का प्रदर्शन कर रही है।

# रिटायर्ड दरोगा बनकर रह रहा दस नंबरी बाप, गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड के उधमसिंह नगर में पुलिस ने दस साल से फरार उस दस नंबरी बाप को गिरफ्तार कर लिया जिसने अपने दो बेटों को अपराध से बचाने के लिए अदालत की आंखों में धूल झोंकने की भरसक कोशिश की। वह हालांकि, अपनी चाल में सफल नहीं हो पाया और यहीं से दस हजार का इनामी अपराधी बन गया। यह कहानी है मूल रूप उप्र के कासगंज, ढोलना के चकेरी गाँव के रहने वाले अनिल कुमार उर्फ खुशालपाल सिंह की। उधमसिंह नगर के रुद्रपुर में रहते हुए आरोपी के तीन बेटों लोकेन्द्र, कपिल व जितेन्द्र ने ट्रांजिट कैम्प थाना के होली चौक के पास अपने एक साथी दीपक बिष्ट के साथ मिलकर दो लोगों को चाकुओं से बुरी तरह से गोद दिया। इनमें से गौरव अरोड़ा की मौत हो गयी थी जबकि मनोज पंत को 186 टांके आये थे।

उधमसिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टीएस मंजूनाथ ने रविवार को रूद्रपुर में इस मामले पर से पर्दा उठाते हुए कहा कि पुलिस ने इस घटना के बाद मामला दर्ज कर चारों आरोपियों को जेल भेज दिया। शातिर दिमाग अनिल कुमार सिंह उर्फ खुशालपाल सिंह ने यहीं से चाल चली और अपने दो बेटों कपिल व जितेन्द्र को अपराध से बचाने के लिये फर्जी दस्तावेज तैयार कर नाबालिग घोषित कर दिया। हालांकि अदालत में उसकी पोल खुल गयी और दस्तावेजों के परीक्षण के बाद वह अपनी चाल में सफल नहीं हो पाया। इसके बाद किशोर न्याय बोर्ड की ओर से आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468 व 471 में रुद्रपुर के पंतनगर थाना में सन् 2012 में दो अभियोग पंजीकृत किये गये। आरोपी तभी से फरार था और लगातार पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था।

# कर्मचारियों ने सरकार से की समय बदलने की अपील

कलबुर्गी। सरकार गर्मियों और अप्रैल में हुए दंगों के दौरान कर्नाटक के दो जिलों और कित्तूर में सरकारी कार्यालयों के समय में बदलाव करती रही है लेकिन पिछले दो साल कोरोना के कारण समय नहीं बदले हैं। पर, इस बार सरकारी कर्मचारियों ने सरकार से समय बदलने की अपील की है लेकिन सरकार ने कर्मचारियों की इस ईच्छा को ठंडे बस्ते में डाल दिया है।

कर्नाटक में कल्याबारगी, बीदर, यादगिरी, रायचूर, कोप्पल, बेल्लारी, विजयनगर और कित्तूर, बागलकोट और विजयपुरा जिले गर्मियों के महीनों में अनिवार्य रूप से बदल जाते हैं। सरकारी कार्यालय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुले रहते हैं लेकिन गर्मी के दिनों में इन जिलों में कार्यालय समय सुबह 8 बजे से दोपहर 1-30 बजे तक बदल दिया जाता है। लेकिन इस बार सरकार ने गर्मी के दिनों में ऑफिस के घंटे नहीं बदले। आदेश जारी करने वाले सरकार के अधीनस्थ सचिव रमेश ने कहा कि दिल्ली के कलबुर्गी जिले के तापमान से अधिक होने के बावजूद सरकारी कार्यालयों का समय नहीं बदला है। यही कारण है कि इन जिलों में कार्यालय समय बदलने की जरूरत नहीं है।

कलबुर्गी सहित कुछ जिलों में गर्मी का तापमान अधिक रहता है। अप्रैल में धूप खिली रहेगी और मई में चालीस या चालीस से अधिक डिग्री तापमान रहेगा। कई सालों से इन दो महीनों में वक्त बदलने का रिवाज रहा है। पर सरकार के साथ पिछले दो साल के कोरोना में भी कुछ खास बदलाव नहीं आया है। पर इस बार सरकारी कर्मचारी समय बदलने की मांग कर रहे हैं क्योंकि कोरोना का कोई असर नहीं है।

तपती धूप में काम करना मुश्किल है। कर्मचारियों को अपनी क्षमता के अनुसार काम करने की जरूरत है। पगोडा भी ऑफिस के अंदर बैठकर काम करते हैं। इसलिए सरकारी कर्मचारियों की मांग है कि कार्यालय का समय सुबह से दोपहर में बदल दिया जाए। हर साल कर्मचारी अपने कर्मचारी संगठनों के माध्यम से कार्यालय समय बदल कर सरकार पर दबाव बना रहे थे।

सरकार हर साल सरकारी कार्यालयों के समय में बदलाव कर रही थी। लेकिन यह बात सभी पर लागू नहीं होती थी। पुलिस और परिवहन विभाग के कर्मचारियों सहित किसी आपातकालीन कार्य पर लगे कर्मचारी प्रतिदिन काम कर रहे थे। समय परिवर्तन उसके लिए लागू नहीं थे। यह केवल राजस्व विभाग सहित कुछ विभागीय कर्मचारियों के लिए लागू किया गया था।

सरकारी कर्मचारी जहां सरकारी कार्यालय समय में बदलाव की मांग कर रहे हैं, वहीं कई ने कार्यालय समय में बदलाव का विरोध किया है। खासकर ग्रामीण लोगों को अपने काम के लिए शहर आना पड़ता है। खेत का काम पूरा करने और आने वाले समय की जरूरत है। अधिकारी दोपहर में घर जाएंगे तो हमें असुविधा होगी। यह उल्लेखनीय है कि समय का परिवर्तन करने का आग्रह था।

खासकर ग्रामीण लोगों को अपने काम के लिए शहर आना पड़ता है। खेत का काम पूरा करने और आने वाले समय की जरूरत है। अधिकारी दोपहर में घर जाएंगे तो हमें असुविधा होगी। यह उल्लेखनीय है कि समय का परिवर्तन मुझे न करने का आग्रह कर रहा था। सरकार ने सरकार से अपील की है कि कलबुर्गी समेत कई जिलों में धूप का समय बदल दिया जाए. हालांकि सरकार ने समय में बदलाव का आदेश दिया है। कलाबारग्गी सरकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजू लेंगटी ने कहा, सीएम से मिलना बहुत जरूरी है।

# चंडीगढ़ पर हरियाणा का हक था, है और रहेगा: खट्टर

एजेंसी

**चंडीगढ़ ।** पंजाब और हरियाणा के बीच चंडीगढ़ पर दावे को छिड़े राजनीतिक विवाद के बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को कहा कि चंडीगढ़ पर हरियाणा का हक था, है और हमेशा रहेगा।

श्री खट्टर करनाल में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, हम इस मुददे पर मजबूती से खड़े हैं और प्रदेश की जनता भी हमारे साथ हैं।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) की पंजाब सरकार को अभी थोड़ा समय ही हुआ है, लेकिन उन्होंने यह विवादित मुद्दा छेड़ दिया है, जो सही नहीं है।

इससे पूर्व श्री खट्टर ने सफीदों में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि पंजाब हरियाणा का बड़ा भाई है और बड़े भाई का फर्ज बनता है कि छोटे भाई के साथ उल्टा-सीधा व्यवहार न करे। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब की नई नवेली सरकार ने गलत निर्णय लेते हुए हरियाणा के हितों के साथ कुठाराघात करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाफ पंजाब ने एक प्रस्ताव पास किया है जिसमें उसने चंडीगढ़ पर अपना हक जताया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब ने चंडीगढ़ पर अपना हक तो जता दिया है लेकिन वह सतुलज यमुना जोड़ नहर (एसवाईएल) का मुद्दा भूल गए हैं जबकि सुप्रीम कोर्ट ने भी पंजाब को हरियाणा के हिस्से का पानी देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जब पंजाब हरियाणा को उसके हक का पानी नहीं दे रहा तो दिल्ली के लिए वह सरकार किस मुंह से हरियाणा से पानी मांग रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब के 400 हिंदी भाषी गांवों का मुद्दा भी लंबित है।

श्री खट्टर ने कहा, मुझे तो ऐसा लगता है कुछ लोगों के बहकावे में पंजाब सरकार उल्टे-सीधे फैसले ले रही है। एसवाईएल व हिंदी भाषी गांवों का मुद्दा हरियाणा की जनता के लिए जीवन व मरण का प्रश्न है।

इस बीच, आज सुबह ही श्री खट्टर की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा विधानसभा का एक विशेष सत्र मंगलवार, पांच अप्रैल को बुलाने का निर्णय किया गया है।

केंद्र के चंडीगढ़ के कर्मचारियों पर केंद्रीय सेवा नियम लागू करने की घोषणा से छिड़े विवाद के बाद हाल में पंजाब विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित कर चंडीगढ़ को पंजाब को सौंपने का प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। प्रस्ताव को भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर अन्य सभी राजनीतिक दलों के विधायकों ने समर्थन दिया था।

### पंजाब, हरियाणा को उसके हक का पानी नहीं दे रहा

जींद। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने रविवार को आरोप लगाया कि पंजाब हरियाणा को उसके हक का पानी नहीं दे रहा। चंडीगढ़ पर हक जमाने को लेकर दोनों प्रदेशों में छिड़े राजनीतिक बवाल के बीच श्री खट्टर ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब हरियाणा का बड़ा भाई है और बड़े भाई का फर्ज बनता है कि छोटे भाई के साथ उल्टा-सीधा व्यवहार न करे। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब की नई नवेली सरकार ने गलत निर्णय लेते हुए हरियाणा के हितों के साथ कुठाराघात करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाफ पंजाब ने एक प्रस्ताव पास किया है जिसमें उसने चंडीगढ़ पर अपना हक जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब ने चंडीगढ़ पर अपना हक तो जता दिया है लेकिन वह सतुलज यमुना जोड़ नहर (एसवाईएल) का मुद्दा भूल गए हैं जबकि सुप्रीम कोर्ट ने भी पंजाब को हरियाणा के हिस्से का पानी देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जब पंजाब हरियाणा को उसके हक का पानी नहीं दे रहा तो दिल्ली के लिए वह सरकार किस मुंह से हरियाणा से पानी मांग रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब के 400 हिंदी भाषी गांवों का मुद्दा भी लंबित है। श्री खट्टर ने कहा, मुझे तो ऐसा लगता है कुछ लोगों के बहकावे में पंजाब सरकार उल्टे-सीधे फैसले ले रही है। एसवाईएल व हिंदी भाषी गांवों का मुद्दा हरियाणा की जनता के लिए जीवन व मरण का प्रश्न है।

# देश में जाति एवं धर्म के नाम पर हो रहे ध्रुवीकरण से हो रहा जगह जगह तनाव: गहलोत

बाड़मेर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने देश में करौली जैसी घटनाओं के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की नीतियों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि धर्म और जाति के नाम पर ध्रुवीकरण होने से देश में जगह जगह तनाव हो रहा है। गहलोत ने आज यहां मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि राजग सरकार आने के बाद देश में तनाव का माहौल बन गया है। प्रधानमंत्री को अपील करनी चाहिए कि जाति और धर्म के नाम पर जगह जगह ध्रुवीकरण हो रहा है। वह उचित नहीं है और देश हित में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इसी कारण देश में जगह जगह तनाव हो रहा है और दुर्भाग्य से करौली की घटना सामने है।

उन्होंने कहा कि छोटी सी बात को लेकर झगड़ा होने पर उस विवाद को भी जाति-धर्म से जोड़कर मुद्दा बना लिया जाता है।

उन्होंने कहा मेरा मानना है कि जिस प्रदेश में शांति भाईचारा, सद्भाव रहता है, वहीं विकास का माहौल बनता है। आज महंगाई, बेरोजगारी बड़ी चुनौतियां हैं, युवाओं में छटपटाहट है। मुख्यमंत्री ने कहा कि करौली में जिस तरह की घटना हुई है, उन्होंने सुबह ही पुलिस महानिदेशक से बात की है और उनसे कहा है कि जिन्होंने भी यह हरकत की है। इसके पीछे कौन ताकतें थीं उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। चाहे वे कोई कौम और धर्म के लोग हों,उन्हें यह संदेश जाना चाहिए कि राजस्थान में कानून का शासन है। वह कायम रहेगा। गहलोत ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि केवल पर्सेप्शन पैदा करके राजनीति करते हैं। जैसे अभी चुनाव पर किया गया। वहां पर बुलडोजर ही चुनाव चिह्न ही बना लिया गया। उन्होंने कहा कि फेक एनकाउंटर हुए। उसे ही इस रूप में बता दिया गया जैसे वहां के मुख्यमंत्री ने बहुत बड़ा एक्शन लिया हो। फेक एनकाउंटर करना बहुत आसान है, लेकिन कानून का शासन होगा तभी देश चलेगा और न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि फेक एनकाउंटर में तो निर्दोष लोग भी मर सकते हैं।

## शार्ट न्यूज

### डॉ रश्मी सिंह ने संयुक्त निदेशक सुभाष वत्स के सेवा निवृत्ति के अवसर पर उनका पुष्प गुच्छ से स्वागत किया




**नई दिल्ली।** डॉ रश्मी सिंह निर्देशिका महिला एवं बाल विकास विभाग, दिल्ली ने संयुक्त निदेशक सुभाष वत्स के सेवा निवृत्ति के अवसर पर उनको पुष्प गुच्छ से स्वागत किया ।सुभाष वत्स1990 से कार्यरत थे उनका मुख्य कार्य सहायक मघ निषेध प्रचार अधिकारी के पद पर कार्य आरंभ किया था। आप बहुत ही मृदुभाषी स्वभाव के हैं आप ने मघ निषेध पर काफी सराहनीय कार्य किया है जिससे आपको दिल्ली सरकार ने कई बार प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। आपने कोरोना काल के समय में भी कोई अवकाश नहीं लिया और अग्रणी कार्यकर्ता के रूप में सहायकों का मार्गदर्शन किया। सेवा निवृत्ति पर विभाग के कर्मचारीगण नम नयन एवं रुंधे हुए कण्ठो से विदा किया। इनके द्वारा किए गए कार्यों को विभाग हमेशा याद करेगा।

### कौशांबी-मुरादनगर रूट पर ई-बस किराये में 50 फीसदी तक की कटौती, सबसे कम किराया होगा 5 रुपये

**गाजियाबाद।** ई-बस के किराये में ट्रायल के तौर पर एक महीने के लिए 50 फीसदी तक कमी की गई है। ट्रायल के तौर पर सोमवार से कौशांबी-मुरादनगर रूट पर ई-बस का किराया 10-40 रुपये की जगह 5-37 रुपये हो जाएगा। इस रूट पर 10 ई-बसों का संचालन हो रहा है। मेरठ में पिछले सोमवार को मंडलायुक्त की अध्यक्षता में गाजियाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एके सिंह, नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर, जीडीए वीसी कृष्णा करुणेश, आरटीओ अरुण कुमार के साथ ई-बस की सेवाओं को लेकर बैठक थी। इसमें कौशांबी-मुरादनगर रूट पर 50 फीसदी तक किराये में कटौती की सहमति बनी थी। सोमवार से कौशांबी-मुरादनगर रूट पर ट्रायल सेवा शुरू की जाएगी। यह ट्रायल एक महीने तक चलेगा। उसके बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा किराये को लेकर बोर्ड बैठक की जाएगी। इसके बाद किराये को आगे बढ़ाने या पिछले किराये पर फैसला लिया जाएगा। गाजियाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड प्रबंध निदेशक एके सिंह ने बताया कि कौशांबी-मुरादनगर रूट पर एक माह के लिए आज से 50 फीसदी कटौती के साथ ट्रायल के रूप में ई-बसों का संचालन शुरू किया जाएगा, जिसमें 5 रुपये से लेकर 37 रुपये तक किराया होगा।

### दिल्ली के महेंद्र पार्क इलाके में 16 वर्षीय दिव्यांग लड़की से बलात्कार, पड़ोस की झुग्गी में रहने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली में एक 16 वर्षीय दिव्यांग लड़की के साथ उसके पड़ोसी ने कथित तौर पर बलात्कार किया। 24 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। शनिवार को महेंद्र पार्क इलाके में एक शख्स ने नाबालिग लड़की के साथ उसकी झुग्गी के पास कथित तौर पर दुष्कर्म किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बाद में उसने अपने माता-पिता को आपबीती सुनाई। घटना की जानकारी शनिवार रात 8.40 बजे महेंद्र पार्क थाने को दी गई। दिल्ली पुलिस ने अपने आधिकारिक हैंडल से ट्वीट किया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लड़की को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया। आगे की कार्रवाई जारी है। उन्होंने कहा कि लड़की की हालत अब ठीक बताई जा रही है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पश्चिम) उषा रंगनानी ने कहा कि लड़की के पास एक झुग्गी में रहने वाले आरोपी को उसी रात गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### दिल्ली में 15 साल पुराने वाहनों के नवीनीकरण पर राहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों के पंजीकरण के नवीनीकरण की अनुमति देने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) और सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के मद्देनजर याचिकाकर्ता दिल्ली-एनसीआर में 15 साल पुराने पेट्रोल वाहन के पंजीकरण के नवीनीकरण की मांग नहीं कर सकता है। जस्टिस संजीव सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार की नीति के अनुसार याचिकाकर्ता एनजीटी और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के मुताबिक उन इलाकों में वाहन के पंजीकरण हस्तांतरण के लिए कभी भी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकता है, जहां 15 साल पुराने वाहन के परिचालन की अनुमति है। इसके लिए अन्य मानदंडों और शर्तों का पालन करना होगा। हाईकोर्ट ने यह आदेश उस याचिका पर दिया है जिसमें दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग द्वारा 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों के पंजीकरण के नवीनीकरण के संबंध में जारी एक सार्वजनिक नोटिस को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता ने अपनी कार का पंजीकरण नवीनीकरण कराने की मांग की थी जो फरवरी 2006 में पंजीकृत हुई थी। याचिकाकर्ता की कार अप्रैल 2021 में 15 साल पूरे किए।

### केजीपी पर चलते मिनी ट्रक में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

दादरी। इर्स्टन पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर मायचा गांव के पास शनिवार रात मिनी ट्रक में आग लग गई। चालक ने कूदकर जान बचाई। ट्रक में पांच लाख रुपये के पीवीसी पाइप भरे थे। चालक गाजियाबाद की ओर जा रहा था। आग की सूचना पर जब तक दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, तब तक ट्रक जल चुका था। पुलिस के मुताबिक, मिनी ट्रक चालक अंकित शनिवार को ग्रेनो साइट-4 से पांच लाख के पीवीसी पाइप भरकर केजीपी के रास्ते गाजियाबाद की ओर जा रहा था। जब ट्रक मायचा गांव के पास पहुंचा तो शॉर्ट सर्किट से ट्रक में आग लग गई। राहगीरों ने ट्रक चालक को आग के बारे में बताया। इस पर चालक ने ट्रक से कूदकर जान बचाई। चालक ने घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस की सूचना पर दमकल विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंची, तक तक सारा माल व ट्रक जल चुके थे। मालिक ने छह माह पहले ही यह ट्रक खरीदा था। एसएचओ दादरी राकेश कुमार ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध खनन में 15 के खिलाफ केस

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना नदी के किनारे अवैध खनन करने के मामले में नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने चार सगे भाइयों समेत 15 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में एक महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी। इसके बाद खनन अधिकारी की तरफ से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद की रहने वाली एक महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर अवैध खनन की शिकायत की थी। महिला का आरोप है कि तिलवाड़ा स्थित यमुना नदी के किनारे उसकी जमीन है। उनकी जमीन पर भूमाफिया अवैध खनन कर रहे हैं।

# देवली क्षेत्र में 14 किमी लम्बी आई.जी.एल पाइप लाइन के कार्य का शुभारंभ

## 3 माह में कार्य पूरा कर कनेक्शन शुरू कर दिए जाएंगे : रमेश बिधूड़ी





**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली सांसद व चेयरमैन पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस स्थायी संसदीय समिति श्री रमेश बिधूड़ी ने अपने संसदीय क्षेत्र के देवली विधान सभा स्थित देवली वार्ड में घरों में रसोई गैस हेतु पाइप लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देवली क्षेत्रवासियों ने सांसद महोदय का उत्साह के साथ स्वागत किया।

सांसद रमेश बिधूड़ी ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा आवाहन पर कि सभी को सस्ती रसोई गैस मुहैया कराई जाए, जिसके अंतगर्त दिल्ली में 16 लाख घरों में पाइप लाइन द्वारा गैस कनेक्शन लगाए जाने का कार्य निरंतर जारी है। इसी कड़ी में खानपुर वार्ड में 5000 गैस कनेक्शन व दुर्गा विहार के बाद अब देवली, नई बस्ती सहित 4 करोड़ की लागत से 14 कि0मी0 लम्बी पाइप लाइन के माध्यम से घरों में रसोई गैस मुहैया कराई जाएगी। बिधूड़ी ने बताया कि उपरोक्त कार्य 3 माह में पूर्ण होने के पश्चात कनेक्शन चालू कर दिए जाएगें।

इस दौरान जिला महामंत्री श्री बलबीर सिंह, पूर्व निगम पार्षद श्री सतेन्द्र चैधरी, जिला उपाध्यक्ष श्री गोखलेश, श्री विजय सहगल व आई.जी.एल. जोनल इंचार्ज श्री अमित कुमार सहित क्षेत्र के सम्मानित निवासी उपस्थित थे।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर स्टंट करने जा रहे बाइक सवारों को पुलिस ने रोका

नोएडा। नोएडा-ग्रेनो व यमुना एक्सप्रेसवे पर रेसिंग स्टंट के लिए दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम से आ रहे 50 से अधिक बाइकर्स को नोएडा यातायात पुलिस ने बार्डर से लौटा दिया। इन बाइकर्स को चेतावनी देते हुए आगे से दोबारा नहीं आने की हिदायत भी दी गई।

एनसीआर के अलग-अलग हिस्सों से बाइक सवार रविवार को नोएडा में रेस लगाने आते हैं। डीसीपी यातायात गणेश साहा ने बताया कि रविवार को सुबह करीब पांच बजे सभी बार्डर पर यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई थी। सुबह करीब साढ़े पांच बजे से बाइकर्स का आना शुरू हो गया। सबसे ज्यादा बाइकर्स डीएनडी व कालिंदी कुंज बार्डर के जरिए नोएडा में प्रवेश करने आ रहे थे। सभी को दोबारा नहीं आने की हिदायत देते हुए वापस लौटा दिया गया। उन्होंने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे पर बाइक की गति सीमा 100 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित है जबकि ये बाइकर्स 150 से 200 की रफ्तार से रेस लगाकर स्टंट करते हैं। ऐसे में किसी की जान भी जा सकती है। यहां के एक्सप्रेसवे पर आम लोग भी सुबह से ही गुजरने शुरू हो जाते हैं।

#### ये है कार्रवाई का प्रावधान

मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184 के अंतर्गत जो कोई मोटर यान को ऐसी गति से या ऐसे तरीके से चलाएगा जो साधारण जनता के लिए खतरनाक है, उसे प्रथम बार अपराध करने पर छह महीने का कारावास व एक हजार रुपए का जुर्माना किया जा सकता है। दूसरी या इसके बाद भी यह अपराध तीन साल के अंदर किए जाने पर दो साल का कारावास व दो हजार का जुर्माना अथवा दोनों से दंडनीय होगा। इसके अलावा धारा 189 के तहत जो कोई राज्य सरकार की लिखित सहमति के बिना किसी सार्वजनिक स्थान पर मोटर यानों की किसी भी प्रकार की दौड़ या गति का मुकाबला करने देगा या उसमें भाग लेगा, वह पहली बार में एक महीने का कारावास व पांच हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों से दंडनीय होगा। दूसरी बार दस हजार रुपये जुर्माना है।

# दस से अधिक सेक्टरों में रोजाना हो रही बिजली गुल

नोएडा। गर्मी बढ़ने के साथ ही आवासीय सेक्टरों और गांवों में बिजली आपूर्ति की परेशानी भी बढ़ती जा रही है। लोगों को लगातार ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। दस से अधिक सेक्टरों में रोजाना दो से तीन घंटे तक बिजली कटौती हो रही है। रविवार को भी इस सेक्टरों में लोगों को दिक्कत हुई। नो-पावर कट और नो-ट्रिपिंग जोन में शामिल होने के बाद भी विद्युत निगम निर्बाध विद्युत आपूर्ति भी नहीं दे पा रहा है। शहर में लगातार ट्रिपिंग के साथ कटौती भी हो रही है। सेक्टर-68 स्थित गढ़ी चौखंडी गांव के निवासी उदय सिंह ने विद्युत निगम के अधिकारियों को सोशल मीडिया के माध्यम से शिकायत की है। उन्होंने कहा कि सुबह सात बजे से नौ बजे तक बिजली सप्लाई बंद रही। इसके कारण पानी की आपूर्ति भी नहीं हो रही है। सेक्टर-71 निवासी ब्रजेश गुर्जर ने बताया कि रविवार को करीब दो घंटे आपूर्ति बाधित रही है। इसके अलावा कई बार ट्रिपिंग हुई।

बीते एक सप्ताह से लगातार यह स्थिति बनी हुई है। सेक्टर-34 निवासी राहुल कुमार ने बताया कि बीते कुछ दिनों से रोजाना दो-तीन घंटे आपूर्ति बाधित हो रही है।

# अंतरराष्ट्रीय ठग और एक्सटॉर्शन गैंग के 8 लोग गिरफ्तार

## चीन से जुड़े हैं गैंग के तार, ऐसे बनाते थे शिकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट ने अंतरराष्ट्रीय ठगों और एक्सटॉर्शन करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर दिल्ली, जोधपुर और गुरुग्राम से 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह के सीधे कनेक्शन चीन से हैं और यह गिरोह बेहद ऑर्गेनाइज्ड तरीके लोगों से पैसा उगाही करता था। पुलिस ने इस गिरोह के 25 से ज्यादा बैंक अकाउंट फ्रीज भी कराए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से 16 डेबिट कार्ड, 22 चेक बुक और 26 पासपोर्ट भी जब्त किए हैं।

डीसीपी (आईएफएसओ) केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट ने अब तक दिल्ली, जोधपुर राजस्थान, गुरुग्राम हरियाणा और देश के अन्य हिस्सों से 8 लोगों को कर्ज देने के नाम पर निर्दोष लोगों से पैसे वसूलने और उन्हें धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इस मामले में चीन से सीधे संपर्क के साथ अंतरराष्ट्रीय जालसाजों और जबरन वसूली करने वालों के एक सिंडिकेट का भी भंडाफोड़ किया गया है। यह गिरोह विभिन्न देशों से क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग करता था। इस गिरोह में शामिल 3 चीनी नागरिकों की संलिप्तता की बात भी सामने आई है।

पुलिस ने बताया कि चीन में बैठे गिरोह के सरगना तक पैसा क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से पहुंचाया जाता था। पुलिस ने तीन चाइनीज नागरिकों का भी पता लगाया है, जो इस गिरोह से जुड़े हुए थे।

पुलिस को जांच के दौरान पता चला है कि धोखाधड़ी और उगाही से लिए गए रकम को चीन, हॉन्गकॉन्ग और दुबई तक इन तीनों चाइनीज नागरिकों के अकाउंट में क्रिप्टो करेंसी के जरिये पहुंचाया जाता था।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, ये स्कैम कई करोड़ रुपये का गया। अब तक इनके एक अकाउंट में ही 8.25 करोड़ रुपये का पता चला है। साथ ही इस गिरोह के 25 और अकाउंट की भी पुलिस को जानकारी मिली है।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, ये गिरोह टारगेट के मोबाइल फोन को हैक करके उसमें एक सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कर देते थे और फिर उसके पर्सनल डेटा को एक्सेस करते थे। इसी तरीके से ये गिरोह पीड़ित से पैसा उगाही करते थे। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, इस गिरोह ने कई महिलाओं की फोटो के साथ छेड़खानी कर उनसे भी उगाही की है।

# केजरीवाल के घर उपद्रव : दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में छापेमारी; सभी आरोपी फोन बंद करके फरार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर उपद्रव की जांच में जुटी सिविल लाइंस थाना पुलिस आरोपियों की तलाश में दिल्ली-एनसीआर में छापेमारी कर रही है। पुलिस ने अबतक दर्जनभर स्थानों पर आरोपियों की तलाश में दबिश दी है। हालांकि, दो दिन पहले पकड़े गए आरोपियों के अलावा अभी किसी अन्य संदिग्ध की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। सभी आरोपी फोन बंद करके फरार हैं। पुलिस का कहना है कि छह टीमों को जांच में लगाया गया है।



पुलिस ने अब तक जिन आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, उनसे हुई पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य तकनीकी जांच के आधार पर 16 लोगों के बारे में जानकारी जुटाई गई है। इन सभी की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई हैं। इसमें से ज्यादातर के फोन की लोकेशन घटनास्थल के आसपास की मिली है। इस आधार पर पुलिस इन संदिग्धों से पूछताछ कर पता लगाना चाहती है कि उनका इलाके में आने का मकसद क्या था? वे भी हमले में शामिल थे या उनका होना इत्तेफाक था।

#### 24 के नाम सामने आए

जांच में अब तक कुल 24 आरोपी सामने आए, जिनमें से 16 फरार हैं। पुलिस के सामने बड़ी समस्या आरोपियों की पहचान की है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिए जाने से अन्य की पहचान के लिए पुलिस मौके पर प्रदर्शन कर रहे संगठन के लोगों से पूछताछ करने की तैयारी कर रही है। वहीं, सीएम आवास पर लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर को भी पुलिस ने कब्जे में लिया है।

#### पुलिस ने नहीं दी थी प्रदर्शन की अनुमति

29 मार्च को संगठन की तरफ से प्रदर्शन के लिए पुलिस से अनुमति मांगी गई थी, जिसे पुलिस ने मना कर दिया था। सिविल लाइंस पुलिस का कहना है कि आवेदन पत्र भेजने वाले शख्स से पूछताछ कर घटना के समय मौजूद लोगों के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी। जरूरत पड़ी तो संगठन से जुड़े लोगों से भी पूछताछ की सकती है।

### दिल्ली-एनसीआर में 1 लाख से अधिक फ्लैट खाली, बिल्डरों को बेचने में लगेंगे 6 साल

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर के बिल्डरों को अपने 1.01 लाख खाली पड़े बिना बिके फ्लैटों को बेचने में करीब छह साल लगेंगे। संपत्ति सलाहकार कंपनी प्रॉपटाइगर ने यह राय जताई है। हालांकि, प्रॉपटाइगर का मानना है कि बेंगलुरु और कोलकाता के बिल्डर अपने बिना बिके मकानों को 31 माह में बेच सकेंगे। ऑस्ट्रेलिया के आरईए समूह और न्यूज कॉर्प के स्वामित्व वाले तीन रियल एस्टेट पोर्टल हाउसिंग.कॉम, प्रॉपटाइगर और मकान.कॉम सलाहकार और ब्रोकरेज सेवाएं प्रदान करते हैं। प्रॉपटाइगर की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत के आठ प्रमुख शहरों में बिल्डरों के पास 31 मार्च, 2022 तक करीब 7,35,852 आवासीय इकाइयां ऐसी थीं, जो बिक नहीं पाई हैं। पिछले साल मार्च में ऐसे फ्लैटों की संख्या 7,05,344 थी। प्रॉपटाइगर की रिपोर्ट में कहा गया है कि पहले इन खाली फ्लैटों की बिक्री में 47 माह का समय लगने का अनुमान था, लेकिन हाल के समय में घरों की मांग बढ़ी है। इससे खाली घरों की बिक्री में अब 42 महीने का समय लगने का अनुमान है। सबसे ज्यादा बिना बिके फ्लैट दिल्ली-एनसीआर में हैं। वहीं बेंगलुरु और कोलकाता में इनकी संख्या सबसे कम है। 31 मार्च, 2022 तक अहमदाबाद में 62,602 आवासीय इकाइयां खाली थीं। अहमदाबाद के फ्लैटों की बिक्री में 42 महीने का समय लगने का अनुमान है। वहीं बेंगलुरु में खाली घरों की संख्या 66,151 और कोलकाता में 23,850 थी।

# सुपरटेक के दिवालिया होने पर खरीदारों की बढ़ी समस्या

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सुपरटेक इको विलेज-2 सोसाइटी में रविवार को इको विलेज-1, 2 और 3 के निवासियों की बैठक हुई, जिसमें बिल्डर के दिवालिया होने के कारण उपजे हालात पर चर्चा हुई। इस दौरान एनसीएलटी से जुड़े कई सवालों के बारे में वरिष्ठ वकील कुमार मिहिर से निवासियों ने चर्चा की।

नेफोवा के अध्यक्ष अभिषेक कुमार और वरिष्ठ कुमार मिहिर ने बताया कि ग्रेनो वेस्ट की सुपरटेक इकोविलेज-1, 2 और 3 सोसाइटियों में 17000 से अधिक खरीदार रहते हैं।

इनमें से करीब 70 फीसदी से अधिक खरीदारों के फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हो पाई है। साथ ही कई खरीदारी ऐसे हैं, जिन्हें सात से आठ साल बीत जाने के बाद भी घर नहीं मिला पाया है। उन्होंने बताया कि नेफोवा की तरफ से इको विलेज 1, 2 और 3 में एनसीएलटी के मुद्दे पर अहम बैठक हुई। बैठक में हजारों घर खरीदार शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील कुमार मिहिर ने घर खरीदारों को एनसीएलटी की प्रक्रिया के बारे में समझाया। साथ ही घर ख़रीदारों के सवालों का भी जवाब दिया।

उनका कहना है कि बिल्डर के दिवालिया होने के बाद से खरीदारों की समस्या बढ़ी गई है, ऐसे में अब आगे आने वाली दिक्कतों को लेकर मंथन शुरू कर दिया गया है। जिन खरीदारों की रजिस्ट्री हो गई है, उनके लिए समस्या कम है।

तीन प्रोजेक्ट में अधिकतर खरीदारों की रजिस्ट्री नहीं हुई है, ऐसे में अब उनकी समस्या को हल करने के लिए लड़ाई शुरू हो गई है। सोसाइटियों में कैंप लगाकर खरीदारों की समस्याओं को सुना जाएगा, साथ ही उनके निस्तारण के लिए प्रयास किया जाएगा।

### साइबर ठगी से बचाव के लिए कर्मचारियों को जानकारी दी जाएगी

**फरीदाबाद।** देश विरोधी साइबर अपराधी फिशिंग ईमेल भेजकर सरकारी कर्मचारियों के आईडी-पासवर्ड चोरी कर रहे हैं। इनके डोमेन एनआईसी डोमेन से मिलते-जुलते होते हैं। पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर कर्मचारियों से सावधानी बरतने का अनुरोध किया है। गृह मंत्रालय के आदेश पर यह एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस के मुताबिक, साइबर अपराधियों द्वारा एनआईसी डोमेन का उपयोग करने वाले सरकारी कर्मचारियों को निशाना बनाया जा रहा है। इसके लिए वह फिशिंग ईमेल का उपयोग कर रहे हैं। पुलिस की जानकारी में आया है कि साइबर अपराधी एक फर्जी ईमेल भेज रहे हैं जो असली ईमेल से बिल्कुल मिलता जुलता है। इस ईमेल के अंदर एनआईसी सर्विस डेस्क पर जाने वाले लिंक के जैसा प्रतीत होने वाला एक फर्जी लिंक nic-in-bcwb.firebaseapp.com दिया होता है।

# बैंक में नौकरी का झांसा देकर ठगने वाले 'बंटी-बबली' पकड़े, बीटेक डिग्रीधारक है आरोपी

नई दिल्ली। दिल्ली में साइबर पुलिस थाना बाहरी जिले के स्टाफ द्वारा बैंकों में नौकरी दिलाने के बहाने लोगों से ठगी और धोखाधड़ी करने के मुख्य आरोपी युवक और एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी बीटेक डिग्री धारक है, जबकि उसकी सहयोगी महिला टेलीकॉलर और बैंक खाता प्रदाता को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से साइबर धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए दो मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड और एक डेबिट कार्ड बरामद किया है।

पुलिस ने बताया कि बाहरी जिले के साइबर पुलिस थाना के स्टाफ ने दो साइबर अपराधियों रविकांत (28 वर्ष) निवासी ग्राम मटनहेल, जिला झज्जर, हरियाणा और एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर उनसे साइबर धोखाधड़ी में प्रयुक्त 2 मोबाइल फोन, 2 सिम कार्ड और 1 डेबिट कार्ड बरामद किए गए हैं। दिल्ली में IDFC बैंक के एक अधिकारी राकेश चंद ने पुलिस को शिकायत देते हुए आरोप लगाया था कि बैंक को उनके खाताधारकों से कई शिकायतें मिली हैं, जिन्हें IDFC बैंक में नौकरी देने के बहाने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ठगा गया था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जनवरी में साइबर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी थी।

#### टीम का गठन, जांच और गिरफ्तारी

डसीपी आउटर डिस्ट्रिक्ट समीर शर्मा की देखरेख में साइबर धोखाधड़ी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एक टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने इन गतिविधियों पर सावधानीपूर्वक काम किया और उपरोक्त मामले की जांच के दौरान, संदिग्ध व्यक्तियों और लाभार्थी बैंक खाताधारकों के ई-मेल पते, बैंक खाता संख्या और मोबाइल नंबर का विवरण प्राप्त किया और उसका विश्लेषण किया। तकनीकी विश्लेषण में यह पाया गया कि कुछ पीड़ितों का भुगतान रविकांत नाम के कोटक महिंद्रा बैंक खाते में जमा किया गया था। यह भी नोट किया गया कि आरोपी रविकांत और एक महिला के कोटक महिंद्रा बैंक खाते के बीच कई डेबिट और क्रेडिट लेन-देन किए गए थे। तकनीकी विश्लेषण और संदिग्ध व्यक्तियों के सीडीआर के आधार पर पुलिस टीम ने पश्चिमी दिल्ली और हरियाणा में कई जगह छापे मारे और अंत में दो आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में सफल रही। गिरफ्तार 28 वर्षीय आरोपी रविकांत हरियाणा के झज्जर जिले के मटनहेल गांव का रहने वाला है और वह बी-टेक डिग्री धारक हैं और फिलहाल अपने गांव में ही एक साइबर कैफे चला रहा थे। वहीं, आरोपी महिला वह द्वारका में फल और सब्जियां बेचती है। पुलिस अन्य धोखेबाजों की किसी भी सांठगांठ का पता लगाने के लिए आगे की जांच कर रही है।

# नर्सरी-केजी के स्कूल खुले, फूल और रिस्ट बैंड से होगा स्वागत

नोएडा। जिले में नर्सरी, केजी समेत अन्य सभी कक्षाओं का चार अप्रैल से ऑफलाइन संचालन शुरू हो जाएगा। इसको लेकर स्कूल प्रबंधन ने तैयारी कर ली है। खासतौर पर छोटे बच्चों में व्यवहार से जुड़े लक्षणों को देखते विशेष इंतजाम किए गए हैं। पहले दिन बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाया जाएगा, ताकि बच्चे चिड़चिड़ा न हो। वहीं उनके लिए कक्षाओं को भी आकर्षक बनाया गया है। दो साल बाद स्कूल जा रहे बच्चों का प्रवेश द्वार पर फूल और रिस्ट बैंड देकर स्वागत किया जाएगा। सांस्कृति कार्यक्रमों से उन्हें अनुकूल माहौल देने की तैयारी की गई है।

सेक्टर-74 स्थित यदु पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य मृणालिनी सिंह ने बताया कि उन्होंने पहले दिन अभिभावकों से निवेदन किया है कि वह बच्चों को स्वयं स्कूल छोड़कर जाए, उन्हें स्कूल बस या अन्य ट्रांसपोर्ट सुविधा से न भेजे। स्कूल ने नए बच्चों का स्वागत करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की है। अभिभावकों को पीपीटी के माध्यम से स्कूल के बारे में बताया जाएगा। बच्चों के लिए नृत्य समेत अन्य सांस्कृति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि वह स्कूल में चिड़चिड़े न हो। सेक्टर-16 स्थित एपीजे स्कूल के प्रवक्ता ने बताया कि बच्चों को स्कूल की आदत डालने के लिए वह पांच दिवसीय सत्र का आयोजन करने जा रहे हैं। इसमें बच्चों को एक दूसरे से मिलाने व उन्हें अच्छा माहौल देने की कोशिश करेंगे। पैरेंट्स को भी कुछ दिन परिसर में ठहराएंगे ताकि बच्चे स्कूल के माहौल में आ सके। सेक्टर-168 स्थित शिव नादर स्कूल में प्रत्येक कक्षा के बाद बच्चों को आधे घंटे का ब्रेक दिया जाएगा। खेल कार्यक्रम आयोजित कराएं जाएंगे। उन्हें खानपान का सामान दिया जाएगा। सेक्टर-44 एमिटी स्कूल की प्रधानाचार्य रेनू सिंह ने बताया कि बच्चों के लिए स्कूल में आकर्षक कक्ष बनाए गए हैं।

संपादकीय

नई दिल्ली
सोमवार 04 अप्रैल 2022
Www.gauravshalibharat.com

# संपादकीय



## अमरकंटक नर्मदा और सोन की प्रेम कहानी का गवाह

मध्यप्रदेश राज्य के महत्वपूर्ण तीर्थों में से एक माँ नर्मदा सहित तीन नदियों के उदगम स्थल अमरकंटक की प्राकृतिक सुंदरता, औषधीय उपलब्धता और धार्मिक मान्यताओं को निकट से महसूस करने का अवसर मिला। माह चैत्र की ग्रीष्म ऋतु में जब सूर्य देवता भारत के अनेकों हिस्सो मे अपनी कृपा निकट से बरसा रहें हों, ऐसे मौसम में भी अमरकंटक में गर्मी का कम होना प्रकृति का वरदान ही कहा जा सकता हैं। मार्च की समाप्ति और अप्रैल की शुरुआत में यहां तापमान अमूमन 35 से 36 से. रहता हैं। ऐसे शानदार और खुशनुमा मौसम में प्रसिद्ध तीर्थ अमरकंटक की यात्रा करने का अवसर जिस ट्रेन से मिला उसका नाम भी नर्मदा एक्सप्रेस ही है। मप्र की आर्थिक राजधानी इंदौर से 29 मार्च को इंदौर बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस से छत्तीसगढ़ के पेंड्रारोड स्टेशन पर उतरे यहां से प्रायवेट वाहनों से 35 किलोमीटर का सफर तय कर अमरकंटक पहुंचे। पेंड्रा रोड अमरकंटक आने के दौरान मप्र और छत्तीसगढ़ की सीमा का घालमेल समझ पाना बडा मुश्किल जान पड़ा पहाड़ी क्षेत्र की घुमावदार सड़को पर कभी मप्र तो कभी छत्तीसगढ़ की सीमा के आ जाने से वाहन में बैठे मुझ सहित अन्य यात्रियों में बड़ा कौतूहल रहा। अक्सर सीमावर्ती क्षेत्रों में इस प्रकार की स्थिति बनती है। प्रायवेट वाहन का चालक जिस राह से अमरकंटक ले जा रहा था। उसे वह शार्ट कट बता रहा था। इस मार्ग पर दो समस्या देख मुझ सहित सहयात्रियों को बड़ा दुख पहुंचा पहला तो यहां जारी सीमेंट कांक्रीट सड़क के निर्माण की कमजोर गुणवत्ता दूसरा मार्ग के किनारे अनेकों जगह लगी आग। अब यह आग और सड़क की गुणवत्ता सुधार की जवाबदेही किस सरकार की है, इन्ही चर्चाओं के मध्य अमरकंटक पहुंचे। यहां रुकने के लिए बहुत से इंतजाम है। विभिन्न पंथों संप्रदायों के आश्रम और प्रायवेट होटल बड़ी संख्या में स्थित है। मैं चूंकि मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय महासम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचा था, इसलिए रहने की व्यवस्था की जहमत नहीं उठाना पड़ी। यहां कल्याण आश्रम में हमारा आयोजन था जो बहुत सुंदर बना हुआ है। आश्रम में साफ सफाई का विशेष ख्याल रखा गया। वैसे मेरे रुकने का स्थल मृत्युंजय आश्रम था। अमरकंटक मप्र के अनूपपुर जिले का बड़ा पर्यटक स्थल हैं यहां महाशिवरात्रि को बड़ा मेला लगता है। सावन माह में तीर्थयात्रियों की संख्या अधिक रहती है। अमरकंटक की चर्चा जीवनदायिनी मां नर्मदा की उदगम स्थली के रूप में अधिक होती है। जबकि यह सोनभद्र की उदगम स्थली भी है। अमरकंटक की सुंदर और खूबसूरत वादियों के मध्य नर्मदा और सोनभद्र की प्रेम कहानी या विवाह से जुड़ी प्रचलित पुरातन कहानी भी सुनाई दी, जिसके अनुसार नर्मदा नदी के बारे में कहा जाता है की यह राजा मैखल की पुत्री थी। विवाह योग्य होने पर राजा मैखल ने उनके विवाह की घोषणा करवाई साथ ही यह भी कहा कि जो भी व्यक्ति गुलबकावली का पुष्प लेकर आएगा राजकुमारी का विवाह उसी के साथ होगा। इसके बाद कई राजकुमार आए लेकिन कोई भी राजा मैखल की शर्त पूरी नहीं कर सका। तभी राजकुमार सोनभद्र आए और राजा की गुलबकावली पुष्प की शर्त पूरी कर दी। शर्त पूरी होते ही विवाह तय हो गया। एक दिन राजकुमारी नर्मदा की इच्छा सोनभद्र को देखने की हुई इस हेतु राजकुमारी ने संदेश लेकर अपनी सखी जुहिला को राजकुमार सोनभद्र के पास अपने आने के संदेश के साथ भेजा। काफी समय बीत जाने पर भी जुहिला वापिस नहीं आई तो राजकुमारी को चिंता होने लगी जुहिला कि खोज में निकली राजकुमारी ने सोनभद्र और जुहिला को आलिंगनबद्ध देखा तो राजकुमारी नर्मदा बहुत अधिक क्रोधित हुई। इसके बाद उन्होंने आजीवन कुंवारी रहने का प्रण ले लिया और उल्टी दिशा में चल पड़ी। कहा जाता है की तभी से नर्मदा अरब सागर में मिलती है। जबकि सोन उत्तर प्रदेश बिहार होते हुए गंगा नदी से मिलते हुए बंगाल की खाड़ी में समाहित हो जाती है। इस कहानी में जिस गुलबकावली पुष्प का जिक्र है उसके अर्क से आंखों की आयुवैदिक दवा गुलबकावली आंखों का अर्क बनाया जाता है जो आंखों से जुड़ी तमाम परेशानियों में फायदा पहुंचाती है। गुलबकावली के अलावा मेकाल की पहाड़ियों पर मिलने वाली औषधियों तमाम प्रकार के दर्दों से राहत प्रधान करने वाले तेल, ब्लड प्रेशर, शुगर , चर्म रोग, दमा, खासी, गठिया, आदि व्याधियों में फायदा पहुंचाने वाली अनेकों वानस्पतिक ओषधियां यहां मिलती है।

## समय का तकाज़ा

भारतीय संस्कृति, सभ्यता और हमारे पूर्वजों, बड़े बुजुर्गों की वैचारिकता, सोच, कहावतें, प्रेरणा, मार्गदर्शन, हमारे लिए अनमोल धरोहर ही नहीं एक अणखुट ख़जाना भी है!!! अगर हम अपनी संस्कृति, सभ्यता और पूर्वजों, बड़े बुजुर्गों की वैचारिक को ग्रहण कर उनकी बताई राहों, उनके द्वारा कही कहावतों पर गहराई से सोचें तो हमें एक-एक शब्द या लाइन में बहुत बड़ी सीख, प्रेरणा, मार्गदर्शन मिल सकता है जो उम्र का तकाज़ा, समय का तकाज़ा, समय बड़ा बलवान रे भैया समय बड़ा बलवान, मुख में राम बगल में छुरी, आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है, इत्यादि ऐसे अनेक सुने अनसुने शब्द कहावतें हैं जिनकी गहराई में जाकर उनका सकारात्मक मतलब निकाल कर हम बुराई से बच सकते हैं और मूल्यवान शब्दों को अपनाकर अपना जीवन संवार सकते हैं।

साथियों इसी कड़ी में बात अगर हम समय का तकाज़ा की करें तो बड़े बुजुर्गों का कहना है कि हमें अपनें जीवन को समय के अनुसार बदलने से ही सर्वसुख संपन्नता के ज्ञान का बोध होता क्योंकि समय एक सा नहीं रहता समय का चक्र हमेशा घूमता, बदलता रहता है कल जो हमारे पास परिस्थितियां थी अब बदल चुकी होतीहै और हमें उन बदली हुई परिस्थितियों के अनुसार अपने को ढालना समय का सही मूल्यांकन हैं, क्योंकि जब दो पीढ़ियों की उम्र का गैप परिवार में आता है तो वैचारिक मतभेद आना स्वाभाविक ही है इसलिए हम बड़ों को चाहिए कि पारिवारिक बिखराव को रोकने, नई पीढ़ी के साथ सकारात्मक विचारों के साथ सामंजस्य बैठाना समय की मांग है क्योंकि बदलते आधुनिक परिपेक्ष में नए सकारात्मक वैचारिकता धारण करना समय की मांग है क्योंकि जो समय को छोड़ देता देता है समय उनको छोड़ देता है।

साथियों बात अगर हम नई पीढ़ी के विचारों की करें तो ऐसा नहीं है कि हमें उनकी हर बातों में सामंजस्य बैठाना होगा, हमें उनकी सकारात्मक बात कैच कर उनके नकारात्मक बातों को उनके विचारों से हटाने का काम उनके साथ वैचारिक सामंजस्य बैठाकर ही करना होगा न कि पहले वाला तनावग्रस्त,आदेशात्मक व्यवहार!!! हमें अपने व्यवहार को सकारात्मक, प्रेरणादायक और मार्गदर्शन रूपी स्वभाव में बदलना होगा तो नई पीढ़ी से भी हमें सकारात्मक और अपनेपन का स्वभाव मिलेगा तब हम एक और एक ग्यारह का फ़ल प्राप्त कर आर्थिक, सामाजिक, नैतिक स्तर पर बलवान बनेंगे।

साथियों बात अगर हम पुरानी पीढ़ी की वैचारिक मतभेद की करें तो, संभवत:जो लोग पुरानी पीढ़ी से संबंध रखते हैं वे युवा पीढ़ी को हमेशा शायद संदेह की नज़र के साथ देखते हैं। वे युवा पीढ़ी के साथ सामंजस्य नहीं बैठा पा रहे हैं। उन्हें लगता है कि उनका गुज़रा हुआ समय सबसे अच्छा समय था क्योंकि उस समय वे युवा थे और अपने बुजुर्गों का आदर करते थे तथा उनके प्रति अधिक आज्ञाकारी थे। वे ऐसा मानते थे कि अपने बुजुर्गों का अपमान करने से परिवार को अपूरणीय क्षति हो सकती है। इसके विपरीत आज के समय में युवाओं का मानना ? ?है कि उन्हें वृद्धों पर अत्यधिक निर्भर नहीं रहना चाहिए और उन्हें सब कुछ खुद करने के लिए आत्मनिर्भर होना चाहिए। युवा परिवार में अपने बुजुर्गों द्वारा दी सलाह का पालन करना शायद नापसंद करते हैं। जीवन की गति इतनी तेज हो गई है कि माता-पिता अपने बच्चों के लिए थोड़ा सा समय ही निकाल पाते हैं। युवा और बुज़ुर्ग पीढ़ी के बीच समझ और अंतरंगता को विकसित करने के प्रयास कम किए जा रहे हैं।

साथियों बात अगर हम युवाओं की दुविधा की करें तो, युवाओं को यह पता है कि वास्तव में हमारे देश की स्थिति क्या है। समर्पण, कर्तव्य, नैतिकता आदि पर चर्चाओं ने युवाओं को एक बड़ी दुविधा में डाल दिया है। आज के युवाओं को जो कुछ भी उनके बुजुर्ग उन्हें सिखाएंगे उसे वे आंख बंद कर स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं।

# धर्म या जाति के आधार पर किसी राजनैतिक दल का समर्थन या विरोध अनुचित



तनवीर जाफ़री



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव परिणाम भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में घोषित होने के बाद प्रदेश के कुशीनगर क्षेत्र से एक अप्रत्याशित एवं अफ़सोसनाक ख़बर आई। ख़बरों के अनुसार विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का जश्न मनाने पर बाबर नामक एक मुस्लिम युवक की हत्या कर दी गई थी। बताया जा रहा है कि कुशीनगर के रामकोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत कठघरही गांव में बाबर के रिश्तेदारों ने ही उसे पीट-पीटकर मार डाला। बाबर का %क़ुसूर% यह बताया जाता है कि उसने विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया था। बाबर के रिश्तेदार कथित तौर पर उससे इसीलिये नाराज़ थे क्योंकि वह भाजपा के लिये चुनाव प्रचार कर रहा था। उसके रिश्तेदार बाबर से तब और भी नाराज़ हो गये थे जब उसने भाजपा की जीत पर गांव में मिठाई बांटी थी। इसी के बाद उन्होंने बाबर की जमकर पिटाई कर दी। जिससे बाद इलाज के दौरान उसकी मौत गयी। मरणोपरांत उसके जनाज़े को कन्धा देने के लिये भाजपा विधायक पी एन पाठक कई पार्टी समर्थकों के साथ पहुंचे। समाचारों के अनुसार इस मामले पर ख़ुद मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने घटना पर शोक जताते हुए मामले की गहनता से निष्पक्ष जांच हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। विधायक पाठक ने कहा है कि-% इस मामले में कोई भी दोषी बख़्शा नहीं जाएगा, ढूंढवा कर आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी, ऐसी कार्रवाई होगी कि इनकी नस्ल दोबारा ऐसी घटना करने की जुर्रत नहीं कर पाएगी। कुछ आरोपी गिरफ़्तार भी किये जा चुके हैं।

इसी तरह की कुछ ख़बरें बदायूं,कानपुर और मध्य प्रदेश के इंदौर से भी प्राप्त हुई हैं जिनसे पता चलता है कि कहीं किसी मुस्लिम व्यक्ति को अपने घर पर भाजपा का झंडा लगाने का विरोध सहना पड़ा तो कहीं भाजपा की जीत की ख़ुशी में मिठाई बांटने का तो कहीं अपने घर में प्रधानमंत्री नरेंद्र का चित्र लगाने का। भारतीय लोकतंत्र में जहाँ प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मर्ज़ी के अनुसार किसी भी विचारधारा के किसी भी राजनैतिक दल का समर्थन अथवा विरोध करने का अधिकार हो वहाँ इस प्रकार के पूर्वाग्रह व इस तरह की हिंसक घटनाओं अथवा धमकियों को किसी भी सूरत में जायज़ नहीं ठहराया जा सकता। उपरोक्त लगभग सभी घटनाओं का राज्य प्रशासन व स्थानीय पुलिस द्वारा गंभीरता से संज्ञान लिया जा रहा है। बाबर की हत्या की घटना को तो मोहम्मद अख़लाक़,पहलू ख़ान,तबरेज़ व जुनैद आदि अनेक लोगों के साथ घटी %मॉब लिंचिंग% जैसी घटना भी कहा सकता है। सरकार व प्रशासन का ऐसे मामलों में सख़्ती दिखाना स्वागत योग्य क़दम है।

भारतीय जनता पार्टी भले ही मुस्लिम विरोध के नाम पर बहुसंख्य मतों को ध्रुवीकृत करने की रणनीति पर केंद्रित राजनीति क्यों न करती हो। और मुसलमानों की बहुसंख्य आबादी भी भाजपा को मुस्लिम विरोधी दाल क्यों न स्वीकार करे। परन्तु भाजपा में मुसलमानों का दख़ल कोई नई बात नहीं है। मध्य प्रदेश से संबंध रखने वाले आरिफ़ बेग 1973 में जनसंघ से जुड़े थे। वे बीजेपी के एक क़द्दावर नेता थे। 1977 लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी के टिकट पर बेग ने भोपाल से चुनाव लड़ा था और डॉ. शंकर दयाल शर्मा जो कि आगे चलकर देश के राष्ट्रपति भी बने,को हराकर एक बड़ी जीत दर्ज की थी। बेग 1989 में बैतूल लोकसभा सीट से बीजेपी के उम्मीदवार के तौर पर भी चुनाव लड़े और भारी मतों से जीते । आरिफ़ बेग मोरारजी देसाई की सकार में वाणिज्य और उद्योग मंत्री भी रहे थे। इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी के एक संस्थापक सदस्य का नाम था सिकंदर बख़्त। जनता पार्टी से 1980 में अलग होकर जब भारतीय जनता पार्टी बनी तो सिकंदर बख़्त इसी पार्टी में शामिल हुए और भाजपा के पहले मुस्लिम महासचिव बनाए गए। 1984 में उन्हें पार्टी का उपाध्यक्ष बनाया गया। इसी प्रकार मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की नातिन नजमा हेपतुल्लाह 2004 में बीजेपी में शामिल हुईं। पार्टी ने उन्हें राज्यसभा सदस्य भी बनाया। वे मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री बनीं। और बाद में उन्हें मणिपुर का राज्यपाल बना दिया गया। एमजे अकबर, मुख़्तार अब्बास नक़वी,शहनवाज़ हुसैन और ज़फ़र इस्लाम जैसे कई मुस्लिम नेता आज भी भाजपा में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहकर अपनी सेवायें दे रहे हैं। परन्तु चूंकि यह स्थापित व ऊँचे क़द के नेता हैं इसलिये शायद भाजपा विरोधी पूर्वाग्रह रखने वाले मुसलमानों के विरोध के स्वर इनके विरुद्ध बुलंद नहीं हो पाते।

ऐसा भी नहीं है कि धर्माधारित राजनैतिक विरोध सिर्फ़ मुसलमानों तक ही सीमित है। याद कीजिये जब भाजपा की एक साध्वी कही जाने वाली सांसद ने सार्वजनिक रूप से यह कहा था कि रामज़ादे भाजपा को वोट देंगे और %हराम ज़ादे % भाजपा के विरोध में। क्या अर्थ है इस वाक्य का ? आख़िर धर्माधारित विरोध का ही तो यह भी एक अंदाज़ है ? इसी तरह उत्तर प्रदेश के ताज़ातरीन विधानसभा चुनावों में सिद्धार्थनगर की डुमरियागंज सीट से भाजपा प्रत्याशी राघवेंद्र प्रताप सिंह का एक अत्यंत विवादित व अमर्यादित बयान सामने आया था जिसमें उसने कहा था कि -%जो हिन्?दू उन्हें छोड़कर किसी और को वोट देगा वो उसका डीएनए टेस्ट करवाएंगे कि उसमें हिन्?दू का ही ख़ून है या फिर मुसलमानों का ख़ून है%। राघवेंद्र प्रताप सिंह के इस बयान के बाद चुनाव आयोग ने सख़्ती दिखाते हुये 24 घंटे तक उसके चुनाव प्रचार करने पर रोक भी लगाई थी। उसका यह बयान हिन्दू मुस्लिम के बीच नफ़रत फैलाने तथा मतों के ध्रुवीकरण की कोशिश के साथ डराने धमकाने व भय फैलाने का प्रयास है अथवा नहीं। इसी तरह यदि आप तेलंगाना विधानसभा में गोशामहल के भाजपा विधायक राजा सिंह के %विचार % सुनें तो ऐसा लगेगा कि उनकी पूरी राजनैतिक कमाई ही मुस्लिम विरोध पर आधारित है। भाजपा में ही ऐसे तमाम नेता भरे पड़े हैं जो संघ की नीतियों के अनुसार मुसलमानों ,अल्पसंख्यकों,ईसाईयों तथा कंम्यूनिस्टों को पानी पी पी कर कोसते रहते हैं। परन्तु उनके विरुद्ध कार्रवाई करना तो दूर उल्टे उनकी प्रोन्नति होती देखि जा सकती है।

हो सकता है राजनैतिक उपलब्धियां हासिल करने का यह सांप्रदायिक शार्ट कट नेताओं को रास आता हो परन्तु लोकतंत्र के एक सच्चे प्रहरी व देश की एकता अखंडता व सद्भाव के रक्षक होने के नाते किसी भी धर्म व जाति के आम मतदाताओं का धर्म व जाति के आधार पर किसी राजनैतिक दल का समर्थन या विरोध करना हरगिज़ मुनासिब नहीं।

# रातों-रात स्टारडम की चाहत वाले टिक नहीं पाते




नए सिंगर रातों-रात स्टार बनने की कोशिश करते हैं, इसलिए लंबा नहीं चल पाते। बिना स्ट्रगल किए और बिना किसी गुरु से काम सीखे जो कलाकार थोड़े ही समय में फटाफट सब कुछ पाना चाहते हैं वे कामयाब नहीं हो पाते हैं। टिकाऊ सफलता के लिए कड़ी मेहनत, धैर्य, अनुभव और काबिलियत की जरूरत होती है। यह बात बॉलीवुड के प्रसिद्ध सिंगर मीका सिंह ने कही।

उन्होंने कहा, मैंने 75 रुपए मेहनताने से काम शुरू किया था और दलेर मेहंदी जैसे कई बड़े गायकों का असिस्टेंट बनकर इंडस्ट्री की बारीकियां सीखीं। पहला गाना आया तो मुझे 1000 रुपए मिले थे। पूरा स्ट्रगल करके, समय के साथ आगे बढ़ते हुए आज एक स्टार का दर्जा मुझे हासिल हुआ है, जबकि नए कलाकार इस मुकाम पर रातों-रात पहुंचना चाहते हैं। किसी सिंगर का एक गाना हिट हो जाता है तो वह खुद को कामयाब समझने लगता है, जबकि एक हिट गीत के बलबूते ढाई-तीन घंटे का स्टेज शो नहीं किया जा सकता। आज मेरे खुद के इतने सारे हिट गाने हैं कि अपने ही गाने गाकर मैं तीन घंटे का शो पूरा कर देता हूं।

उन्होंने कहा कि उनके कई गाने पिछले एक दशक से लगातार हिट चले आ रहे हैं और लोग आज भी सब गानों को एंजॉय करते हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं कि परमानेंट कामयाबी रातोंरात नहीं मिलती है। रातोंरात कोई व्यक्ति प्रसिद्धि तो पा सकता है, क्योंकि यह सोशल मीडिया का जमाना है, परंतु ऐसी कामयाबी नहीं पा सकता कि लोग उसे सालों साल याद रख सकें। उसके लिए तो प्रतिभा, परिश्रम और अनुभव की गलियों से गुजरना होता है। इन्हीं खासियतों की वजह से मीका सिंह आज सिंगिंग के मामले में बॉलीवुड के किंग कहलाते हैं।

वह एक जबर्दस्त परफॉर्मर हैं। मीका सिंह का एक रीएलिटी शो - स्वयंवर, मीका दी वोटी अगले महीने से स्टार भारत टीवी चैनल पर शुरू होने जा रहा है, जिसमें मीका अपने लिए एक उपयुक्त जीवनसाथी का चुनाव करेंगे। यह एक म्यूजिकल शो होगा, जिसमें करीब 30 युवतियां हिस्सा लेंगी। शो के बारे में उन्होंने कहा, मैं शादी के लिए खुद को तैयार करने के लिए सब कुछ कर रहा हूं क्योंकि मुझे अच्छा दिखना है। मैंने अपनी खुराक कम कर दी है।

मैं जीवन के इस नए चैप्टर को लेकर रोमांचित हूं। मैं एक ऐसी जीवनसाथी की तलाश में हूं जो मुझे समझ सके, मेरे परिवार को खुश रख सके और सबको साथ लेकर चल सके।

उन्होंने कहा कि उनका परिवार बस यही चाहता है कि वह अब वैवाहिक जीवन में भी सेटल हो जाएं। उन्हें और कोई उम्मीद नहीं है।

मुझे एक ऐसा साथी चाहिए जो मेरे काम के नेचर को समझ सके, क्योंकि मैं यात्रा बहुत करता हूं, सिंगर ने कहा। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को शुभकामनाएं देते हुए मीका सिंह ने कहा कि नशा और अपराध बढ़ाने वाले गानों पर रोक लगाने का सरकार का फैसला उचित है। उन्होंने कहा कि उन्होंने भगवंत मान के साथ कई शो किए हैं और मान एक नेकदिल इंसान हैं।

बीते दो वर्षों में लॉकडाउन के समय, मीका ने अपने एनजीओ - डिवाइन टच के माध्यम से प्रतिदिन एक हजार लोगों के लिए लंगर की व्यवस्था की। एनजीओ अनेक शहरों में भलाई के कार्य कर रहा है।




# बच्चों की शिक्षा के प्रति लापरवाही अब अभिभावकों को पड़ सकती है भारी

स्कूल अब शुरू हुए, शुरू हुई फिर पढ़ाई
दो साल बाद नन्ही बिटिया, स्कूल देख पाई
अब बच्चों के संग सब, स्कूल पढ़ने जायेंगे
नई गुरूजी की नई सीख, खूब सीखकर आयेंगे

अप्रैल माह आते ही स्कूलों की घंटी एक बार फिर से बजने के लिए तैयार है । एक लम्बे समय के बाद पूर्व प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की किलकारी स्कूल के कमरों से सुनाई देने को तैयार है । देश में लॉकडाउन के दौर ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है तो वह है शिक्षा; और शिक्षा में पूर्व-प्राथमिक एवं प्राथमिक शिक्षा की दशा बिगाड कर रख दिया है । सरकारी विद्यालयों में जहाँ बच्चा 5 से 6 वर्ष की उम्र में स्कूल जाकर अपनी शिक्षा ग्रहण करने को तैयार हो जाता है वही निजी विद्यालयों में 4 वर्ष से प्री-प्राइमेरी कक्षाओं में दाखिला के साथ पढाई की शुरुआत हो जाती है । अभी तक पूरे 2 वर्षों का समय गुजर गया है कुछ बच्चे जो शुरूआती कक्षा में दाखिले के लायक थे उन्होंने तो स्कूल का मुख तक नहीं देख पाया है; और यदि किसी तरह इन उम्र के बच्चों का दाखिला विद्यालय में हो भी गया तो कोरोना महामारी के दर से बंद स्कूलों के दर्शन नहीं हो पाए है । इनके लिए स्कूल की पढ़ाई और वहाँ का मजा एवं सीख परियों की कहानी जैसा है । नए सत्र के प्रारंभ होते ही बच्चों की शुरूआती शिक्षा के लिए शिक्षक के पास एक नई चुनौती होगी, क्योकि 2 वर्षों के लर्निंग गेप को समझते हुए, आगामी कार्ययोजना तय करके सत्र के लिए तैयारी करनी होगी ।

स्कूल का बच्चों के साथ एक अभिन्न नाता होता है, बच्चा अपने घर के बाद यदि कुछ सीखता है तो वह है स्कूल से । स्कूल में बच्चों को पढाई के साथ-साथ सर्वांगीण विकास की शिक्षा दी जाती है । स्कूल में रहकर बच्चे अपने संज्ञानात्मक ज्ञान, भावनात्मक ज्ञान, सामाजिक ज्ञान, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, तार्किक ज्ञान के साथ-साथ जीवनोपयोगी कौशलों को नही सीखते है । सत्र के प्रारंभ से ही बच्चों के मूलभूत कौशलो की और ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है । 2 वर्षों में बच्चों के कक्षा का विकास तो हुआ है परन्तु उनके शैक्षिक कौशलों का विकास उनके मुख्य धारा से पीछे नजर आता है । इस लर्निंग गेप के लिए हर स्कूल अपने स्तर पर तैयारी कर रहे है, उनकी इस तैयारी में बच्चों को कितना मानसिक रूप से तैयार होने की आवश्यकता है ये तो स्कूलों पर निर्भर करता है, वही अभिभावकों पर भी कुछ ज्यादा जिम्मेदारी बढ़ने की सम्भावनाये है क्योकि वगैर अभिभावकों के सहयोग एवं समर्थन से सकारात्मक परिणामों की संकल्पना एक स्वप्न साबित होगी।

स्कूली बच्चों के लर्निंग गेप को पाटने के लिए अप्रैल से स्कूलों का संचालन होने को तैयार है वही कुछ स्कूलों ने तो अगली कक्षाओं की पढ़ाई प्रारंभ भी कर दी है । शुरूआती कक्षाओं एवं प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों को सामान्य धारा में लाने के लिए पहले पन्ने से पढ़ाई शुरू करने की जरुरत हो सकती है । सबसे पहले यह पता लगाना होगा कि अभी बच्चे का लर्निंग स्तर क्या है और उसे किस स्तर में होना चाहिए था । यह पता लगने के बाद उसके कमजोर पहलु को सुद्रण करने के उचित प्रयास किये जाने चाहिए । अब बात आती है सामूहिक सीखने-सिखाने की प्रक्रिया के बारे में, ऐसे समय में एक-एक बच्चों की प्रगति रिपोर्ट पर तल्लीनता के कार्य करने की आवश्यकता है; नहीं तो एक बार पढ़ाई में पिछड़ा बच्चा आगे की पढाई में भी पिछड़ते ही जाएगा और उसका सीखना प्रभावित होगा । अधिकतर बच्चों में देखा भी गया है कि यदि उन्हें शुरूआती कक्षाओं में पढ़ना, समझना एवं समझकर बोलना आ जाता है तो वह किसी भी पढ़ाई को सहजता से पूर्ण करने लगता है, वहीं दूसरी ओर किसी बच्चे को पढ़ने, समझने एवं समझकर बोलने में दिक्कत होती है तो वह अपने पाठ्यक्रम से पिछड़ते जाता है, और अपने पाठ्यक्रम के साथ तालमेल नहीं बिठा पाते है और वह पढ़ाई में पीछे रह जाता है । अपने साथ के बच्चों को खुद से ज्यादा और स्वयं को कमतर आंकने लगता है, इससे उसे स्वयं पढ़ाई में अरुचि पैदा होने लगती है । बच्चों में अपनी पढ़ाई के प्रति अरुचि उसके शैक्षिक जीवन को प्रभावित करती है ।

इन बातों पर शिक्षकों को भलीभांति ध्यान देना होगा साथ ही अभिभावकों से सतत संपर्क बनाकर रखना होगा जिससे बच्चो की पढाई में ठीक से तालमेल बिठाया जा सके ।

अप्रैल माह के प्रारंभ से ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है । गर्मी दिन में सीधे आग उगल रही है ऐसे में छोटे बच्चों का स्कूल जाना एवं गर्मी में पढ़ाई करना किसी किसी चुनौती से कम नहीं होगी । इस समय दूरस्त एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ बुनियादी सुविधाओं का आभाव है वहाँ पर चिलचिलाती गर्मी में कक्षा में चटाई पर बैठे बच्चे अपनी पढाई पर ध्यान कैसे कर पाएंगे यह तो वक्त ही बताएगा, परन्तु अप्रैल में स्कूल का संचालन कर शिक्षा के गेप को पाटने का सर्वप्रथम उद्देश है ।

निजी स्कूलों में पढ़ाने वाले बच्चों के अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ नए सत्र की तैयारीयों में और स्कूलों के खर्चे का भी डर सता रहा है । निजी स्कूलों की मोटी फीस, बच्चों की महगी ड्रेस, महगी पुस्तक एवं कापियों के मूल्य ने अलग बैचेन कर रखा है । सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता पर लगे प्रश्न चिन्ह के कारण अभिभावकों का निजी स्कूलों की और पलायन पढ़ता ही जा रहा है । शिक्षा की एक मजबूत रीड कहे जाने वाले सरकारी स्कूल आज अपने अस्तिव की लडाई से जूझते हुए नजर आ रहे है । बहुत से सरकारी स्कूलों में बच्चों के कम नामांकन के चलते स्कूल बंद हो चले है या कुछ स्कूलों में ये हाल है कि जितने बच्चे है उतने या उससे अधिक शिक्षक है । सरकारी स्कूलों को अपना स्तर को उच्च करने पर विशेष ध्यान देना चाहिए जिससे सरकारी शिक्षा पर किये गए खर्चे का सही परिणाम दिख सके । सरकारी शिक्षको को केवल और केवल बच्चों को पढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित करना होगा । पढ़ाई के आलावा अन्य कार्य को पढ़ाई के पहले या पढ़ाई के बाद करने का कड़ाई से पालन करने की आवश्यकता होगी । बच्चों को पढ़ाना शिक्षक का पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए इसके लिए शिक्षा तंत्र में उचित मॉनिटरिंग सिस्टम बनाकर शिक्षकों की मदद के लिए कदम उठाना होगा । बच्चों की पढ़ाई की शुरुआत करने के लिए कक्षा अनुसार न पढ़ाकर उनके लर्निंग स्तर के अनुसार समूह बनाकर उनके सीख के अनुसार पढ़ाने पर पूरा जोर देना जरुरी है । एक लम्बे गेप के बाद बच्चों का लर्निंग स्तर में उतार-चढ़ाव अवश्य ही आया होगा, इसको समझने पर एक योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है । बच्चों की शिक्षा के गेप को पाटने में अब अभिभावकों को पूरा ध्यान देंने की आवश्यता है, बच्चों की शिक्षा के प्रति लापरवाही अब अभिभावकों को पड़ सकती है भारी, बच्चों की पढ़ाई को शिक्षा से जोड़ने के लिए शिक्षकों के साथ अब अभिभावकों को भी अपना पूर्ण योगदान देने की आवश्यता है, तभी पढ़ेगा इंडिया और बढेगा इंडिया ।

## रखे अलग विचार !



है सबको अधिकार ।
रखे अलग विचार ।।
लोकतंत्र का है यही ।
अब तक का आधार ।।
अपनी-अपनी राह सब ।
चलने को स्वतंत्र ।।
सबकी खातिर होगा ।
यही सच्चा मंत्र ।।
किसी के भी मत से ।
रख सकते संबंध ।।
सोच हो रचनात्मक ।
मिट्टी की सुगंध ।।
रहे इसका ध्यान ।
और हो इस पर काम ।।
हटतीं हैं बाधाएं ।
आतीं जो तमाम ।।

**कृष्णेन्द्र राय**

## शार्ट न्यूज

### अटल जी की जन्मस्थली बटेश्वर को पर्यटन नगरी बनाने का काम शुरू

आगरा। उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मस्थली बटेश्वर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का काम शुरू हो गया है। इसके तहत पर्यटन विभाग की टीम ने क्षेत्र का दौरा कर लिया है। अब इसके लिये विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने के निर्देश दिये गये हैं। मैनपुरी सदर सीट से विधायक चुने गये सिंह ने नवगठित योगी सरकार में पर्यटन एवं संस्कृत विभाग की जिम्मेदारी मिलने के बाद पहली बार क्षेत्र में पहुंचने पर संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उनके नगर आगमन पर आगरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति 'भारतीय संस्कृति व राष्ट्रवाद% के एजेंडे को लागू कराना है, जिससे बाहर से आने वाले पर्यटक भी भारतीय संस्कृति से रूबरू हो सकें। सिंह ने कहा कि उनकी प्राथमिकता बटेश्वर धाम को पर्यटन के रूप में विकसित करना है। उन्होंने बताया कि इस काम के लिये गठित पर्यटन विभाग टीम को निर्देशित किया है कि मंदिरों की श्रृंखला से युक्त बटेश्वर धाम को प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना को समयबद्ध तरीके से अमलीजामा पहनाया जाये।

### पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान भाजपा सरकार में सुरक्षित : शाही

देवरिया। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने रविवार को कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार में ही सुरक्षित है। शाही ने भाजपा द्वारा यहां आयोजित पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) की पूर्ववर्ती सरकार पंचायत प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता था। भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है और लोकतंत्र को मजबूत बनाने वाले पंचायत के प्रतिनिधियों का सम्मान करती है। उन्होंने कहा इस बार पंचायत प्रतिनिधियों के उत्साह को देखकर यह विश्वास हो गया है कि विधान परिषद के स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ. रतनपाल सिंह भारी अंतर से चुनाव जीतने जा रहे है। इस मौके पर देवरिया के सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने विधान परिषद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील करते हुए कहा कि इस चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित होने के बाद देवरिया-कुशीनगर के विकास कार्य को और अधिक गति मिलेगी। इस अवसर पर नवनिर्वाचित भाजपा विधायक शलभमणि त्रिपाठी सहित पार्टी के अन्य नेता उपस्थित थे।

### फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप में दो गिरफ्तार

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के पथरदेवा बाजार में रविवार को पुलिस ने एक साइबर कैफे में छापा मारकर वहां से काफी मात्रा में फर्जी सरकारी दस्तावेज तथा उनको बनाने के उपकरण बरामद कर दो सगे भाईयों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सदर पुलिस क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी के निर्देशन में तरकुलवा पुलिस ने एक सूचना के आधार पर पथरदेवा बाजार स्थित जेआईआईटी इन्स्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी पर छापेमारी कर वहां दो सगे भाईयों, जितेंद्र कनौजिया और सतेन्द्र कनौजिया को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 107 फर्जी निवास प्रमाण पत्र, 148 जाति प्रमाण पत्र, 6निर्वाचन प्रमाण पत्र, 7 ई-श्रम कार्ड, 35 आधार कार्ड और फर्जी मुहरों के साथ बिहार राज्य के 35 निवास प्रमाण पत्र, 21 जाति प्रमाण पत्र एवं 3 लैपटॉप, 2 की-बोर्ड, 2 माउस, 2 प्रिन्टर, 1 प्रोसेसर, 2 फिंगर प्रिंट स्कैनर बरामद किये हैं। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर रही है।

### योगी श्रावस्ती से करेंगे स्कूल चलो अभियान की शुरुआत

लखनऊ। कोरोना संक्रमण के कारण पिछले दो साल से अस्त व्यस्त स्कूली शिक्षा को पटरी पर लाने के मकसद से सोमवार से उत्तर प्रदेश में 'स्कूल चलो अभियान' की शुरूआत होगी जिसका श्रीगणेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रावस्ती जिले से करेंगे। अभियान के दौरान कम साक्षरता वाले जिलों पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण बुरी तरह प्रभावित शिक्षण व्यवस्था को गति देने के प्रयास के तहत इस अभियान की शुरूआत की जा रही है। दूसरी बार प्रदेश की कमान संभालने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा है कि सभी प्राइमरी स्कूलों को बेहतर सुविधाओं से लैस किया जाए। इसको ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। इससे पहले गुरुवार को मुख्यमंत्री ने उच्च अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए थे कि सभी अध्यापक घर-घर जाकर अभिभावकों से मिलकर बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करें। स्कूल चलो अभियान के साथ सभी जनप्रतिनिधियों को भी जोड़ा जाए। सभी विधायक एक-एक विद्यालय को गोद जरूर लें। इसके साथ ही अधिकारी भी स्कूलों को गोद लें। श्री योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिया था कि जिन जिलों की साक्षरता दर कम है, उन जिलों पर विशेष ध्यान दिया जाय। वहां के विद्यालयों में वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाए। स्कूल चलो अभियान की शुरुआत श्रावस्ती से की जा रही है, वहां की साक्षरता दर प्रदेश में सबसे कम है। इसके बाद बहराइच, बलरामपुर, बदायूं और रामपुर हैं। मुख्यमंत्री ने ये भी निर्देश दिए कि ऑपरेशन कायाकल्प से बेसिक शिक्षा परिषद के सारे विद्यालयों को आच्छादित किया जाए। प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय को सभी बुनियादी सुविधाओं से लैस किया जाए। इसके लिए निजी संस्थाओं, स्कूल के पुराने विद्यार्थियों को अभियान चलाकर जोड़ा जाए। स्कूलों के कायाकल्प के लिए सीएसआर (कारपोरेट सोशल रिपांस्बिलिटी) की मदद ली जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा बेसिक शिक्षा से जुड़े हर विद्यालय में पेयजल, टॉयलेट, स्मार्ट क्लास और फर्नीचर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं और बच्चों की यूनिफॉर्म और जूते मोजे की भी व्यवस्था का आदेश है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा है कि शिक्षकों की तैनाती से लेकर बुनियादी सुविधाओं का समयबद्ध अभियान चलाया जाए। हर बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती हो।

### सहारनपुर : सीबीआई अफसर बनकर घर में घुसे बदमाशों ने की लाखों की लूट

**सहारनपुर।** सहारनपुर में सीबीआई अफसर बनकर घर में घुसे बदमाशों ने पेंट व्यापारी और नौकर को गन प्वाइंट पर लेकर लाखों की लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश घर से करीब एक लाख की नगदी और ज्वैलरी लूट ले गए। पॉश इलाके में पूर्व विधायक के घर के पास हुई दिनदहाड़े हुई वारदात से हड़कंप मच गया। बदमाश व्यापारी का मोबाइल और सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी ले गए। सूचना पर पुलिस ने आसपास के मकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली। वारदात थाना सदर बाजार क्षेत्र की पॉश कॉलोनी अहमद बाग में हुई। कॉलोनी में पूर्व विधायक महावीर सिंह राणा के आवास के सामने पेंट व्यापारी पृथ्वीपाल सिंह का घर है। दोपहर करीब तीन बजे पृथ्वीपाल सिंह घर में सो रहे थे। जबकि, उनकी पत्नी एक कार्यक्रम में गई थीं। इसी दौरान मकान के मुख्यगेट की घंटी बजी, जिसके बाद घरेलू नौकर बहादुर ने दरवाजा खोला तो दो युवक घर में घुस आए और खुद को सीबीआई अफसर बताया। घर में घुसते ही बदमाशों ने पृथ्वीपाल सिंह और उनके नौकर को भी गन प्वाइंट पर लेकर बंधक बना लिया। इसके बाद लूटपाट शुरू कर दी। व्यापारी से पैसे मांगे तो उन्होंने घर के एक हिस्से में बने ऑफिस में रखे करीब एक लाख रुपये दे दिए। इसके बाद उन्होंने व्यापारी को एक कमरे में बंद कर दिया और दूसरे कमरे में बनी अलमारी से ज्वैलरी भी लूट ली। इतने में मकान की छत पर मरम्मत का काम कर रहे तीन युवक भी आए गए। बदमाश तमंचा लहराते हुए पीछे के दरवाजे से फरार हो गए। पुलिस ने संदेह के आधार पर चार संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। वहीं इस तरह की वारदात देने वाले बदमाशों का भी डाटा पुलिस खंगाल रही है। एसपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि थाना सदर बाजार क्षेत्र में पेंट व्यापारी को घर में बंधक बनाकर बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है। बदमाश एक लाख रुपये की नगदी और ज्वैलरी लूटकर ले गए हैं। छानबीन की जा रही है। जल्द ही इस वारदात का खुलासा किया जाएगा।

# काशी की बदली तस्वीर देख अभिभूत हुए नेपाल के प्रधानमंत्री

वाराणसी। नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने रविवार को अपनी पत्नी आरजू राणा देउबा के साथ यहां काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। पांच साल के अंतराल पर बाबा विश्वनाथ के दरबार में पहुंचे देउबा परिवार ने काशी का नया कलेवर देख अभिभूत महसूस किया।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। इससे पहले योगी ने वाराणसी पहुंचे नेपाल के प्रधानमंत्री की बाबतपुर हवाई अड्डे पर आगवानी की। हवाईअड्डे से देउबा बाबा काल भैरव मंदिर के लिये रवाना हो गये। काशी के कोतवाल के नाम से विख्यात काल भैरव की नेपाल पीएम ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की।

इसके बाद देउबा ने काशी विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगायी और विधिवत पूजा अर्चना की। इस दौरान देउबा दंपति पुनरुद्धार के बाद आकर्षक छठा बिखेर रहे काशी विश्वनाथ धाम परिसर को देर तक अपलक निहारते रहे।



प्रधानमंत्री देउबा और श्रीमती देउबा को शाश्वत नगरी काशी का नया कलेवर बहुत भाया। देउबा दंपति काशी में उनके भव्य स्वागत से अभिभूत थे तथा इसके लिए उन्होंने प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी और योगी को धन्यवाद दिया।

मेहमान प्रधानमन्त्री की पत्नी आरजू राणा देउबा ने रविवार को काशी यात्रा के अनुभव मीडिया से साझा करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में उन्होंने वाराणसी की यात्रा की थी। अब 5 साल बाद फिर काशी आने पर लगा मानों वह किसी दूसरे शहर में हों। यहां बहुत बदलाब आया है। विशेषकर काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में।

उन्होंने कहा कि पिछली यात्रा के दौरान हमें संकरी गलियाँ से होते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर तक पहुँचने का लंबा रास्ता तय करना पड़ा था। अब पूरा परिसर खुला हुआ और भव्य है। काशी विश्वनाथ धाम से गंगा सीधे दिखाई देती है।

श्रीमती देउबा ने कहा कि नेपाल में, काशी को एक ऐसी जगह के रूप में देखा जाता है, जहां जीवन की अपनी अंतिम सांस लेकर मनुष्य मोक्ष हासिल करता है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक रूप से, भारत और नेपाल एक हैं। भारत और नेपाल के बीच यह घनिष्ठ संबंध शाश्वत है, यह हमेशा रहेगा। वास्तव में किन्हीं दो देशों के बीच यह घनिष्टतम सम्बन्ध हैं।

# शामली में कुट्टू का आटा खाने से महिला और बच्चों सहित 10 लोग बीमार हुए

शामली। उत्तर प्रदेश के शामली में नवरात्र के व्रत के दौरान बाजार में बिक रहा दूषित कुट्टू का आटा खाने से एक महिला और कुछ बच्चों सहित 10 लोग बीमार हो गए।

जिला प्रशासन की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार शनिवार को शामली जनपद के कस्बा थानाभवन में नवरात्रि के त्यौहार पर व्रत में खाये जाने वाले कुट्टू के आटे का कुछ लोगों ने इस्तेमाल किया। जिसके बाद थानाभवन के मोहल्ला हाफिज दोस्त निवासी स्नेहलता पत्नी धर्मपाल, मीनाक्षी पुत्री धर्मपाल, सारिका पत्नी संजीव, गीता पत्नी महिपाल, पूजा पत्नी प्रमोद, परवेश पुत्र पप्पू, राम लेश पत्नी पप्पू बेबी पत्नी लाला को उल्टी और चक्कर आने की शिकायत हुयी। इनमें से दो महिलाओं की हालत ज्यादा खराब होने के कारण उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शेष मरीज अपने ही घर पर प्राइवेट चिकित्सक की निगरानी में इलाज करा रहे हैं। बीमार हुए लोगों में से कुछ को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं कुछ अन्य शहर के प्राइवेट चिकित्सक से इलाज करा रहे हैं। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मामले का संज्ञान लेकर एसडीएम शामली को कठोर कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि कुट्टू का आटा खाने से फूड प्वाइजनिंग के कारण कुछ लोगों की तबीयत खराब हो गई है। इस घटना पर संज्ञान लेकर उप जिला अधिकारी एवं खाद्य विभाग की टीम को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिये हैं। वहीं, स्वास्थ्य विभाग को बीमार हुए लोगों का उपचार करने को कहा गया है।

जिलाधिकारी के आदेश पर शामली के उप जिलाधिकारी बृजेश कुमार ने खाद विभाग की टीम के साथ बीमार लोगों के घर पहुंचे कर मामले की जानकारी ली। टीम ने उस दुकान से आटे का सैंपल लेकर जांच के लिये भिजवा दिये जहां से इन लोगों ने आटा खरीदा था। इस कार्रवाई से घबराये कई लोगों ने अपनी दुकानें बंद कर दी। सिंह ने कहा कि कस्बे में कुट्टू का आटा खाने से कुछ लोगों के बीमार होने की सूचना मिलने पर तत्काल इनके इलाज की व्यवस्था की गयी। खाद्य सुरक्षा टीम ने आटा बिक्रेता किराना स्टोर से सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम की शुरुआती जांच में पता चला है कि उक्त लोगों ने कस्बे में स्थित सतीश कुमार और पवन कुमार किराना स्टोर से कुट्टू का आटा खरीद कर उसकी रोटी खाई थी। इसके सेवान के बाद रात में उनकी तबीयत बिगड़ने लगी।

अस्पताल ले जाने पर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक डा विक्रम की देखरेख में बीमार लोगों का उपचार किया गया। इसके बाद इन लोगों की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। डाक्टर का कहना है कि खराब एवं दूषित भोजन से इन लोगों की तबियत बिगड़ गयी। डाक्टरों ने फिलहाल सभी मरीजों की स्थिति को खतरे से बाहर बताया है।

# योगी के बुलडोजर को ख़ां साहब ने दिया आमंत्रण

रामपुर। उत्तर प्रदेश में रामपुर जिले की तहसील शाहबाद क्षेत्र के ग्रामीण अहसान ख़ां ने ग्राम समाज के तालाब पर बने अपने ही मकान की तोड़ने की दरखास्त अधिकारियों को दी है। इस पर उपजिलाधिकारी सहित राजस्व अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया।

शाहबाद क्षेत्र के गांव मित्तरपुर के रहने वाले अहसान खां का पुश्तैनी मकान सरकारी तालाब की आराजी पर बना हुआ है, जिसको उन्होंने खुद कुबूल किया और सरकार से उसको तोड़ने की गुहार लगाई। खां ने उपजिलाधिकारी शाहबाद को तहरीर देकर बताया कि उनका एक पुश्तैनी मकान गांव में स्थित तालाब में बना हुआ है,लिहाजा उस मकान को गिरा दिया जाए। मित्तरपुर अहरौला में स्थित तालाब की आराजी पर लगभग 90 मकान बने हुए हैं। अधिकारियों राजस्व



टीम के पहुंचने से अवैध कब्जा धारियों में हड़कंप मचा हुआ है ।

मित्तरपुरपुर अहरौला के रहने वाले अहसान खां ने अधिकारियों को दरखास्त देकर कहा है कि सबसे पहले उसका मकान तोड़ा जाए। उसके बाद बाकी अवैध कब्जेदारों के और केवल मित्तरपुर में नहीं जिले में जहां जहां भी अवैध कब्जे हैं।

उन सभी को ध्वस्त किया जाए। ग्रामीणों ने बताया कि यह आबादी लगभग 50 -60 साल पुरानी है और मकान भी इतने ही पुराने बने हुए हैं।

# पाकिस्तान में नेशनल एसेंबली स्पीकर के खिलाफ विपक्ष की मुहिम

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की नेशनल एसेंबली में प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया शुरू होने के कुछ घंटे पहले विपक्षी दलों ने स्पीकर असद कैसर के खिलाफ रविवार को मोर्चा खोलते हुए उन्हें भी पद से हटाने की मुहिम शुरू कर दी। रिपोर्ट के मुताबिक स्पीकर के खिलाफ यह प्रस्ताव पाकिस्तान मुस्लिम लीग -नवाज और एमएनए मुर्तज़ा जावेद अब्बासी ने नेशनल एसेंबली सचिवालय में जमा किया। पीएमएल-एन ने कहा कि स्पीकर असद कैसर को संविधान के अनुच्छेद 53 और प्रक्रियागत तथा सदन की कार्यवाही 2007 के नियम 12 के तहत पदच्युत किया जायेगा। मुर्तजा ने कहा कि नियम 12 के उपनियम (1) और (2) के अनुसार इस संबंध में नोटिस एसेंली के सभी सदस्यों को भेजा जाना चाहिए और सात कार्यदिवस के भीतर चर्चा के लिए सदन के पटल पर रखा जाना चाहिए। नेशनल एसेंबली में विधायिका संबंधी कार्यों , विशेष कर प्रधानमंत्री के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के समय स्पीकर के काम के तरीके पर विपक्ष ने कड़ी नाराज़गी जतायी थी और इस मामले को लेकर स्पीकर लगातार विपक्ष के निशाने पर हैं।

# स्नातक छात्रा की खुदकुशी के मामले में चार गिरफ्तार, सिपाही मुअत्तल

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के कस्बा बेहट में अनुसूचित जाति की स्नातक छात्रा की खुदकुशी के मामले में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में एक सिपाही को मुअत्तल कर दिया गया है।

पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि बीए की 20 वर्षीय छात्रा ने अपने फोटो वायरल होने और पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं होने से आहत होकर पिछली 31 मार्च को खुदकुशी कर ली थी। छात्रा ने सुसाइड नोट में दो युवकों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया। बेहट पुलिस ने इस मामले में रविवार को चार युवकों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी आकाश तोमर ने पुलिस लापरवाही की जांच सीओ बेहट चित्रांशु गौतम को सौंपी है। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले सिपाही अतुल कुमार को मुअत्तल कर दिया है।

उन्होने बताया कि कस्बा बेहट के मोहल्ला माजरी निवासी छात्रा अपनी मां के साथ 31 मार्च की रात्रि में करीब साढे 11 बजे इन युवकों की शिकायत करने बेहट थाने गई थी। थानाध्यक्ष बृजेश पांडे और डयूटी पर तैनात दरोगा ने मां-बेटी की शिकायत नहीं सुनी और मौजूद सिपाही अतुल कुमार ने उन्हें अगले दिन सुबह थाने पर आने को कहकर वापस लौटा दिया। छात्रा की मां का आरोप है कि पुलिस में सुनवाई न होने से आहत उनकी बेटी ने एक अप्रैल को तडके कोई विषैला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। छात्रा के पिता उत्तरकाशी में अपने काम पर गए हुए थे। परिजनों ने बिटिया का अंतिम संस्कार कर दिया।

शनिवार को छात्रा के परिजनों को उसकी किताब से एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें उसने अपनी खुदकुशी के लिए पडोस के दो युवकों को दोषी ठहराया।

छात्रा ने अपने परिजनों को इस मामले में बेकसूर बताया। छात्रा के परिजनो ने बेहट कोतवाली में अपने पडोसी सलीम और उसके भाई वसीम के खिलाफ तहरीर दी जिसमें आरोप लगाया गया कि उनके कारण उनकी बिटिया ने खुदकुशी की है।

घटना की जानकारी मिलने पर बीती रात एसएसपी आकाश तोमर बेहट कोतवाली गए और स्वयं पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस ने रविवार को नामजद आरोपी दोनो सगे भाइयों सलीम और वसीम को और उनसे पूछताछ करने के बाद मोहल्ले के ही दो अन्य युवकों धीरज और मोहित को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी देहात अतुल शर्मा ने बताया कि पुलिस ने छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने की आईपीसी की धारा 306 के तहत चारो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनको गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार चारो युवकों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है।

# शिवपाल को लेकर बोले उपाध्याय, भाजपा को नहीं है पार्टनर की जरूरत

इटावा। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव से दूरी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव की नजदीकियों की अटकलों के बीच प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने रविवार को तंज कसा कि उनकी पार्टी को अब किसी पार्टनर की जरूरत नहीं है।

श्री उपाध्याय ने यहां पत्रकारों से कहा कि भाजपा को अब किसी भी पार्टनर की जरूरत नही है क्योंकि उत्तर प्रदेश की सरकार ना केवल पूर्ण बहुमत में हैं बल्कि दो तिहाई बहुमत बहुमत भी उसके पास है। अगर कोई भाजपा का साथ देना चाहता है तो आकर दे हालांकि इस संबंध में पार्टी आलाकमान को निर्णय लेना है।

गौरतलब है कि इससे पहले उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने श्री शिवपाल यादव के बारे में पूछे गये एक प्रश्न के जवाब में कहा था कि भाजपा के पास अब कोई बैकेंसी नहीं है।

उन्होंने कहा कि योगी सरकार के प्रथम कार्यकाल में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पटरी पर आई और अब दूसरे कार्यकाल में शिक्षा व्यवस्था को गति मिलेगी । शैक्षिक वातावरण में सुधार होगा और शिक्षक-छात्र हित में नीतिगत निर्णय लिए जाएंगे। शैक्षिक वातावरण कैसे बने, इस दिशा में 100 दिन की नीतिगत योजना तैयार कर शीघ्र मुख्यमंत्री को सौंपी जाएगी।

पेपर लीक मामले में पूछे गये एक सवाल पर उन्होने कहा कि इस पर कड़ाई बरतेंगे, आरोपितों को बख्शेंगे नहीं। पहले पेपर लीक के आरोपितों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होता था, पेपर बाजार में बिकते थे लेकिन अब आरोपित संरक्षित नहीं, दंडित हो रहे हैं।

श्री उपाध्याय ने बताया कि योगी सरकार ने यूपीजेईई बीएड की रजिस्ट्रेशन फीस 33 प्रतिशत कम करके छात्रों को बड़ी राहत दी है। छात्रों के हित में बीएड प्रवेश परीक्षा शुल्क कम करने का फैसला लिया गया है। यूपीजेईई बीएड का नोटिफिकेशन 15 अप्रैल को जारी किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा जुलाई के पहले सप्ताह में आयोजित किया जा सकता है। परिणाम पांच अगस्त को घोषित किए जा सकते हैं जबकि काउंसलिंग 10 से 25 अगस्त के बीच होगी।

सामान्य श्रेणी, अन्य पिछड़ा वर्ग और यूपी के बाहर के उम्मीदवारों को बीएड आवेदन के लिए 1500 रुपये के बजाय अब 1000 रुपये का भुगतान करना होगा। विलंब शुल्क 1600 रुपये है, जो पहले 2500 रुपये थी वहीं अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क पहले के 750 रुपये से घटाकर 500 रुपये और विलंब शुल्क के साथ पहले के 1250 रुपये से 800 रुपये कर दी गई है। इसके अलावा सभी बीएड योग्य उम्मीदवारों को सरकार द्वारा पहले लिए गए 1000 रुपये के बजाय काउंसलिंग शुल्क के रूप में 650 रुपये का भुगतान करना होगा।

उच्च शिक्षा मंत्री उपाध्याय ने छात्र संघ चुनाव के संबंध में कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक परंपराओं और लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाए रखने के पक्ष में सदैव रही है। स्वस्थ राजनीति के लिए छात्र संघ चुनाव कराए जाने चाहिए। हालांकि अभी पूर्व की ही स्थिति रहेगी। इस संबंध में कुलपतियों के साथ बैठक कर विमर्श करने के बाद ही निर्णय लिया जाएगा।

# कानपुर में शॉपिंग मॉल में लगी आग, जनहानि नहीं

कानपुर। उत्तर प्रदेश में कानपुर के काकादेव क्षेत्र में स्थित एक एक शापिंग माल में रविवार दोपहर आग लगने से भगदड़ मच गयी। हादसे में हालांकि कोई जनहानि नहीं हुयी।

दमकल विभाग के सूत्रों ने बताया कि रेव मोती शापिंग माल में दोपहर 1:30 बजे शार्ट सर्किट से आग लग गई और तेज धुआं माल के अंदर भरने से भगदड़ मच गई। कंट्रोल रूम की सूचना पर तीन थानो की पुलिस मौके पर पहुंची।

इस बीच मुख्य अग्निशमन अधिकारी फजलगंज समेत अन्य फायर स्टेशनों से दमकल की गाड़ियों के साथ घटनास्थल पहुंचे। ट्रैफिक पुलिस ने देवकी से गुटैया क्रासिंग के मार्ग पर बैरियर लगाकर यातायात रोक दिया। दमकल जवानों ने शापिंग माल के सामने और पीछे के गेट से गाड़ियां लगाकर आग बुझाना शुरू किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद दमकल जवानों ने आग पर काबू पाया। दूसरी मंजिल के बाद दमकल जवानों ने आग की लपटों को तीसरी और चौथी मंजिल तक पहुंचने से रोक दिया।

एहतियात के तौर पर पांच एंबुलेंस घटनास्थल पर भेजी गईं। संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया की आग से कोई जनहानि नहीं हुई है और समय रहते जवानों ने आग पर काबू पाया है। आग लगने के कारणों की जांच कराई जा रही है।

# योगी ने मां विंध्यवासिनी का लिया आशीर्वाद

मिर्जापुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विंध्य की अधिष्ठात्री देवी मां विंध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन किया।

विंध्याचल में चल रहे नवरात्र मेला के दूसरे दिन योगी आदित्यनाथ ने एक आम दर्शनार्थी की तरह अपनी कुल देवी का पूजन कर आशीर्वाद मांगा। उन्होने खुद की बहुप्रतीक्षित विंध्य कोरिडोर परियोजना का भौतिक निरीक्षण किया। दूसरी बार मुख्यमंत्री पद का दायित्व संभालने के बाद उनकी यह पहली यात्रा थी। पहले कार्यकाल में वह यहां दस बार आ चुके हैं। मुख्यमंत्री के लिए सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था की गयी थी।

इस दौरान मंदिर परिसर को खाली करा लिया गया था।

योगी आदित्यनाथ आज तीसरे पहर मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन पूजन के लिए पहुंचे। उन्होंने पूरे विधि विधान से की अभ्यर्थना की और आशीर्वाद मांगा। पूरे धार्मिक कार्य स्थानीय भाजपा विधायक एवं विंध्याचल धाम के तीर्थ पुरोहित रत्नाकर मिश्र और उनके सहयोगी पंडितों की टीम ने कराया। मंत्रोच्चार के बीच योगी आदित्यनाथ ने पूजन किया। हवन कुंड में साकला डाल हवन भी किया।

मुख्यमंत्री के यहां धाम में पहुंचने से पहले सभी पूजन सामग्री आदि की तैयारियां पूरी कर ली गई थी। उन्होंने धाम में स्थित लधु त्रिकोण कर मां विंध्यवासिनी देवी के साथ मां काली और मां सरस्वती देवी के भी दर्शन किए।

शनिवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मां के दरबार में हाजिरी लगायी थी। नवरात्रि के चलते धाम लाखों श्रद्धालुओं से भरा पड़ा था।विंध्य कोरिडोर निर्माण के साथ ही यहां अब तक भीड़ के सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं। पिछले कई दशकों में ऐसी भीड़ यहां नहीं देखी गई थी।

मुख्यमंत्री के लिए पुलिस लाइन में हैलीकॉप्टर उतरने की व्यवस्था की गयी थी। यहां वे सड़क के रास्ते विंध्याचल धाम तक गये। रास्ते में जगह जगह बैरियर लगा कर आम आदमी के लिए यात्रा रोक दी गई थी। मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए चप्पे चप्पे पर सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया था। जिला प्रशासन और पुलिस के आला अफसर व्यवस्था को खुद अपने हाथों में ले रखी थी।

मुख्यमंत्री का यहां भाजपा के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ भारी संख्या में जुटे भाजपाईयों ने उनका स्वागत किया।

उनके आने की सूचना पर कार्यकर्ता अति उत्साह में थे। हैलिपैड पर अधिकारियों द्वारा स्वागत के दौरान मुख्यमंत्री ने उनसे कोरिडोर और जल मिशन योजना की जानकारी ली और उन्हें सरकार की मंशा के अनुसार कार्य करने की हिदायत दी।

# पेपर लीक मामले का मास्टर माइंड समेत अब तक 46 गिरफ्तार

एजेंसी

बलिया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडियेट परीक्षा में पिछली 30 मार्च को अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में पुलिस ने वारदात के मास्टर माइंड समेत अब तक 46 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि घटना के मास्टर माइंड महाराजी देवी स्मारक इंटर कालेज के प्रबंधक निर्भय नरायन सिंह और कम्प्यूटर संबंधी काम की दुकान के संचालक राजीव प्रजापति समेत 46 लोगों को पुलिस ने अब तक गिरफ्तार किया है। इनमें जिला विद्यालय निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्र भी शामिल है।



उन्होने बताया कि निर्भय ने अंग्रेजी का प्रश्नपत्र निकाल कर राजीव प्रजापति के माध्यम से सुभाष इंटर कालेज में अंग्रेजी के अध्यापक अविनाश गौतम से साल्व कराया। साल्वड कापी निर्भय को उपलब्ध करायी गयी जिसने 25 हजार से 30 हजार रूपये प्रति छात्र के हिसाब से तय कर इस सोल्यूशन को मुलायम चौहान, मनीष चौहान और बृजेश चौहान (राइटर्स) द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं में लिखवाया गया। निर्भय ने और रकम ऐंठने के लिये यह प्रश्नपत्र और लोगों को भी दिया। उधर राजीव प्रजापति ने अपने मोबाइल फोन से प्रश्नपत्र की पीडीएफ बनाकर सोशल मीडिया के जरिये अन्य लोगों को बेचा।

इसकी पुष्टि उनके बैंक खातों के पेटीएम ट्रांजेक्शन से की जा चुकी है। इस मामले में चार प्रबंधक, तीन प्रधानाचार्य, दस शिक्षक, पांच प्राइवेट कोचिंग शिक्षक और तीन विद्यालय क्लर्क समेत अन्य जांच के दायरे में है। इस चुनौतीपूर्ण कार्य के लिये पुलिस ने सात टीमों का गठन किया था।

## शार्ट न्यूज

### चांदी में 2242 रुपये की गिरावट, सोना भी नरम

**मुंबई।** वैश्विक बाजार की गिरावट के दबाव में बीते सप्ताह घरेलू सर्राफा बाजार में चांदी 2242 रुपये प्रति किलोग्राम उतर गया और सोना में 90 रुपये प्रति दस ग्राम की नरमी रही। समीक्षाधीन सप्ताह में वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में गिरावट का रुख रहा। सोना हाजिर 22.94 डॉलर प्रति औंस गिरकर सप्ताहांत पर 1930.17 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। साथ ही अमेरिकी सोना वायदा भी 30.74 डॉलर प्रति औंस टूटकर 1930.86 डॉलर प्रति औंस रह गया। इसी तरह सप्ताहांत पर चांदी हाजिर भी 0.94 डॉलर प्रति औंस उतरकर 24.65 डॉलर प्रति औंस रही। बीते सप्ताह देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 90 रुपये फिसलकर 51725 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। साथ ही सोना मिनी 40 रुपये गिरकर 51550 रुपये प्रति दस ग्राम रह गया। इसी तरह समीक्षाधीन अवधि में स्थानीय स्तर पर चांदी 2242 रुपये की बड़ी गिरावट लेकर 66625 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। इसी तरह चांदी मिनी 2099 रुपये सस्ता होकर सप्ताहांत पर 66885 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.03 अरब डॉलर घटकर 617.65 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 मार्च को समाप्त सप्ताह में 2.03 अरब डॉलर कम होकर 617.65 अरब डॉलर पर आ गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.6 अरब डॉलर गिरकर 619.6 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 25 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.2 अरब डॉलर गिरकर 550.45 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस दौरान स्वर्ण भंडार 1.23 अरब डॉलर बढ़कर 43.24 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.4 करोड़ डॉलर घटकर 18.82 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 1.4 करोड़ डॉलर कम होकर 5.13 अरब डॉलर रह गई।

### इन्दौर. खाद्य तेल : सोयाबीन रिफाइंड- पाम तेल में गिरावट

**इंदौर।** सप्ताहांत खाद्य तेलों में खरीदी सुस्ती से भाव गिरावट लिए रहे। कारोबार में मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड, पाम तेल सस्ता बिका। तिलहनों में लिवाली रही इससे भाव मजबूत रहे। कपास्या खली में तेजी दर्ज की गई। कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1590 से 1600 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1590 से 1610 रुपये होकर थमा। सोयाबीन रिफाइंड 1520 से 1525 रुपये पर खुलकर 1480 से 1485 रुपये बिका। पाम तेल 1540 से 1545 रुपये खुलकर 1530 से 1535 रुपये होकर पर बंद हुआ। तिलहन जिन्सों में भाव ऊपर-नीचे हुए। सप्ताहांत सरसो सोयाबीन में मांग रही। खली में मजबूत बताई।

### टाटा की इस कंपनी ने एक साल में ही बदल दी निवेशकों की किस्मत, एक लाख का हुआ 18 लाख रुपये

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में अगर सोच-समझकर निवेश करते हैं, तो कम समय में ही ज्यादा मुनाफा कमा सकते हैं। ने पिछले एक साल में निवेशकों की किस्मत बदल दी है। टाटा की इस कंपनी के शेयरों में पिछले एक साल के दौरान 1755.6 प्रतिशत उछाल देखने को मिला है। यानी जिस किसी ने भी एक साल पहले इस कंपनी में निवेश किया होगा आज उसकी किस्मत बदल गई होगी। एक साल पहले के एक शेयर की कीमत महज 33.25 रुपये थी। लेकिन आज के समय में एक शेयर की कीमत बढ़कर 617 रुपये है। अगर किसी ने निवेशक 1 लाख रुपये का निवेश किया होगा तो आज वह बढ़कर 18.55 लाख रुपये हो गया होगा। कंपनी के स्टॉक का भाव पिछले 52 सप्ताह में सबसे उच्चतम स्तर 923.85 रुपये प्रति शेयर की ऊंचाई तक पहुंच गया था। वहीं, सबसे निचला स्तर 31 प्रति शेयर का था। इस मल्टी-बैगर स्टॉक का मार्केट कैप 978.83 करोड़ रुपये है। टाटा की ये कंपनी ऑटो मॉड्यूल्स, शीट मेटल मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई करती है।

### भारत ने वित्त वर्ष 2021-22 में रिकॉर्ड 418 अरब डॉलर का निर्यात किया

नयी दिल्ली। पेट्रोलियम उत्पाद, इंजीनियरिंग वस्तुओं, रत्न एवं आभूषण और रसायन क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से वित्त वर्ष 2021-22 में भारत का वस्तुओं का निर्यात 418 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को वित्त वर्ष 2021-22 के व्यापार आंकड़े जारी करते हुए यह जानकारी दी। आंकड़ों के अनुसार, मार्च, 2022 में देश ने 40 अरब डॉलर का निर्यात किया जो एक महीने में निर्यात का सर्वोच्च स्तर है। इसके पहले मार्च, 2021 में निर्यात का आंकड़ा 34 अरब डॉलर रहा था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने वित्त वर्ष 2020-21 में 292 अरब डॉलर का निर्यात किया था। वर्ष 2021-22 में निर्यात आंकड़ा बड़ी बढ़त के साथ 418 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। गत 23 मार्च को देश ने 400 अरब डॉलर के निर्यात आंकड़े को पार कर लिया था। गोयल ने संवाददाताओं से कहा कि हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष में भारत का निर्यात बेहतर रहने का एक बड़ा कारण पेट्रोलियम उत्पादों, इंजीनियरिंग, रत्न एवं आभूषण, रसायन और फार्मा क्षेत्रों का बढ़िया प्रदर्शन रहा। भारत ने सबसे ज्यादा अमेरिका को निर्यात किया और उसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), चीन, बांग्लादेश एवं नीदरलैंड का स्थान रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निर्यात आंकड़ा 400 अरब डॉलर के पार पहुंचने को एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा था कि यह आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में मील का पत्थर है।

### वृद्धि को समर्थन के लिए मौद्रिक समीक्षा में यथास्थिति कायम रखेगा रिजर्व बैंक : विशेषज्ञ

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक अपनी आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों के मोर्चे पर यथास्थिति कायम रख सकता है। हालांकि खुदरा मुद्रास्फीति के ऊपरी संतोषजनक स्तर पार कर जाने, रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से पैदा हुई अनिश्चितताओं और वृद्धि को संरक्षण और प्रोत्साहन देने की जरूरत के मद्देनजर केंद्रीय बैंक के रुख में बदलाव भी हो सकता है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अगुवाई वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की चालू वित्त वर्ष 2022-23 की पहली मौद्रिक समीक्षा बैठक छह से आठ अप्रैल को होगी। इस बैठक के नतीजों की घोषणा आठ अप्रैल को की जाएगी। रेटिंग एजेंसी इक्रा लिमिटेड की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि अप्रैल 2022 की नीतिगत समीक्षा में एमपीसी द्वारा अपने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-आधारित मुद्रास्फीति के अनुमान में संशोधित किए जाने की उम्मीद है। इसके अलावा 2022-23 के लिए वृद्धि दर के अनुमानों को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''एमपीसी मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए वृद्धि का 'त्याग' नहीं करेगी। मध्यम अवधि के लिए मुद्रास्फीति का लक्ष्य छह प्रतिशत के ऊंचे स्तर पर है, ऐसे में एमपीसी का रुख अन्य केंद्रीय बैंकों की तुलना में अधिक समय के लिए वृद्धि को समर्थन देने वाला रहेगा।'' उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर अप्रैल, 2022 में नीतिगत मोर्चे पर यथास्थिति कायम रखने की उम्मीद है। एक्यूट रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य विश्लेषण अधिकारी सुमन चौधरी ने कहा कि मौजूदा अनिश्चितताओं को देखते हुए रिजर्व बैंक के पास मौद्रिक नीति को कड़ा करने की सीमित गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि युद्ध के हानिकारक प्रभाव के बीच केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति को संतोषजनक स्तर पर रखने के लिए कदम उठाना होगा और साथ ही वृद्धि को समर्थन भी प्रदान करना होगा। चौधरी ने कहा कि आगे चलकर रिजर्व बैंक जून-अगस्त, 2022 की मौद्रिक समीक्षा में रिवर्स रेपो दर में 0.4 प्रतिशत और 2022-23 की शेष अवधि में रेपो दर में कुल मिलाकर आधा प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है। दूसरी ओर, हाउसिंग.कॉम, मकान.कॉम और प्रॉपटाइगर.कॉम के समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ध्रुव अग्रवाल ने कहा कि यूक्रेन युद्ध के कारण मुद्रास्फीति के दबाव में वृद्धि को देखते हुए रिजर्व बैंक के लिए यथास्थिति को कायम रखना मुश्किल होगा।

# जनवरी में 93.22 लाख उपभोक्ताओं ने छोड़ी जियो की सेवा, एयरटेल से जुड़े 7.14 लाख

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वायरलेस टेलीफोन बाजार में सबसे बड़ी हिस्सेदारी रखने वाली दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी रिलायंस जियो की इस वर्ष जनवरी में 9322583 उपभोक्ताओं ने सेवा छोड़ दी जबकि इस अवधि में मात्र एकमात्र भारती एयरटेल 714199 नये ग्राहकों को जोड़ने में कामयाब रही है।

दूरसंचार नियामक ट्राई की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2022 में रिलायंस जियो ने 2.24 प्रतिशत यानी 93 लाख 22 हजार 583 ग्राहक गंवा दिये वहीं इस दौरान भारती एयरटेल एकमात्र ऐसी कंपनी रही, जिसने 0.20 प्रतिशत की मासिक वृद्धि के साथ सात लाख 14 हजार 199 नये ग्राहक जोड़ने में सफल रही। हालांकि उसने अपने कुल उपभोक्तओं की संख्या में टाटा टेलीसर्विसेज के ग्राहकों की संख्या को शामिल किया है।

आलोच्य अवधि में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के 0.33 प्रतिशत यानी 377520 ग्राहक, वोडाफोन आइडिया के 0.15 प्रतिशत 389082 ग्राहक, रिलायंस कम्युनिकेशंस के 0.08 प्रतिशत यानी तीन और एमटीएनएल के 0.01 प्रतिशत अर्थात 431 उपभोक्तओं ने सेवा छोड़ दी है।

इस दौरान रिलायंस जियो की बाजार हिस्सेदारी सबसे अधिक 35.49 प्रतिशत रही। इसके बाद एयरटेल 31.13 प्रतिशत, वोडाफोन आइडिया 23.15 प्रतिशत, बीएसएनएल 9.95 प्रतिशत, एमटीएनएल 0.28 प्रतिशत और रिलायंस कम्युनिकेशंस की बाजार हिस्सेदारी 0.0003 प्रतिशत रही।

31 जनवरी 2022 की स्थिति के अनुसार, निजी सेवा प्रदाताओं के पास वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या का 89.76 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी थी जबकि दो सार्वजनिक क्षेत्र के टेलीफोन सेवा प्रदाताओं बीएसएनएल और एमटीएनएल के पास 10.24 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी थी।

इस तरह दिसंबर 2021 तक कुल मोबाइल फोन उपभोक्तओं की संख्या एक अरब 15 करोड़ 46 लाख 20 हजार थी, जो जनवरी 2022 में 0.81 प्रतिशत घटकर एक अरब 14 करोड़ 52 लाख 40 हजार रह गई। इस दौरान वायरलेस दूरसंचार घनत्व 84.17 प्रतिशत से कम होकर 83.43 प्रतिशत पर आ गई।

आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में देश में टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या एक अरब 17 करोड़ 84 लाख 10 हजार से 0.76 प्रतिशत घटकर एक अरब 16 करोड़ 94 लाख 60 हजार पर आ गई।

इस दौरान समग्र देश में दूरसंचार घनत्व 85.91 प्रतिशत से कम होकर 85.19 प्रतिशत रह गया है।

# आरबीआई की मौद्रिक नीति पर रहेगी शेयर बाजार की नजर

**मुंबई।** रूस-यूक्रेन तनाव में नरमी, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लिवाली और औद्योगिक उत्पादन में तेजी की बदौलत पिछले सप्ताह तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी में रहे शेयर बाजार पर अगले सप्ताह रिजर्व बैंक (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई के तीस शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स ने नये वित्त वर्ष का जोरदार स्वागत किया और सप्ताहांत पर 1914.49 अंक की छलांग लगाकर 59 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 59276.49 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 517.45 अंक उछलकर 17670.45 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन अवधि में दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। सप्ताहांत पर मिडकैप 653.68 अंक की तेजी के साथ 24443.59 अंक और स्मॉलकैप 898.81 अंक की मजबूती के साथ 28699.41 अंक पर पहुंच गया।



विश्लेषकों के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, रूस-यूक्रेन के मोर्चे पर कुछ सकारात्मक खबरें, एफआईआई की लिवाली, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) का निरंतर समर्थन और औद्योगिक गतिविधियों में तेजी के कारण शेयर बाजार ने वित्त वर्ष 2022-23 में मजबूत शुरुआत की। वैश्विक बाजार स्थिर हैं लेकिन भू-राजनीतिक स्थिति के बारे में अभी भी कोई स्पष्टता नहीं है। उच्च मुद्रास्फीति और मंदी दोनों की स्थिति चिंताजनक है वहीं चीन कोविड महामारी से जूझ रहा है।

अगले सप्ताह, घरेलू शेयर बाजार की दिशा निर्धारित करने में आरबीआई मौद्रिक नीति की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। अधिकांश केंद्रीय बैंक पहले ही ब्याज दरों में वृद्धि कर चुके हैं जबकि आरबीआई यथास्थिति बनाए हुए है। इस परिदृश्य में देखना दिलचस्प होगा कि आरबीआई मुद्रास्फीति और विकास दानों को कैसे प्रबंधित करेगा।

ऐतिहासिक रूप से अप्रैल शेयर बाजार के लिए सबसे अच्छे महीनों में से एक है, जहां मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों का प्रदर्शन बेहतर है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि वित्त वर्ष 2021-22 की दूसरी छमाही में जमकर बिकवाली करने के बाद एफआईआई वित्त वर्ष 2022-23 में कैसा व्यवहार करेंगे। हालांकि उन्होंने पिछले सप्ताह में 5600 करोड़ रुपये की लिवाली की है।

बीते सप्ताह गुरुवार की गिरावट को छोड़कर शेष चार दिन शेयर बाजार में तेजी रही।

वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर तेल एवं गैस, बैंकिंग और एनर्जी जैसी कंपनियों में हुयी लिवाली के बल पर सोमवार को सेंसेक्स 231.29 अंकों की तेजी के साथ 57593.49 अंक पर और निफ्टी 69 अंक उठकर 17222 अंक पर रहा। इसी तरह मंगलवार को सेंसेक्स 350.16 अंक बढ़कर 57943.65 अंक पर और निफ्टी 103.30 अंक चढ़कर 17325.30 अंक पर रहा।

वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर वित्त, इंडस्ट्रियल्स, आईटी, दूरसंचार, ऑटो, बैंकिंग और रियल्टी समेत बारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 740.34 अंक की छलांग लगाकर 58683.99 अंक और का निफ्टी 172.95 अंक उछलकर 17498.25 अंक पर रहा। वहीं, गुरुवार को वैश्विक तर से मिले नाकरात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर हेल्थकेयर, आईटी, टेक, वित्त, एनर्जी और बेसिक मटेरियल्स जैसे समूहों में हुयी बिकवाली के कारण शेयर बाजार में जारी तेजी पर ब्रेक लग गया और सेंसेक्स 115.48 अंक टूटकर 58568.50 अंक और निफ्टी 33.50 प्रतिशत गिरकर 17464.75 अंक पर रहा।

चालू वित्त वर्ष के पहले दिन शुक्रवार को निवेशकों की चौतरफा लिवाली के बल पर घरेलू शेयर बाजार में एक फीसदी से अधिक तेजी रही। इस दौरान सेंसेक्स 708.18 अंकों की तेजी के साथ 59 हजार अंक के स्तर को पार करते हुए 59276.69 अंक और निफ्टी 205.70 अंकों की बढ़त के साथ 17670.45 अंक पर रहा।

### खाद्य तेलों में घटबढ़

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख और स्थानीय स्तर पर आवक के बराबर उठाव नहीं होने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में घटबढ़ रहने के साथ ही अन्य जिंसों में भी मिश्रित रुझान रहा।

तेल तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 285 रिंगिट चढ़कर 6533 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, अमेरिकी सोया तेल वायदा सप्ताहांत पर 1.65 सेंट गिरकर 72.08 सेंट प्रति पाउंड पर रहा।

बीते सप्ताह सूरजमुखी तेल 513 रुपये, मूंगफली तेल 367 रुपये और सोया रिफाइंड 146 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि सरसों तेल 366 रुपये, वनस्पति तेल 366 रुपये और पाम ऑयल 294 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 18901 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19780 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 19267 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 17875 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 16116 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16849 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह उठाव सुस्त रहने से दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। सप्ताहांत पर चना 50 रुपये, दाल चना 50 रुपये और मूंग दाल 200 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि मसूर दाल 100 रुपये और अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती रही वहीं उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर चना 4800-49000, दाल चना 5800-5900, मसूर काली 8600-8700, मूंग दाल 9000-9100, उड़द दाल 9500-9600, अरहर दाल 8200-8300 रुपये प्रति क्विंटल रही।

अनाज : बीते सप्ताह अनाज के बाजार में मिश्रत रुझान रहा। सप्ताहांत पर गेहूं 10 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि चावल 50 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया।

सप्ताहांत पर अनाज (भाव प्रति क्विंटल) ≈ गेहूं दड़ा 2300-2400 रुपये और चावल ≈2550-2650 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

चीनी-गुड़ : आलोच्य सप्ताह मीठे के बाजार में भी घटबढ़ रही। सप्ताहांत पर चीनी 30 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई वहीं गुड़ के भाव 50 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गये।

# मार्च में बेरोजगारी की दर घटकर 7.6 प्रतिशत रही, हरियाणा में सबसे ऊंची: सीएमआईई

कोलकाता। अर्थव्यवस्था के धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर लौटने के साथ देश में बेरोजगारी की दर घट रही है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

सीएमआईई के मासिक आंकड़ों के अनुसार, देश में बेरोजगारी की दर फरवरी में 8.10 प्रतिशत थी, जो मार्च में घटकर 7.6 प्रतिशत रह गई।

दिल्ली में सामाजिक न्याय का प्रतीक अन्ना-कलैगनार अरिवलयम, जानें क्या है खासियत

दो अप्रैल को यह अनुपात और घटकर 7.5 प्रतिशत रह गया। शहरी बेरोजगारी की दर 8.5 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह 7.1 प्रतिशत रही।

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान के अर्थशास्त्र के सेवानिवृत्त प्रोफेसर अभिरूप सरकार ने कहा कि बेरोजगारी की दर घट रही है, लेकिन भारत जैसे 'गरीब' देश की दृष्टि से यह अब भी काफी ऊंची है।

उन्होंने कहा कि बेरोजगारी अनुपात में गिरावट से पता चलता है कि कोविड-19 महामारी के बाद अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है।

सरकार ने कहा, ''लेकिन भारत जैसे गरीब देश के लिए बेरोजगारी दर अभी काफी ऊंची है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बेरोजगारी को नहीं झेल सकते। इसलिए उनको खाने-कमाने के लिए जो भी रोजगार मिल रहा है, वे उसके लिए तैयार हो जाते हैं।''

आंकड़ों के अनुसार, मार्च में हरियाणा में बेरोजगारी की दर सबसे अधिक 26.7 प्रतिशत रही। उसके बाद राजस्थान और जम्मू-कश्मीर में यह 25-25 प्रतिशत रही। बिहार में बेरोजगारी की दर 14.4 प्रतिशत, त्रिपुरा में 14.1 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 5.6 प्रतिशत रही।

# राजस्थान में डीजल ने लगाया 'शतक', यहां 120 रुपये के पार पहुंचा पेट्रोल का रेट

**नई दिल्ली।** वाहन ईंधन कीमतों में रविवार को लगभग दो सप्ताह में 11वीं बार बढ़ोतरी की गई। इससे देश के सभी प्रमुख शहरों में पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर के पार हो गया है। वहीं कुछ स्थानों पर डीजल भी शतक को पार कर गया है। रविवार को पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम 80-80 पैसे प्रति लीटर और बढ़ाए गए हैं।

पेट्रोलियम कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, राजधानी में पेट्रोल की कीमत अब 102.61 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 103.41 रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल का दाम 93.87 रुपये से बढ़कर 94.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है। देशभर में स्थानीय करों की वजह से वाहन ईंधन कीमतों में अंतर होता है। यह वाहन ईंधन कीमतों में 22 मार्च से 11वीं वृद्धि है। इससे पहले करीब साढ़े चार माह तक वाहन ईंधन के दाम नहीं बढ़ाए गए थे। कुल मिलाकर इस दौरान पेट्रोल आठ रुपये लीटर महंगा हुआ है।



#### इन शहरों में पेट्रोल ने लगाया शतक

श्रीनगर से लेकर कोच्चि तक देश के सभी प्रमुख शहरों में अब पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक के भाव पर बिक रहा है। वहीं तिरुवनंतपुरम (101.83 रुपये प्रति लीटर), हैदराबाद (103.3 रुपये), मुंबई (102.62 रुपये), भुवनेश्वर (100.1 रुपये), रायपुर (100.74 रुपये), राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना ओर आंध्र प्रदेश में डीजल शतक को पार कर चुका है। चेन्नई और भोपाल में डीजल 99 रुपये प्रति लीटर से अधिक हो गया है।

आंध्र प्रदेश के चित्तूर में डीजल सबसे महंगा यानी 105.52 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। वहीं राजस्थान के श्री गंगानगर में पेट्रोल का दाम सबसे ऊंचा यानी 120.65 रुपये प्रति लीटर है।

#### पेट्रोल की कीमतों में होगा और इजाफा?

मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विसेज ने पिछले महीने कहा था कि विधानसभा चुनावों के समय वाहन ईंधन कीमतों में बदलाव नहीं करने से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों को 2.25 अरब डॉलर या 19,000 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। कोटक इंस्टिट्यूशनल इक्विटीज के अनुसार, कच्चे तेल के दाम 100 से 120 डॉलर रहने पर पेट्रोलियम कंपनियों को डीजल कीमतों में 13.1 से 24.9 रुपये प्रति लीटर और पेट्रोल कीमतों में 10.6 से 22.3 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि करने की जरूरत होगी।

# पर्याप्त रोजगार और कुशल कार्यबल के अभाव में बोझ बन सकता है जनसांख्यिकी लाभांश: रिपोर्ट

नयी दिल्ली। वर्ष 2020 से लेकर 2050 के बीच भारत में 15 से 64 साल की कामकाजी उम्र वाले समूह में 18.3 करोड़ नए लोग जुड़ जाएंगे लेकिन पर्याप्त नौकरियों और जरूरी कुशल कार्यबल के अभाव में देश का जनसांख्यिकीय लाभांश एक बोझ भी बन सकता है। रविवार को जारी एक रिपोर्ट में यह आशंका जताई गई।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की तरफ से भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश पर तैयार इस रिपोर्ट के मुताबिक, ''अगर भारत पर्याप्त नौकरियों का सृजन नहीं करता है या भारतीय कामगार इन नौकरियों के लिए पर्याप्त रूप से तैयार नहीं हैं तो यह जनसांख्यिकीय लाभांश एक बोझ में तब्दील हो ल सकता है। इस लाभांश का फायदा उठाने में शिक्षा और कौशल विकास सबसे अधिक सहायक होंगे।''

रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या सांख्यिकी डेटाबेस का हवाला देते हुए कहती है कि वर्ष 2020 से 2050 के बीच भारत में 15 से 64 वर्ष की उम्र वाले कामकाजी समूह में अतिरिक्त 18.3 करोड़ लोग जुड़ेंगे। इस तरह अगले तीन दशक में वैश्विक कार्यबल में जो वृद्धि होगी उसमें भारत की हिस्सेदारी 22 फीसदी रहेगी।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा, ''हालांकि निवेश, पुनरुद्धार और अवसंचरना भारत की आर्थिक वृद्धि के कारक हैं लेकिन इनमें से कोई भी भारत के कामकाजी उम्र समूह में लोगों की उपलब्धता से ज्यादा सुनिश्चित नहीं है। भारत की युवा आबादी, इसका जनसांख्यिकीय लाभांश भारत को वैश्विक उत्पादन का केंद्र बनने और माल एवं सेवाओं का बड़ा उपभोक्ता बनने में सक्षम बनाता है।''

लेकिन रिपोर्ट कहती है कि भारत के पास इस लाभांश का लाभ उठा सकने लायक समय नहीं रहेगा। इसके मुताबिक, ''2020-30 के बीच कामकाजी उम्र समूह में 10.1 करोड़ लोग जुड़ेंगे, फिर 2030-40 में यह संख्या घटकर 6.1 करोड़ और उसके बाद 2040-50 के बीच 2.1 करोड़ हो जाएगी।

2050 के बाद भारत की कामकाजी उम्र समूह की आबादी घटने लगेगी।''

इस तरह भारत को अपने जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा उठाने के लिए 2020-50 के बीच का बहुत कम समय ही मिल पाएगा।

रिपोर्ट में भारत के श्रम बाजार के असंतुलनों के विश्लेषण के आधार पर कहा गया है कि कौशल का सही जगह इस्तेमाल नहीं होने और कौशल की कमी का असर उत्पादन की वृद्धि पर पड़ सकता है। इसमें कहा गया कि 2019-20 में भारत के 54.2 करोड़ लोगों के कामकाजी समूह में से महज 7.3 करोड़ लोगों को ही व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त था।

# गैस के दाम बढ़ने से ओएनजीसी की आय तीन अरब डॉलर, रिलायंस की 1.5 अरब डॉलर बढ़ेगी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) की इस वित्त वर्ष में सालाना आय गैस कीमतों में दोगुनी वृद्धि होने से तीन अरब डॉलर बढ़ने की उम्मीद है जबकि निजी क्षेत्र की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की आय में 1.5 अरब डॉलर की वृद्धि हो सकती है। मॉर्गन स्टेनली ने अपनी एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है। इसके मुताबिक तेल बाजारों में त्रिस्तरीय गिरावट (भंडार, निवेश और अतिरिक्त क्षमता) आने के साथ घरेलू गैस उत्पादन में एक दशक बाद आई तेजी से गैस कंपनियों के लिए लाभ कमाने का एक चक्र शुरू होने की स्थिति बनी है।

सरकार ने एक अप्रैल से तेल उत्पादकों एवं नियमित क्षेत्रों को दी जाने वाली गैस के दाम 2.9 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू से बढ़ाकर रिकॉर्ड 6.10 डॉलर प्रति इकाई कर दिए हैं।

रिलायंस के गहरे समुद्र में स्थित कठिन उत्खनन वाले क्षेत्रों से निकलने वाली गैस के लिए यह कीमत 62 प्रतिशत ज्यादा 9.92 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू कर दी गई हैं। ओएनजीसी की घरेलू गैस उत्पादन में 58 फीसदी हिस्सेदारी है और गैस कीमतों में एक डॉलर प्रति एमएमबीटीयू का भी बदलाव होने से इसकी आय में पांच-आठ प्रतिशत तक का फेरबदल हो जाता है।

मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट के मुताबिक, ''वित्त वर्ष 2022-23 में ओएनजीसी की सालाना आय में तीन अरब डॉलर तक की वृद्धि होने का अनुमान है।

### शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.61 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

नयी दिल्ली। घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रहे तेजी के रुख के बीच शीर्ष दस कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 2,61,767.61 करोड़ रुपये बढ़ गया। सबसे ज्यादा फायदा एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ।

बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स में पिछले कारोबारी सप्ताह में 1,914.49 अंक यानी 3.33 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। बाजार की इस तेजी का लाभ बड़ी बाजार मूल्यांकन वाली कंपनियों को भी हुआ।

दिल्ली में सामाजिक न्याय का प्रतीक अन्ना-कलैगनार अरिवलयम, जानें क्या है खासियत

शीर्ष दस कंपनियों के समूह में से सबसे ज्यादा एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन बढ़ा। इस दौरान इस निजी बैंक का पूंजीकरण 41,469.24 करोड़ रुपये बढ़कर 8,35,324.84 करोड़ रुपये हो गया।

इस हफ्ते में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का भी पूंजीकरण 39,073.7 करोड़ रुपये बढ़कर 17,95,709.10 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का पूंजीकरण 29,687.09 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 4,88,808.97 करोड़ रुपये हो गया।

भारती एयरटेल की पूंजी भी बीते हफ्ते 27,103.16 करोड़ रुपये बढ़कर 4,16,625.19 करोड़ रुपये हो गई।

एचडीएफसी की पूंजी में पिछले सप्ताह 26,851.9 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई और उसका कुल मूल्यांकन 4,44,363.28 करोड़ रुपये हो गया।

बजाज फाइनेंस की पूंजी 26,672.18 करोड़ रुपये बढ़कर 4,48,810.74 करोड़ रुपये हो गई जबकि आईसीआईसीआई बैंक का पूंजीकरण 25,975.05 करोड़ रुपये बढ़कर 5,11,777.01 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह 18,088.37 करोड़ रुपये की बढ़त दर्ज की गई और यह 13,89,678.12 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का पूंजीकरण 15,930.43 करोड़ रुपये बढ़कर 4,53,548.76 करोड़ रुपये हो गया जबकि इंफोसिस की पूंजी 10,916.49 करोड़ रुपये बढ़कर 8,00,268.93 करोड़ रुपये हो गई।

इन अग्रणी कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सबसे मूल्यवान कंपनी का तमगा बरकरार रखा है।

## शार्ट न्यूज

### तस्कीन और शोरिफुल टेस्ट सीरीज़ से बाहर

ढाका। बांग्लादेश के मुख्य चयनकर्ता मिनहाजुल आबेदीन के अनुसार डरबन में चल रहे पहले टेस्ट के बाद चोटिल होने की वजह से तस्कीन अहमद और शोरिफुल इस्लाम की जोड़ी घर लौट जाएगी। तस्कीन ने टेस्ट के चौथे दिन पांच ओवर डाले और दक्षिण अफ्रीकी कप्तान डीन एल्गर का क़ीमती विकेट भी लिया। उसके बाद वह अपने दाएं कंधे को पकड़ते हुए मैदान से निकल गए। दरअसल यह चोट उन्हें दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में ही लगी थी और इसके चलते वह तीसरे और चौथे दिन सुबह को गेंदबाज़ी नहीं कर पाए थे।आबेदीन का कहना है दोनों खिलाड़ी 5 अप्रैल को बांग्लादेश चले जाएंगे। उन्होंने कहा, इस मैच के बाद तस्कीन और शोरिफुल दोनों घर लौटेंगे। ऐसा होने के बाद उनके फ़िटनेस की जांच होगी। हम समझने की कोशिश कर रहे हैं कि तस्कीन चोटिल कैसे हुए। सौभाग्यवश हमारे दल में चार और तेज़ गेंदबाज़ हैं। टीम में जो दो तेज़ गेंदबाज़ इस मैच में नहीं खेले वह थे – शोहिदुल इस्लाम और अबु जायेद। शोरिफुल पहले टेस्ट मैच के लिए भी अनुपलब्ध थे और मुख्य कोच रसल डॉमिंगो ने बताया था उन्हें कई परेशानियां थीं जिनमें टखने में दर्द भी था।

### लवनीत सिसोदिया की जगह बेंगलुरु से जुड़े रजत पाटीदार

मुंबई। रजत पाटीदार आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम से चोटिल लवनीत सिसोदिया की जगह जुड़ गए हैं। घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले पाटीदार ने 31 टी20 मैच खेले हैं और सात अर्द्धशतकों की मदद से 861 रन बनाये हैं। पाटीदार 20 लाख रुपये के आधार मूल्य के साथ बेंगलुरु टीम से जुड़ेंगे। बेंगलुरु का अगला मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पांच अप्रैल को होगा।

### विशेष ओलंपिक भारत के मेगा हेल्थ फेस्ट का आयोजन 5 अप्रैल को

गाजियाबाद। विशेष ओलंपिक भारत के मेगा हेल्थ फेस्ट का आयोजन 5 अप्रैल को अमर ज्योति स्कूल, कड़कड़डूमा, दिल्ली में किया जाएगा, जहां कुल 800 एथलीटों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। इस मौके पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडे एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह होंगे। वहीं, यशोदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, कौशाम्बी की डायरेक्टर डॉ उपासना अरोड़ा के कुशल निर्देशन में स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस बात की जानकारी हॉस्पिटल के कॉरपोरेट कम्युनिकेश हेड गौरव पांडेय ने दी। हॉस्पिटल के एमडी डॉ पी एन अरोड़ा और डायरेक्टर उपासना अरोड़ा के हवाले से पांडेय ने बताया कि यह शिविर आजादी का अमृत महोत्सव के तहत विशेष ओलंपिक भारत द्वारा की गई एक सकारात्मक पहल है, जिसके तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन देशव्यापी पैमाने पर किया जा रहा है। वहीं, विशेष ओलंपिक भारत, जो एक मान्यता प्राप्त संगठन है, की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने बताया कि यह राष्ट्रीय खेल संघ, युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत खेल के माध्यम से बौद्धिक विकलांग बच्चों और वयस्कों के खेल और अन्य जीवन कौशल के विकास के लिए काम करता है। इन एथलीटों को विकसित करने और बनाने में मदद करने के लिए विशेष ओलंपिक भारत द्वारा किये गए इस पहल के लिए आपके समर्थन की ओर देखते हुए हर्ष हो रहा है, क्योंकि इसकी सफलता से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह देश गौरवान्वित होगा।

### भारत ने जर्मनी को 2-1 से हराया, क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की

पोचेफस्ट्रूम। भारतीय जूनियर महिला टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अपने दूसरे पूल डी मैच में जर्मनी को रविवार को 2–1 से पराजित कर जूनियर महिला विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत ने अपने पहले मैच में वेल्स को 5–1 से रौंदा था। जर्मनी के खिलाफ मुकाबले में गोलकीपर बीचु देवी खरीबम का प्रदर्शन शानदार रहा जबकि लालरेंसियामि (2) और मुमताज़ खान (25) ने भारत की जीत में एक–एक गोल दागा। जर्मनी ने अपने पहले मैच में मलेशिया को 10–0 से हराया था लेकिन इस मुकाबले में उसके बनाये मौकों को भारतीय गोलकीपर ने रोक लिया। बीचु देवी ने जर्मनी को 22वें मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर भी गोल करने से रोका था।

### फ़िंच को ख़राब फ़ॉर्म से वापसी की पूरी उम्मीद

लाहौर। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फ़िंच ने माना है कि उनका हालिया फ़ॉर्म निराशाजनक है, लेकिन 35 की उम्र के बावजूद वह वापसी कर सकते हैं। शनिवार को लाहौर में फ़िंच लगातार दूसरी पारी में बिना खाता खोले पवेलियन लौटे और ऐसा उनके अंतर्राष्ट्रीय करियर में पहली बार हुआ है। उनके आउट होने से कुछ घंटों बाद ऑस्ट्रेलिया को वनडे सीरीज़ में नौ विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा और ज़ाहिर सी बात थी कि कप्तान के निजी फ़ॉर्म पर सवाल उठाए गए। फ़िंच ने 2022 में अपनी पिछली आठ अंतर्राष्ट्रीय पारियों में केवल 101 रन बनाए हैं। इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैंने श्रीलंका के विरुद्ध सीरीज़ और यहां पर्याप्त रन नहीं बनाए हैं। उम्र के साथ आप अपने क़ाबिलियत पर भी शक़ करने लगते हैं। मुझे लगता है इस दौरान मेरा अभ्यास बड़ा ही सकारात्मक रहा है। बस मैच में शुरुआती गेंदों में मेरे पैड बीच में आ रहे हैं। ऐसा मेरे करियर में अक्सर हुआ है और मुझे उम्मीद है श्रीलंका में अगले सीरीज़ से पहले मैं इसमें सुधार ले आऊंगा। फ़िंच के लिए चिंता का विषय है कि इस दौरे पर ऑस्ट्रेलिया के लिए शीर्ष क्रम में कई ठोस विकल्प उभर कर आए। ट्रैविस हेड और बेन मैक्डरमाट ने इस सीरीज़ में ख़ासा प्रभावित किया और वहीं डेविड वॉर्नर, स्टीवन स्मिथ और मिचेल मार्श जैसे खिलाड़ी इस सीरीज़ में नहीं खेले लेकिन आगे चलकर टीम में अपनी जगह ले सकते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया सातवीं बार बना महिला विश्व चैंपियन

क्राइस्टचर्च। अलिसा हीली (170) के जबरदस्त शतक से ऑस्ट्रेलिया ने महिला क्रिकेट में अपना दबदबा साबित करते हुए पिछले विजेता इंग्लैंड को रविवार को एकतरफा अंदाज में 71 रन से हराकर आईसीसी महिला विश्व कप चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया सातवीं बार विश्व चैंपियन बना है। ऑस्ट्रेलिया ने 1978, 1982, 1988, 1997, 2005, 2013, 2022 में यह खिताब जीता है। ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में पांच विकेट पर 356 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद इंग्लैंड को 43.4 ओवर में 285 रन पर समेट दिया। इंग्लैंड की तरफ से नताली सीवर ने नाबाद 148 रन की शानदार शतकीय पारी खेली लेकिन उन्हें बाकी बल्लेबाजों से कोई सहयोग नहीं मिला। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अलाना किंग और जेस जोनासन ने तीन–तीन विकेट लिए। अलिसा हीली को प्लेयर ऑफ द मैच के साथ साथ टूर्नामेंट में 509 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ का भी पुरस्कार दिया गया। हीली की रिकॉर्ड तोड़ 170 रन की पारी ने सीवर की नाबाद शतकीय पारी को बेकार कर दिया। इसकी बदौलत ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सातवां विश्व कप ख़िताब जीता। वह पूरे टूर्नामेंट के दौरान अपराजेय रही। हीली ने 138 गेंदों में 170 रन की पारी खेली, जिसकी बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 357 रन का विशाल लक्ष्य दिया। नाबाद 148 रन की पारी खेल सीवर ने इंग्लैंड की हार को टालने की एकाकी कोशिश की, लेकिन यह कोशिश अंत में नाकाफ़ी साबित हुई। हीली ने पिच के चारों तरफ़ शॉट लगाए और अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर खड़ा किया। यह इस टूर्नामेंट और किसी भी विश्व कप फ़ाइनल का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। हीली ने अपनी साथी सलामी बल्लेबाज़ रेचल हेंस (68) के साथ पहले विकेट के लिए 160 रन की साझेदारी की। इसके बाद उन्होंने बेथ मूनी (62) के साथ भी 156 रन जोड़े। इस प्रयास के बाद इंग्लैंड को एक विश्व रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करना था।

## अनुराग ठाकुर ने डोपिंग निरोधक परीक्षण को सशक्त करने के लिए नई दुर्लभ रासायनिक संदर्भ सामग्रियों को लॉन्च किया

मई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने डोपिंग निरोधक परीक्षण को सशक्त करने के लिए नई दुर्लभ रासायनिक संदर्भ सामग्रियों को लॉन्च किया है। इस विकास से भारत डोपिंग निरोधक विज्ञान में आत्मनिर्भर हो जाएगा। एक सफल उपलब्धि में, राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) ने स्वदेशी रूप से छह नई और दुर्लभ संदर्भ सामग्रियां (आरएम) विकसित की हैं, जो दुनिया भर में सभी वर्ल्ड एंटी डोपिंग एसोसिएशन (वाडा) द्वारा मान्यताप्राप्त प्रयोगशालाओं में डोपिंग निरोधक विश्लेषण के लिए आवश्यक रसायन का सबसे शुद्ध रूप है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (एनआईपीईआर)–गुवाहाटी और सीएसआईआर–इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटिव मेडिसिन (आईआईआईएम), जम्मू के सहयोग से एनडीटीएल द्वारा एक साल से भी कम समय में छह संदर्भ सामग्रियां विकसित की गई हैं।



खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा एनडीटीएल की 15वीं शासी निकाय बैठक के दौरान खेल सचिव श्रीमती सुजाता चतुर्वेदी और खेल मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संदर्भ सामग्रियों को लॉन्च किया गया।

एनडीटीएल ने इन संदर्भ सामग्रियों के निर्माण के साथ–साथ दुनिया की उन कुछ प्रयोगशालाओं में से एक होने की पहचान प्राप्त की है जहां ऐसी संदर्भ सामग्रियां विकसित की गई हैं। उपलब्धि के बारे में ठाकुर ने कहा, मैं उन तीन संस्थानों के वैज्ञानिकों की सराहना करता हूं जिन्होंने इन संदर्भ सामग्री को बनाने के लिए अथक प्रयास किया है। ये संदर्भ सामग्री दुनिया भर में आसानी से उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन वाडा द्वारा मान्यता प्राप्त हर प्रयोगशाला द्वारा डोपिंग निरोधक विश्लेषण के लिए आवश्यक हैं। भारत स्वयं कनाडा और ऑस्ट्रेलिया से आरएम आयात करता रहा है, हालांकि, इस वैज्ञानिक विकास के साथ भारत ने वास्तव में आत्मनिर्भर भारत की ओर एक कदम बढ़ाया है, जो डोपिंग निरोधक विज्ञान के क्षेत्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का दृष्टिकोण है। बहुत जल्द, हम इन आरएम को अन्य देशों में भी निर्यात करेंगे।

ठाकुर ने कहा, इन दुर्लभ संदर्भ सामग्रियों की उपलब्धता से पूरे डोपिंग निरोधक समुदाय को अपनी परीक्षण क्षमताओं को सशक्त करने और दुनिया भर में खेल नीति में निष्पक्ष खेल को बढ़ावा देने के लिए देशों के बीच आपसी सहयोग के युग की शुरुआत करने में मदद मिलेगी।

पिछले साल इन संदर्भ सामग्रियों के लिए अनुसंधान शुरू हुआ था जब एनडीटीएल ने 2–3 वर्ष की अवधि में चरणबद्ध तरीके से निषिद्ध पदार्थों की 20 ऐसी संदर्भ सामग्री को स्वदेशी रूप से संश्लेषित और विकसित करने के लिए दोनों राष्ट्रीय वैज्ञानिक संगठनों के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। भारत सरकार के सक्रिय समर्थन और वित्त पोषण के बल पर एनडीटीएल और एनआईपीईआर–जी और सीएसआईआर–आईआईआईएम, जम्मू के बीच अनुसंधान एवं विकास संबंधी यह गतिविधियां शुरू की गई हैं।

लॉन्च की गई छह संदर्भ सामग्रियों में से तीन–तीन को एनआईपीईआर–गुवाहाटी और सीएसआईआर–आईआईआईएम, जम्मू के सहयोग से संश्लेषित किया गया था। पिछले साल भी, एनडीटीएल और एनआईपीईआर–गुवाहाटी के वैज्ञानिकों ने 2021 में दो स्वदेशी रूप से विकसित दुर्लभ संदर्भ सामग्री को संश्लेषित करने में सफलता प्राप्त की, जिन्हें वाडा द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं के साथ लॉन्च करके साझा किया गया था।

इन संदर्भ सामग्रियों के लॉन्च से बेहतर डोपिंग निरोधक परीक्षण सुनिश्चित होगा जो खेल मंत्रालय की प्रतिबद्धता के अनुरूप है और देश में डोपिंग निरोधक कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन के साथ खेल के क्षेत्र में निष्पक्षता कायम करना एकमात्र उद्देश्य है।

## अगले मैच तक नोर्त्जे और वॉर्नर के उपलब्ध होने की उम्मीद : पोंटिंग

पुणे। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का कहना है कि दक्षिण अफ्रीकी तेज़ गेंदबाज़ एनरिक नोर्त्जे अपनी टीम के लिए उपलब्ध होने से केवल एक या दो स्पेल दूर हैं। पिछले साल नवंबर में हुए टी20 विश्व कप के बाद से पीठ और कमर में चोट के चलते नोर्त्जे प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर रहे हैं।

पोंटिंग ने गुजरात टाइटंस के हाथों मिली हार के बाद यह भी बताया कि डेविड वॉर्नर अगले मैच के लिए उपलब्ध होंगे और उन्होंने उम्मीद जताई कि चोटग्रस्त मिचेल मार्श उसके अगले मैच से टीम का हिस्सा होंगे। वॉर्नर को पाकिस्तान में चल रही सीमित ओवरों के मैचों से आराम मिला था लेकिन ऑस्ट्रेलिया के साथ दौरे पर गए खिलाड़ियों की तरह वह भी 6 अप्रैल तक अनुपलब्ध थे।

दिल्ली का अगला मुक़ाबला लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ 7 अप्रैल को है। पोंटिंग ने कहा, आज वॉर्म–अप में नोर्त्जे ने 100त्न गेंदबाज़ी की। मुझे लगता है उन्हें एक चार या पांच ओवर के स्पेल में 100त्न फ़िटनेस को साबित करना होगा और फिर अगर क्रिकेट दक्षिण अफ़्रीका से अनुमति मिलेगी तो वह खेल पाएंगे। अगले मैच से पहले हमारे पास थोड़ा समय है तो शायद ऐसा हो पाएगा।

उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है वॉर्नर मुंबई पहुंच चुके हैं। मिचेल मार्श कुछ वक़्त से मुंबई में हैं और उनके क्वारंटीन की अवधि भी लगभग समाप्त हो चुकी है। हमें उम्मीद है वह 10 अप्रैल के मैच (कोलकाता नाइट राइडर्स के ख़िलाफ़) के लिए उपलब्ध होंगे। उन्हें पाकिस्तान में कूल्हे में चोट लगी थी तो हमें उनके साथ सावधानी बरतनी होगी। लेकिन मुझे पूरी उम्मीद है अगले मैच में डेवी और उसके बाद मिच मार्श टीम का हिस्सा होंगे।

टाइटंस से हार के बारे में पोंटिंग ने कहा कि टीम ने शुरुआती विकेट गंवाने का ख़ामियाज़ा भुगता। पुणे में 172 का पीछा करते हुए दिल्ली पांच ओवर में तीन विकेट पर 34 के स्कोर पर थी। पहले मैच में भी उन्होंने मुंबई इंडियंस के विरुद्ध पावरप्ले में तीन विकेट खोए थे लेकिन वहां ललित यादव और अक्षर पटेल ने टीम को बचाया था।

पोंटिंग ने एक आसान टोटल को हासिल ना कर पाने पर निराशा जताई और कहा, हम लगातार दूसरी गेम में बल्लेबाज़ी में जल्दी पिछड़ गए। आज हमारे बल्लेबाज़ों ने काफ़ी ख़राब शॉट खेलते हुए अपने विकेट गंवाए। आप टी20 क्रिकेट में पावरप्ले में तीन विकेट खो देते हैं तो जीतना मुश्किल हो जाता है। हमें इस बात में सुधार लाना है। रन चेज़ में बिना विकेट खोए या एक विकेट के नुक़सान पर रन बनाना उचित है।

इसके बावजूद दिल्ली 14 ओवर की समाप्ति पर मज़बूत स्थिति में थी। ऋषभ पंत और रोवमन पॉवेल के होते हुए छह ओवर में 54 रन चाहिए थे। पोंटिंग ने वहां से मैच हारने पर कहा, शायद टीम में थोड़ी घबराहट आ गई। दरअसल हमने कभी आवश्यक रन रेट को 9.5 से आगे नहीं जाने दिया। हम केवल 14 रन से हारे और यही एक निराशा की वजह है। उस समय ऋषभ बहुत अच्छा खेल रहे थे। रोवमन भी क्रीज़ पर थे और अगर दोनों दो–तीन और ओवर तक रहते तो हम ज़रूर जीत जाते।

टाइटंस के लिए लॉकी फ़र्ग्यूसन ने गेंदबाज़ी में बड़ा अंतर डाला। उन्होंने अपनी पहली गेंद पर पृथ्वी शॉ को पवेलियन भेजा और उसी ओवर में मंदीप सिंह का विकेट भी गिराया। बाद में उन्होंने एक ही ओवर में पंत और अक्षर के विकेट भी गिरा दिए।

पंत दूसरी बार पुल खेलते हुए आउट हुए।

इस बारे में उनके कोच ने कहा, मुझे लगता है उन्होंने पहले मैच में ज़बरदस्त बल्लेबाज़ी की। उन्होंने 24 गेंदों पर 38 बनाए और पारी को गति दी। उन्होंने शुरुआत का फ़ायदा नहीं उठाया लेकिन हमने उसके आधार पर जीत हासिल की।

## हमें खुद में सुधार करना होगाः पंत

पुणे। गुजरात टाइटंस से शनिवार को मिली 14 रन की हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि मुझे लगता है कि इस विकेट के मुताबिक उनका स्कोर बड़ा नहीं था। लेकिन हमें खुद में सुधार करना होगा।

पंत ने मैच के बाद कहा,हमने पावरप्ले में विकेट गंवाया और बाद में तीन विकेट गंवाए। हमें खुद में सुधार करना होगा। मौसम की परिस्थिति अहम होती है, हम मैच यह सोचकर नहीं खेल रहे हैं कि हम मुंबई में नहीं खेल रहे हैं। हम मैच पर ध्यान लगाना चाहते हैं, ओस दिमाग में नहीं थी। कोच रिकी पोंटिंग भी निराश हैं, हों भी क्यों ना, कोई हारना नहीं चाहता है।

विजेता टीम गुजरात के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा,हम 180 से ज्यादा रन बनाना चाहते थे, लेकिन मैं जानता था कि हमारी गेंदबाजी ऐसी है कि हम विकेट ले सकते हैं। पंत की टीम के पास अच्छे बल्लेबाज थे, वहीं हमारी टीम में भी वरुण आरोन के साथ समस्या हुई और वह गेंदबाजी नहीं कर सके, लेकिन हमारे पास कई विकल्प थे। राहुल और विजय ने गेंदबाजी करने को नहीं कहा था, लेकिन जब उनसे कराई गई तो उन्होंने अच्छा किया। शुभमन गिल ने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की और इसीलिए उन्हें जाना जाता है। उम्मीद है वह आगे भी ऐसा करेंगे।

प्लेयर ऑफ द मैच बने लॉकी फर्ग्युसन ने कहा,टीम के साथी ऐसे हैं कि मेरा काम और भी आसान हो गया। यह गेंदबाजी आक्रमण शानदार है। हार्दिक गेंदबाजी कर सकते हैं, राशिद हैं, शमी हैं और राहुल गेंदबाजी कर सकते हैं। हम दोनों ओर से दबाव बनाने में कामयाब रहे और उसका फायदा मुझे विकेट लेकर मिला। इस विकेट पर हार्ड लेंथ पर गेंदबाजी करने की जरूरत थी और उससे मुझे मदद मिली। हम दोनों ओर से दबाव बनाना चाहते थे और यही हमारा काम है।

## पाक के सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक स्थिति पर स्वतः संज्ञान लिया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय ने रविवार को देश में चल रहे राजनीतिक हालात पर स्वतः संज्ञान लिया।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार नेशनल असेंबली के डिप्टी स्पीकर कासिम सूरी द्वारा दिए गए असंवैधानिक फैसले की समीक्षा करने के लिए विपक्षी नेताओं की मांग के बाद पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल शीर्ष अदालत पहुंचे।




रिपोर्ट के मुताबिक, न्यायिक कर्मचारी भी शीर्ष अदालत में पहुंचने लगे हैं। गौरतलब है कि विपक्ष दलों ने पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के डिप्टी स्पीकर के विधानसभा सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर ने के फैसले को रद्द करने के लिए एक याचिका दायर की है। श्री सूरी ने हाल ही विपक्ष द्वारा सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था।

डिप्टी स्पीकर द्वारा अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री इमरान खान ने राष्ट्र के नाम एक संबोधन में कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को विधानसभाओं को भंग करने और नए सिरे से चुनाव का आह्वान करने की सलाह दी थी।

### असेंबली भंग में सेना का कोई हाथ नहीं : मेजर जनरल बाबर इफ्तिखार

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना ने रविवार को कहा कि नेशनल असेंबली में जो कुछ भी हुआ उसमें उसका हाथ नहीं है। सेना के जनसंपर्क विभाग के प्रमुख मेजर जनरल बाबर इफ्तिखार ने यह बात कही। असेंबली भंग होने में सेना की किसी तरह की भूमिका के सवाल पर मेजर जनरल ने कहा, बिल्कुल नहीं। आज जो कुछ भी हुआ उसका सेना से कोई लेना–देना नहीं है। द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक, मेजर जनरल इफ्तिखार का यह बयान प्रधानमंत्री इमरान खान की सलाह पर राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा असेंबली को भंग किए जाने के बाद आया। इससे पहले, नेशनल असेंबली के उपाध्यक्ष कासिम सूरी ने श्री खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के लिए आयोजित सत्र को असंवैधानिक करार देते हुए इसे स्थगित करने का फैसला सुनाया था। उपाध्यक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव को खारिज किए जाने के तुरंत बाद श्री खान ने राष्ट्र के नाम एक संबोधन में कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति को असेंबली को भंग करने और नए सिरे से चुनाव कराने की सलाह दी थी।

## 12 घंटे के भीतर ही श्रीलंका ने सोशल मीडिया के इस्तेमाल से प्रतिबंध हटाया, कर्फ्यू से राहत नहीं

कोलंबो। श्रीलंका सरकार ने व्हाट्सऐप, ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों पर लगाया गया प्रतिबंध रविवार को 12 घंटे के भीतर ही हटा दिया। देश में बदतर आर्थिक संकट को लेकर सरकार विरोधी प्रदर्शन से पहले देशव्यापी सार्वजनिक आपातकाल घोषित करने और 36 घंटे के कर्फ्यू के साथ ही सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। प्रतिबंध हटाए जाने के बारे में एक अधिकारी ने कहा कि फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, टोकटोक, स्नैपचैट, व्हाट्सऐप, वाइबर, टेलीग्राम और फेसबुक मैसेंजर की सेवाएं 15 घंटे के बाद बहाल कर दी गईं। इन सेवाओं को पूरी तरह या आंशिक रूप से अवरुद्ध कर दिया गया था।

इससे पहले कोलंबो पेज अखबार की खबर में कहा गया था कि इस कदम का उद्देश्य घंटों तक बिजली कटौती के बीच भोजन, आवश्यक वस्तुओं, ईंधन और दवाओं की कमी से जूझ रहे लोगों को राहत पहुंचाने में सरकार की नाकामी के विरोध में कोलंबो में लोगों को एकत्रित होने से रोकना है। साइबर सुरक्षा और इंटरनेट पर नजर रखने वाले




निगरानी संगठन नेटब्लॉक्स ने श्रीलंका में मध्यरात्रि के बाद रविवार को फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सऐप, वाइबर और यूट्यूब समेत कई सोशल मीडिया मंचों पर पाबंदी लगाए जाने की पुष्टि की। खबर में कहा गया था कि श्रीलंका के प्रमुख नेटवर्क ऑपरेटर डायलॉग, श्रीलंका टेलीकॉम, मोबीटेल, हच इस पाबंदी के दायरे में हैं।

जिन सोशल मीडिया और मैसेजिंग मंचों पर पूरी तरह या आंशिक रूप से इसका असर पड़ा है, उनमें फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, टॉकटॉक, स्नैपचैट, व्हाट्सऐप, वाइबर, टेलीग्राम और फेसबुक मैसेंजर शामिल हैं। इस बीच, देश में लोगों ने आर्थिक संकट से निपटने में सरकार की नाकामी के खिलाफ रविवार को प्रदर्शन किया। दरअसल, लोगों को घंटों तक बिजली कटौती और आवश्यक वस्तुओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों को प्रदर्शन करने से रोकने के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने शुक्रवार देर रात एक विशेष गजट अधिसूचना जारी कर श्रीलंका में एक अप्रैल से तत्काल प्रभाव से आपातकाल लागू करने की घोषणा की थी। सरकार ने शनिवार शाम छह बजे से सोमवार (चार अप्रैल) सुबह छह बजे तक 36 घंटे का कर्फ्यू भी लगा दिया है। श्रीलंका के एक व्यक्ति ने शनिवार को आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर सक्रिय उसके बेटे का पुलिस ने अपहरण कर लिया है।

अनुरुद्ध बंडारा के पिता ने कहा कि मोडेरा के उत्तरी कोलंबो पुलिस थाने से कोई व्यक्ति शुक्रवार रात उनके बेटे को ले गया। पुलिस ने बताया कि उसकी सोशल मीडिया गतिविधियों को लेकर उससे पूछताछ करने की आवश्यकता थी। रविवार को उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि श्रीलंका अपने इतिहास के सबसे बुरे आर्थिक संकट का सामना कर रहा है।

### फिलीपींस में भूकंप के तेज झटके

मनीला। फिलीपींस के सुरिगाओ डेल सुर प्रांत में रविवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। फिलीपीन ज्वालामुखी एवं भूकंप विज्ञान संस्थान ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.8 मापी गयी। संस्थान ने बताया कि स्थानीय समयानुसार शाम 6ः24 बजे आये भूकंप का केंद्र बयाबास शहर से लगभग 75 किलोमीटर उत्तर पूर्व में सतह से एक किलोमीटर की गहराई में स्थित था। अगुसन डेल सुर और सुरिगाओ डेल नॉर्ट प्रांतों में भी भूकंप के झटके महसूस किये गये। प्रशांत 'रिंग ऑफ फायर' क्षेत्र में स्थित होने के कारण फिलीपींस में लगातार भूकंपीय गतिविधि होती रहती हैं।

### पुतिन ने जेलेंस्की से मिलने से इनकार नहीं किया

मॉस्को। क्रेमलिन ने रविवार को कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से मिलने से इनकार नहीं किया है और भविष्य में दोनों नेताओं के शिखर वार्ता में शामिल होना कोई कोरी कल्पना नहीं हो सकती। क्रेमलिन के प्रवक्ता ने दिमित्री पेसकोव ने रोसिया 1 शो से कहा,पुतिन ने कभी मिलने से इनकार नहीं किया और एक बैठक संभव है। उन्होंने हालांकि, जोर देकर कहा कि शिखर सम्मेलन होने के लिए रूसी और यूक्रेनी वार्ताकारों को दोनों देशों के बीच मतभेदों को दूर करने के लिए एक ठोस दस्तावेज पर सहमत होने की जरूरत है।प्रवक्ता ने कहा, विचारों का एक समूह की जरूरत नहीं, बल्कि एक ठोस लिखित दस्तावेज की जरूरत है। उन्होंने कहा कि क्रेमलिन ने मिन्स्क समझौते पर बातचीत करने के अपने अनुभव से सीखा था। प्रवक्ता ने कहा कि रूसी और यूक्रेनी वार्ताकार एक दस्तावेज पर सहमत होने का प्रयास कर रहे हैं जो दोनों देशों को यूक्रेन में स्थिति को सामान्य करने में मदद करेगा।उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि रूसी–यूक्रेनी वार्ता के दौरान किए गए प्रयास हमें एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने की अनुमति देंगे जो स्थिति को सामान्य करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते के बाद यूरोपीय देशों और यूरोपीय आर्थिक समुदाय के साथ बातचीत होगी। रूस, यूक्रेन में अपने सैन्य अभियान के लक्ष्यों को पूरी तरह से हासिल कर लेगा।

### रूस रूबल के लिए विदेशों में अधिक उत्पाद बेचेगा

मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पश्चिमी देशों से अपनी प्राकृतिक गैस की खरीद रूसी मुद्रा रूबल में करने के बाद अब रूस अन्य निर्यात की जाने वाली वस्तुओं का भुगतान भी उसकी राष्ट्रीय मुद्रा में करने की मांग करेगा। श्री पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने रविवार को रोशिया 1 टेलीविजन शो में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, यह अब भी भुगतान की एक प्रोटोटाइप प्रणाली है, लेकिन मुझे विश्वास है कि यह वस्तुओं के अन्य समूहों को कवर करेगा और यह हमारे विदेशी व्यापार में बड़ी भूमिका निभायेगा। उन्होंने तर्क दिया कि पश्चिम के गैस खरीदारों को यूरो या अमेरिकी डॉलर के लिए रूबल का आदान–प्रदान करने की आवश्यकता होगी, वे सरकारी ऊर्जा कंपनी के साथ गैस अनुबंधों के तहत निर्धारित अपनी पसंदीदा मुद्राओं में प्रभावी रूप से भुगतान करना जारी रखेंगे पेस्कोव ने कहा, इन यूरो को रूबल में बदलने के बाद अंतिम भुगतान रूसी ऊर्जा कंपनी गजप्रोम को रूबल में किया जायेगा।

### ईयू परिषद ने रूस के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाने का संकल्प लिया

ब्रसेल्स। यूक्रेन के बुका शहर से रूसी सेना की वापसी के बाद 20 नागरिकों के शवों की चौंकाने वाली तस्वीरें सामने आईं, जिसके बाद यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने रविवार को रूस के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाने का संकल्प लिया। मिशेल ने ट्विटर पर लिखा,कीव के बुका रूसी सेना द्वारा किए गए नरसिंहार, अत्याचारों की भयावह छवियों से स्तब्ध हूं। उन्होंने कहा,यूरौपीय संघ अंतरराष्ट्रीय अदालतों के लिए आवश्यक सबूत इकट्ठा करने में यूक्रेन और एनजीओ की सहायता कर रहा है। यूरोपीय संघ आयोग के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन ने एक स्वतंत्र जांच की अपील की है। उन्होंने रविवार को एक ट्वीट में कहा, जिन क्षेत्रों से रूस पीछे हट रहा है, वहां से अकथनीय भयावहता की खबरों से स्तब्ध हूं। एक स्वतंत्र जांच की तत्काल आवश्यकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# 60 वर्ष की हुयी जया प्रदा



मुंबई। बॉलीवुड की जानी–मानी अभिनेत्री जया प्रदा आज 60 वर्ष की हो गयी। जया प्रदा .मूल नाम ललिता रानी. का जन्म आंध्रप्रदेश के एक छोटे से गांव राजमुंदरी में 03 अप्रैल 1962 को एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ । उनके पिता कृष्णा तेलुगु फिल्मों के वितरक थे ।बचपन से ही जयाप्रदा का रूझान नृत्य की ओर था ।उनकी मां नीलावनी ने नृत्य के प्रति उनके बढ़ते रूझान को देख लिया और उन्हें नृत्य सीखने के लिये दाखिला दिला दिया । चौदह वर्ष की उम्र में जयाप्रदा को अपने स्कूल में नृत्य कार्यक्रम पेश करने का मौका मिला, जिसे देखकर एक फिल्म निर्देशक उनसे काफी प्रभावित हुये और अपनी फिल्म भूमिकोसम में उनसे नृत्य करने की पेशकश की लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया ।बाद में अपने माता–पिता के जोर देने पर जयाप्रदा ने फिल्म में नृत्य करना स्वीकार कर लिया ।इस फिल्म के लिए जयाप्रदा को पारश्रमिक के रूप में महज 10 रूपये प्राप्त हुये लेकिन उनके तीन मिनट के नृत्य को देखकर दक्षिण भारत के कई फिल्म निर्माता –निर्देशक काफी प्रभावित हुये और उनसे अपनी फिल्मों में काम करने की पेशकश की जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया ।वर्ष 1976 जयाप्रदा के सिने कैरियर का महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ ।इस वर्ष उन्होंने के.बालचंद्रन की अंथुलेनी कथाके.विश्वनाथ की श्री श्री मुभा और वृहत पैमाने पर बनी एक धार्मिक फिल्म सीता कल्याणम में सीता की भूमिका निभाई ।इन फिल्मों की सफलता के बाद जयाप्रदा दक्षिण भारत में अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गयीं ।वर्ष 1977 में जयाप्रदा के सिने कैरियर की एक और महत्वपूर्ण फिल्म आदावी रामाडु प्रदर्शित हुयी, जिसने टिकट खिड़की पर नये कीर्तिमान स्थापित किये। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेता एन.टी. रामाराव के साथ काम किया और शोहरत की बुलंदियो पर जा पहुंचीं। वर्ष 1979 में के.विश्वनाथ की श्री श्री मुवा की हिंदी में रिमेक फिल्म सरगम के जरिये जयाप्रदा ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में भी कदम रख दिया ।इस फिल्म की सफलता के बाद वह रातो रात हिंदी सिनेमा जगत में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गयी और अपने दमदार अभिनय के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से नामांकित भी की गयी ।

# ‘द कश्मीर फाइल्स’ को लेकर लोगों के क्रेज पर आया ट्विंकल खन्ना का रिएक्शन

नई दिल्ली। ट्विंकल खन्ना अक्सर हर मुद्दे पर अपना रिएक्शन देती हैं। वह अपने आर्टिकल्स के जरिए अपनी राय देती रहती हैं। कई बार तो वह इस वजह से ट्रोलिंग का भी शिकार हो जाती हैं। अब ट्विंकल का द कश्मीर फाइल्स पर रिएक्शन आया है। ट्विंकल ने इस बारे में कहा है कि कैसे द कश्मीर फाइल्स की सक्सेस के बाद इससे मिलते–जुलते बाकी कई फिल्मों के नाम रजिस्टर हुए हैं। ट्विंकल ने फिर खुद भी एक फिल्म का एक नाम फाइनल किया है जिस बारे में उन्होंने अपनी मां डिंपल से डिस्कस किया। दरअसल, ट्विंकल ने टाइम्स ऑफ इंडिया में लिखे अपने एक आर्टिकल में बताया कि कैसे फिल्म द कश्मीर फाइल्स की सक्सेस के बाद कई फिल्ममेकर्स ने अपनी फिल्मों के नाम रजिस्टर किए हैं जैसे अंधेरी फाइल्स, साउथ बॉम्बे फाइल्स। उन्होंने लिखा, प्रोड्यूसर ऑफिस में एक मीटिंग के दौरान मुझे बताया गया कि कई फ्रेश फिल्मों के टाइटल रजिस्टर किए गए हैं द कश्मीर फाइल्स को ट्रिब्यूट देने के चक्कर में। अब क्योंकि बड़े शहरों के नाम पहले रजिस्टर हो गए हैं।



## थलापति विजय की एक्शन-थ्रिलर फिल्म ‘बीस्ट’ का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार थलापति विजय की आने वाली एक्शन–थ्रिलर फिल्म ‘बीस्ट’ का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। बीस्ट के मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर यूट्यूब के अलावा सोशल मीडिया पर भी फैंस के साथ शेयर किया है। ट्रेलर में विजय दमदार एक्शन सीन्स करते नजर आ रहे हैं। नेल्सन दिलीप कुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विजय के अलावा पूजा हेगड़े, सेल्वाराघवन शाइन टॉम चाको, योगी बाबू, रेडिन किंग्सले और जॉन विजय सहायक भी लीड रोल में हैं। गौरतलब है कि बीस्ट, विजय की पहली पैन इंडिया रिलीज फिल्म है। जिसे मेकर्स तमिल के अलावा तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलायलम भाषाओं में भी ला रहे हैं। यह फिल्म 13 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## जॉन अब्राहम ने शाहरूख खान की तारीफ की

मुंबई। बॉलीवुड के माचो हीरो जॉन अब्राहम ने किंग खान शाहरूख खान की तारीफ करते हुये कहा कि वह आज जो भी हैं, शाहरूख खान की बदौलत ही हैं। जॉन अब्राहम जल्द ही शाहरुख खान के साथ फिल्म %पठान% में नजर आयेंगे। जॉन ने शाहरूख की की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि वह आज जो भी हैं, शाहरूख की बदौलत हैं। जॉन ने शाहरुख खान के साथ हुई अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए कहा कि आज मैं जिस भी मुकाम पर खड़ा हूं, वह शाहरुख खान की वजह से ही है। जॉन ने बताया कि जब उन्होंने मॉडलिंग की शुरुआत की थी, तो एक प्रतियोगिता के जज शाहरुख खान ही थे। जॉन ने कहा कि उनके लिये शायद वह एक प्रतियोगिता ही होगी, लेकिन उसी की वजह से मैं उनका एहसानमंद हूं ।मैं बता नहीं सकता कि मैं शाहरूख का कितना सम्मान करता हूं।

## टाइगर श्रॉफ ने शेयर किया हैरतअंगेज स्टंट वीडियो

मुंबई। बॉलीवुड के माचो हीरो टाइगर श्राफ ने सोशल मीडिया पर हैरतअंगेज स्टंट वीडियो शेयर किया है। टाइगर श्रॉफ अपनी फिटनेस और डांस मूव्स को लेकर काफी चर्चा में रहते हैं। टाइगर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वर्कआउट के दौरान का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह शानदार किक मारते हुए दिख रहे हैं। टाइगर ने इस वीडियो को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि टाइगर बैक–टू–बैक कई ताइक्वांडो किक मारते हुए दिख रहे हैं। इस वर्कआउट वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर कर टाइगर ने लिखा, यदि किसी का दिन खराब है और उसे मानव पंचिंग बैग की जरूरत है। तो मेरे भाई नदीम से संपर्क करें। टाइगर श्राफ इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म हीरोपंती 2 को लेकर काफी चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ तारा सुतारिया और नवाजउद्दीन सिद्दिकी की भी अहम भूमिका है। अहमद खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। यह फिल्म 29 अप्रैल, 2022 को ईद के मौके पर रिलीज होगी।

## अल्लू अर्जुन ने शेयर की बेटे अयान की क्यूट फोटो, बर्थडे पर लिखा खास मैसेज

मुंबई। ‘पुष्पा’ फिल्म से सेंसेशन बन चुके अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म को लेकर अभी से क्रेज बना हुआ है। अल्लू अर्जुन सोशल मीडिया पर उतने सक्रिय नहीं है। वह खास मौकों पर ही तस्वीरें शेयर करते हैं। उनके लिए उनका परिवार बेहद अहम है। काम से वक्त मिलते ही वह परिवार के साथ समय बिताना पसंद करते हैं। अल्लू अर्जुन के एक बेटा और एक बेटी है। 3 अप्रैल को उनके बेटे अयान का 8वां जन्मदिन है। अभिनेता ने बेटे के जन्मदिन पर एक क्यूट सी तस्वीर शेयर की और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। तस्वीर में अल्लू अर्जुन के बेटे फुल मस्ती के मूड में हैं। यह एक सेल्फी तस्वीर है। अल्लू और अयान दोनों ने ही व्हाइट कलर की शर्ट पहनी हुई है। अयान ने एक कैप लगाई है जिस पर ‘विंग मैन’ लिखा है।

# ‘वेधा’ बन ऋतिक रोशन ने दिखाया इंस्टाग्राम पर स्वैग, रूमर्ड गर्लफ्रेंड सबा आजाद ने किया ये कमेंट

मुंबई। बॉलीवुड के ग्रीक गॉड कहलाने वाले अभिनेता ऋतिक रोशन की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। ऋतिक रोशन भले ही सोशल मीडिया पर कम एक्टिव रहते हैं लेकिन जब भी वो फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करते हैं तो वो वायरल हो जाते हैं। ऋतिक इन दिनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही अपनी पर्सनल लाइफ को भी लेकर सुर्खियों में रहते हैं। ऐसे में जब हाल ही में ऋतिक ने इंस्टाग्राम पर अपने फोटोज शेयर किए तो वायरल हो गए, वहीं इन फोटोज पर उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड सबा आजाद ने भी कमेंट किया है।



### ऋतिक का वेधा अवतार

दरअसल हाल ही में ऋतिक रोशन ने कुछ फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर किए थे। इन फोटोज में ऋतिक ने ब्लैक शर्ट के साथ ब्लैक पैंट पहनी थी। वहीं ऋतिक की हैवी बियर्ड और लंबे उनके स्वैग में चार चांद लगा रहे थे। ऋतिक के पोनी टेल पर भी कई सोशल मीडिया यूजर्स ने कमेंट किया। ऋतिक के ये फोटोज काफी तेजी से वायरल हुए और कई सेलेब्स ने भी कमेंट किया।

### ऋतिक- सबा के रूमर्स

बता दें कि बीते कुछ वक्त से ऋतिक रोशन का नाम सिंगर– एक्टर सबा आजाद संग जुड़ रहा है। ऋतिक और सबा कई बार साथ में स्पॉटिड हो चुके हैं, वहीं सोशल मीडिया पर भी दोनों एक दूसरे के फोटोज– वीडियोज पर कमेंट करते रहते हैं। इसके साथ ही ऋतिक के परिवार से भी कई लोग सबा पर रिएक्ट कर चुके हैं। सबा, ऋतिक के घर पर प्राइवेट इवेंट भी कर चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों काफी क्लोज हैं लेकिन शादी की जल्दी नहीं करना चाहते हैं।

### कृष 4 और फाइटर में ऋतिक का जलवा

गौरतलब है कि ऋतिक रोशन जल्दी ही फिल्म फाइटर में नजर आएंगे। फिल्म में ऋतिक की जोड़ी दीपिका पादुकोण के साथ बनेगी। बात करें फिल्म फाइटर की तो मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म होगी। इस फिल्म का निर्देशन एक्शन फिल्मों में महारत रखने वाले सिद्धार्थ आनंद करेंगे।

ऋतिक इससे पहले बैंग बैंग और वॉर फिल्म में सिद्धार्थ के निर्देशन में काम कर चुके हैं। फाइटर के अलावा ऋतिक की अपकमिंग लिस्ट में विक्रम वेधा और कृष 4 शामिल हैं।

# मलाइका अरोड़ा को देखने उनके घर पहुंचे अर्जुन कपूर

**नई दिल्ली।** मलाइका अरोड़ा का शनिवार रात में एक्सीडेंट हो गया। एक्ट्रेस पुणे का एक इवेंट अटेंड करने के बाद वापस मुंबई आ रही थीं कि इस बीच उनका रास्ते में एक्सीडेंट हो गया।

एक्सीडेंट के बाद मलाइका को तुरंत अस्पताल लाया गया। ट्रीटमेंट के बाद मलाइका को आज सुबह ही घर लाए हैं। अब अर्जुन को मलाइका के घर स्पॉट किया गया। इस दौरान का वीडियो सामने आया है। वीडियो में आप देखेंगे कि अर्जुन, मलाइका के घर से बाहर आकर अपनी गाड़ी में बैठकर जाते हैं। अर्जुन इस समय काफी सीरियस दिख रहे थे।

वहीं एक और वीडियो सामने आया है जिसमें अमृता अरोड़ा भी मलाइका के घर पर पति और बेटे के साथ पहुंचीं। अमृता ने इस दौरान मीडिया फोटोग्राफर्स को देखकर ग्रीट भी किया। बता दें कि अर्जुन और मलाइका काफी समय से रिलेशनशिप में हैं और दोनों एक–दूसरे को खूब सपोर्ट करते हैं। हालांकि दोनों को कई बार उनके बीच उम्र के फासले को लेकर ट्रोल किया जाता है, लेकिन दोनों ने हमेशा उन ट्रोलर्स की क्लास लगाई है और कभी इस चीज को अपने रिश्ते में नहीं आने दिया।

### गॉसिप करने वालों को अर्जुन ने कहा- जनानी

अर्जुन ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कहा था, लोगों की राय होती हैं क्योंकि उन्हें राय देना पसंद है। भारत में हमें गॉसिप करना पसंद है, हम सब जनानी बन हए हैं।

हम सब ये डिस्कस करना चाहते कि ये कब शादी करेंगे ? दोनों साथ में अच्छे नहीं वगते। आपको लगता है ये रिश्ता चलेगा ? उसने अपने पार्टन में क्या देखा ?

देखो, वो उसे कैसा देख रहा है, करियर बर्बाद हो जाएगा। तो ये सब लोग कहते हैं, ये सब एक शुक्रवार, एक इंटरव्यू में आप खुद को एक्सप्लेन करते हैं। अर्जुन की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह लास्ट फिल्म भूत पुलिस में नजर आए थे। इस फिल्म को मिक्स रिस्पॉन्स मिला था। अब अर्जुन की अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो वह अब एक विलेन रिटर्न्स और कुत्ते में नजर आने वाले हैं।




# फेस को अधिक यंगर बनाने के लिए करें यह फेशियल एक्सरसाइज

मिताली जैन

**प्लैटिस्मा वह मांसपेशी है जो आपकी जॉलाइन को आपके कंधों से जोड़ती है। इस पेशी के ढीले होने से डबल चिन और गर्दन की त्वचा ढीली हो जाती है। इस समस्या को ठीक करने के लिए आप यह एक्सरसाइज करें।**



आज के समय में लोग खुद को चुस्त व तंदरूस्त बनाए रखने के लिए कई तरीके अपनाते हैं। परफेक्ट और स्लिम फिगर पाने के लिए आप घंटों जिम में बिताते होंगे। लेकिन अगर आपका फेस ही चबी हो और उस पर झुर्रियां व रिंकल्स आदि हों तो ऐसे में आपकी एक्सरसाइज का क्या फायदा ? इससे यकीनन आपकी उम्र अधिक नजर आएगी।

बता दें कि शरीर के बाकी हिस्सों की तरह, चेहरे और गर्दन की 57 से अधिक मांसपेशियों को टोन और फिट रहने के लिए व्यायाम की आवश्यकता होती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही फेशियल एक्सरसाइज के बारे में बता रहे हैं, जो आपके फेस को अधिक टोन व यंगर बनाने में मदद करेंगी–

### गर्दन के लिए करें यह एक्सरसाइज

प्लैटिस्मा वह मांसपेशी है जो आपकी जॉलाइन को आपके कंधों से जोड़ती है। इस पेशी के ढीले होने से डबल चिन और गर्दन की त्वचा ढीली हो जाती है। इस समस्या को ठीक करने के लिए आप यह एक्सरसाइज करें। सबसे पहले सीधे खड़े हों या बैठें, और अपने सिर को पीछे की ओर झुकाएं जैसे कि छत की ओर देखना हो।

अपना सिर पकड़ो। अब अपनी जीभ को हल्का उपर की ओर करें। मांसपेशियों के संकुचन के कारण आपको अपनी गर्दन में हल्का झुनझुनी दर्द महसूस होगा। कुछ क्षण ऐसे ही रहें और फिर सामान्य स्थिति में लौट आएं। आप इस एक्सरसाइज के पांच सेट करें।

यह एक्सरसाइज आपकी आईब्रो और माथे के लिए काफी अच्छी मानी जाती है। इसके लिए आप अपनी तर्जनी और मध्यमा उंगलियों को एक साथ अपनी आईब्रो के ठीक उपर रखें। अब अपनी भौंहों को ऊपर और नीचे उठाएं। आप इसे 10 बार दोहराएं। आप इस एक्सरसाइज के पूरे 6 सेट कर सकते हैं।

### करें जिह्वा बंध एक्सरसाइज

यह एक्सरसाइज आपके चेहरे को ना केवल अधिक टोन करती है, बल्कि आपकी जॉलाइन को आकार देने के लिए एकदम सही है। इस एक्सरसाइज का अभ्यास करने के लिए सबसे पहले जमीन पर आराम से बैठ जाएं और अपनी जीभ के उपरी हिस्से को मुंह के अंदर उपर की वॉल पर टच करें। जब तक आप अपनी गर्दन में खिंचाव महसूस न करें तब तक अपनी जीभ को मुंह के उपर की वॉल पर टच करके रखें। इस अभ्यास को चार से पांच बार दोहराएं।

# पार्टी में अपने लुक्स से करना है रॉक तो रवीना टंडन के इन लुक्स से लें आइडिया

मिताली जैन

**अगर आप किसी कॉकटेल पार्टी या फिर नाइट फंक्शन में अपने लुक से रॉक करना चाहती हैं तो ऐसे में आप रवीना टंडन के इस लुक से आइडिया लें। रवीना ने इस लुक में पिंक और गोल्डन टच सीक्वेंस आउटफिट को कैरी किया है, जो उन पर काफी अच्छा लग रहा है।**



जब कहीं पार्टी में जाने की बात होती है, तो महिलाओं के मन में सबसे पहले यही ख्याल आता है कि वह ऐसा क्या पहनें, जो उनसे सबसे खास व अलग बनाए। आमतौर पर, आउटफिट सलेक्ट करते समय महिलाएं अपनी उम्र का ख्याल रखती हैं। अगर महिला की उम्र 40–45 प्लस है, तो अमूमन महिलाएं साड़ी ही पहनना पसंद करती हैं। लेकिन यह जरूरी नहीं है कि आप हर बार खुद को एक ही तरह के लुक्स में बांध लें। अगर आप चाहें तो बेहद ग्रेसफुल तरीके से भी कई अलग–अलग आउटफिट पहन सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको रवीना टंडन के कुछ ऐसे लुक्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप भी पार्टी में रिक्रिएट कर सकती हैं–

### रवीना टंडन गोल्डन आउटफिट

इस लुक में रवीना टंडन ने गोल्डन कलर का आउटफिट कैरी किया है, जिसमें वह बेहद ही स्टनिंग लग रही है। हाई नेक फ्लोर लेंथ आउटफिट के साथ रवीना ने गोल्ड व सिल्वर टोन्ड नेकपीस को स्टाइल किया है। वहीं मेकअप में रवीना ने कोहल आइज और कॉफी ब्राउन लिपस्टिक को कैरी किया है। हेयर को रवीना ने ओपन साइड पार्टिंग लुक दिया है। किसी भी फैमिली फंक्शन में आप इस लुक को रिक्रिएट कर सकती हैं।

### रवीना टंडन सीक्वेंस आउटफिट

अगर आप किसी कॉकटेल पार्टी या फिर नाइट फंक्शन में अपने लुक से रॉक करना चाहती हैं तो ऐसे में आप रवीना टंडन के इस लुक से आइडिया लें। रवीना ने इस लुक में पिंक और गोल्डन टच सीक्वेंस आउटफिट को कैरी किया है, जो उन पर काफी अच्छा लग रहा है। रवीना ने एक्सेसरीज को मिनिमल रखा है, जबकि लिप्स को डीप रेड लुक दिया है। अगर आप रवीना के इस लुक को रिक्रिएट कर रही हैं तो लिपस्टिक शेड को लेकर एक्सपेरिमेंटल हो सकती हैं।

### रवीना टंडन रेड आउटफिट

रवीना टंडन ने इस लुक में रेड कलर के सूट को कैरी किया है। इस फुल स्लीव्स कुर्ती के साथ रवीना ने बॉटम को स्किप किया है और अपने एथनिक लुक को इंडो–वेस्टर्न टच दिया है। वहीं, अपने लुक को और भी खास बनाने के लिए रवीना ने ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी को कैरी किया है। मेकअप में ब्राउन शेड उनके लुक को और भी खास बना रहा है।

# टेम्पर्ड ग्लास लगाते समय बरतें सावधानी नहीं तो पड़ेंगे खतरे में

विंध्यवासिनी सिंह

**ऐसे में बेहद जरूरी है कि टेंपर्ड ग्लास लगाते समय आप कुछ प्रमुख बातों का ध्यान रखिए। देखा जाता है कि लोग एक से बढ़कर एक फोन लेने के लिए खूब पैसा खर्च करते हैं, किंतु वहीं जब टेंपर्ड ग्लास की बात आती है, तो लोग सस्ता जुगाड़ करके खुश हो लेते हैं।**

फोन में टेम्पर्ड ग्लास भला कौन नहीं लगवाता ! ऐसा माना जाता है कि अगर आपका फोन आपके हाथों से गिर जाए या उस पर कोई भारी सामान की चोट पड़ जाए तो कहीं ना कहीं टेम्पर्ड ग्लास आपके फोन के स्क्रीन की सुरक्षा करता है।

वहीं अगर टेंपर्ड ग्लास आपके फोन पर नहीं लगा है, या ठीक से नहीं लगा है या सही क्वालिटी का नहीं लगा है तो यकीन मानिए यह आपके फोन को नुकसान पहुंचाता है।

ऐसे में बेहद जरूरी है कि टेंपर्ड ग्लास लगाते समय आप कुछ प्रमुख बातों का ध्यान रखिए। देखा जाता है कि लोग एक से बढ़कर एक फोन लेने के लिए खूब पैसा खर्च करते हैं, किंतु वहीं जब टेंपर्ड ग्लास की बात आती है, तो लोग सस्ता जुगाड़ करके खुश हो लेते हैं। ऐसे में बेहद जरूरी है कि आप जानिए कि स्क्रीन गार्ड के दो प्रकार होते हैं !

जी हां ! मोबाइल की स्क्रीन के लिए जिस टेम्पर्ड ग्लास का इस्तेमाल करना चाहते हैं, वह दो प्रकार के होते हैं। एक प्लास्टिक का टाइम होता है तो दूसरा ग्लास का टेंपर्ड होता है।

प्लास्टिक वाला टेंपर्ड ग्लास यूं तो बेहद मजबूत होता है और स्क्रीन को बचाता है, लेकिन प्लास्टिक का होने की वजह से इसमें स्क्रैच अपेक्षाकृत जल्दी आ जाते हैं। इसके साथ ही प्लास्टिक के स्क्रीन गार्ड पर थोड़ा धुंधलापन भी आ जाता है और उंगलियों के निशान भी आपको स्क्रीन पर नजर आएंगे। हालांकि मार्केट में ज्यादा प्लास्टिक के ही टेंपर्ड ग्लास चल रहे हैं।

दूसरा है ग्लास का टेंपर्ड, जी हां ! अगर आप फोन कोई स्मूथली चलाना चाहते हैं तो ग्लास का टाइम निश्चित रूप से काफी बेहतर है। इस पर टचस्क्रीन भी बेहद अच्छे से काम करती है।

हालांकि आपको इसकी क्वालिटी पर ध्यान देना पड़ेगा। अगर अच्छी क्वालिटी का ग्लास का टाइम नहीं है तो आपका फोन कहीं ना कहीं आपको परेशान करेगा।

ध्यान दीजिए कि ?100 मिलने वाले टेंपर्ड ग्लास अच्छी क्वालिटी के नहीं होते हैं और यह जल्दी टूट जाते हैं। अच्छी क्वालिटी का टेंपर्ड ग्लास आप लगवाना चाहते हैं तो इसकी कीमत 600 से ?1000 तक हो सकती है।

टेम्पर्ड ग्लास लगाते समय उसके लेयर को भी आप ध्यान से देखें, इसमें ना बहुत ज्यादा पतली परत हो और ना ही बहुत मोटी परत होनी चाहिए।

मोटी परत वाले टेंपर्ड में आपकी फोन का स्क्रीन गार्ड ठीक से काम नहीं करता है और टेक्स्ट में भी काफी समस्या आती है।

एक बात और ध्यान रखने की जरूरत है, कि टेम्पर्ड ग्लास जुगाड़ू मत रखिए, मतलब कि अगर टेंपर्ड ग्लास में अगर कहीं से क्रैक आ गया है तो उसे तुरंत बदल दीजिए।

टूटे हुए टेम्पर्ड ग्लास केवल आपके फोन को नुकसान नहीं पहुंचता है, बल्कि आपकी उंगलियां भी घायल हो सकती हैं। साथी फोन पर टेंपर्ड ग्लास के साथ फ्लिप कवर लगा सकते हैं, तो अवश्य लगाएं इससे डबल सिक्योरिटी मिल सकती है।



लोग कई कई हजार के फोन लते हैं तो कई बार तो लाखों रुपए के फोन आते हैं, तो फिर इतने महंगे फोन में सस्ता टेम्पर्ड ग्लास और जुगाड़ू टेम्पर्ड ग्लास लगाने की क्या जरूरत है। इसीलिए हमारे लेख में बताए गए उपायों को आजमाएं और टेंपर्ड ग्लास से अपने फोन की सुरक्षा को बढ़ाएं।